आषाढ़ कृष्ण पक्ष नवमी 09:49 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 20 जून 2025

वर्ष 3, अंक 300, पृष्ठ 14

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत और क्रोएशिया रक्षा सहयोग के लिए हुए राजी 14

सामाजिक न्याय राष्ट्रीय प्रगति में अहम 12

## कानपुर नगर के सीएमओ निलंबित

- डीएम से चल रहा था विवाद किरकिरी से बचने के लिए राज्य सरकार ने उठाया सख्त कदम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



डॉ.हरिदत्त नेमी।

### डीएम पर लगाए गंभीर आरोप

निलंबन के बाद सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी ने अपने आवास पर प्रेसवार्ता की और जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह व एसीएमओ डॉ.सुबोध प्रकाश यादव के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए। कहा कि वह अपने निलंबन के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर अपना पक्ष रखेंगे।

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी और सीएमओ के बीच विवाद का गुरुवार को पटाक्षेप हो गया। दोनों के विवाद में सियासी द्वंद्व शुरू होने के बाद शासन ने सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी को दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है और उनकी जगह पर श्रावस्ती के एसीएमओ डॉ.उदयनाथ को कानपुर नगर का नया मुख्य चिकित्सा अधिकारी बनाया गया है। डॉ. नेमी को कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं लखनऊ से संबद्ध कर दिया गया है।


डीएम और सीएमओ के बीच विवाद में सतापक्ष के 'माननीय' भी खुलकर सामने आए। यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और दो विधायकों ने जहां सीएमओ के पक्ष में पेशबंदी की, वहीं दो विधायक डीएम के साथ खड़े नजर आए। दो अधिकारियों के विवाद में सियासी पैंतरेबाजी शुरू होने से सरकार की भी किरकिरी शुरू हो गई, जिसके चलते सरकार को कड़ा फैसला लेना पड़ा।

उत्तर प्रदेश चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की सचिव रितु माहेश्वरी की ओर से गुरुवार को जारी निलंबन आदेश में सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी की अनियमितताओं का भी जिक्र किया गया है।

## निजी बिजली कंपनियों से हिस्सेदारी वापस लेगी सरकार

### राज्य सरकार ने नियामक आयोग से मांगी सलाह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



### सलाह देने पर बनेगा अवमानना का मामला

उपभोक्ता परिषद का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यों वाली पीठ जिसमें मुख्य न्यायाधीश शामिल थे, ने केरल स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड बनाम झाबुआ पावर लिमिटेड में निर्णय दिया था कि राज्य सरकार व केंद्र सरकार के निर्देश को विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 108 के तहत राज्य विद्युत नियामक आयोग मानने के लिए बाध्य नहीं है। अगर नियामक आयोग निजीकरण के मसौदे पर धारा 108 पर कोई भी निर्णय लेता है या कोर्ट के निर्णय के विपरीत सलाह देता है तो यह सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का उल्लंघन होगा। ऐसे में नियामक आयोग अवमानना का दोषी होगा।

**अमृत विचार :** राज्य सरकार पांच साल बाद प्रस्तावित निजी बिजली कंपनियों से अपनी हिस्सेदारी वापस लेगी। इस आशय के साथ सरकार ने राज्य विद्युत नियामक आयोग से ऊर्जा निगमों के निजीकरण पर राय मांगी गई है। इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की ओर से इसका विरोध करते हुए कहा गया कि आयोग में विधिक वाद दायर किया गया है। इसमें कहा गया है कि आयोग से सलाह लेना सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन है।

प्रदेश में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की प्रक्रिया चल रही है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने निजीकरण के लिए जो खाका तैयार किया है, उसमें निजी कंपनियों की हिस्सेदारी 51 प्रतिशत व राज्य सरकार की हिस्सेदारी 49 प्रतिशत है। 'ट्रिपल पी' मॉडल के तहत गठित होने वाली निजी कंपनियों में मुख्य सचिव को अध्यक्ष व निदेशक के पदों पर निजी घरानों के प्रतिनिधि शामिल किए जाने का प्रावधान है। सूत्रों के अनुसार निजीकरण प्रक्रिया के तहत ऊर्जा विभाग ने विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 108 के तहत निजीकरण के लिए नियामक आयोग से सलाह मांगी है। आयोग की ओर से इस पर आगे की कार्रवाई जल्द होने की संभावना है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि देश का कोई भी नियामक आयोग इस असंवैधानिक प्रस्ताव को हरी झंडी नहीं दे सकता और न ही कोई भी इस मसौदे के आधार पर निजीकरण कर सकता है। उन्होंने कहा कि वितरण हानियां, बिजली दरें, पावर पर्चेज एग्रीमेंट, इक्विटी को लॉन्ग टर्म लोन में 'कन्वर्ट' करने, शेयर ट्रांसफर, बिजली आपूर्ति में सुधार की योजना आरडीएसएस के खर्चे पर लोन आदि पर सरकार ने भविष्य में नियामक आयोग को निर्देश जारी करने पर भी सलाह मांगी गई।

### पहला टेस्ट मैच

**भारत बनाम इंग्लैंड**

स्थान : हेडिंग्ले स्टेडियम, इंग्लैंड

समय : दोपहर 3:30 से।

प्रसारण : सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क

### एक नजर

#### ईडी के समक्ष पेश हुए अभिनेता डिनो मोरिया

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता डिनो मोरिया मीठी नदी से गाद निकालने से जुड़े 65 करोड़ रुपये के कथित घोटाले से संबंधित धन शोधन जांच के सिलसिले में अपना बयान दर्ज कराने के लिए गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। एक अधिकारी ने बताया कि संघीय एजेंसी द्वारा तलब किए जाने के बाद मोरिया सुबह करीब 10.30 बजे दक्षिण मुंबई के बैलार्ड एस्टेट स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे। अधिकारी ने बताया कि अभिनेता का बयान दर्ज किया जाएगा क्योंकि कुछ वित्तीय लेनदेन कथित तौर पर उनके और कुछ आरोपियों से जुड़े पाए गए हैं।

#### सोनिया गांधी को गंगाराम अस्पताल से छुट्टी मिली

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को पेट से जुड़ी समस्या के उपचार के बाद गुरुवार को सर गंगाराम अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अस्पताल ने बताया कि बीते 15 जून को 78 वर्षीय सोनिया गांधी को इस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के अध्यक्ष डॉ. अजय स्वरूप के अनुसार, सोनिया गांधी की हालत अब स्थिर है।

## स्टांप विभाग में हुए तबादलों की होगी जांच

### मुख्यमंत्री सख्त : 88 उपनिबंधकों ,114 कनिष्ठ सहायकों समेत 202 तबादले निरस्त

- बेसिक शिक्षा, स्वास्थ्य पशुपालन समेत अन्य विभागों में भी खींचतान आई सामने

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** प्रदेश में तबादलों को लेकर मची राजनीतिक और प्रशासनिक खींचतान के बीच ट्रांसफर के नाम पर हुए घोटाले को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संज्ञान में लाया गया है। आरोप हैं कि तबादलों के लिए करोड़ों रुपये की रिश्वत ली गई है।

मामला स्टांप व रजिस्ट्रेशन विभाग में 59 कार्यरत तथा 29 नव-प्रोन्नत उप-निबंधकों और 114 कनिष्ठ सहायकों के स्थानांतरण में अनियमितता का है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री ने सभी स्थानांतरण तुरंत स्थगित करने और प्रकरण की जांच के आदेश दे दिए हैं। किसी भी स्तर का कर्मचारी या अधिकारी हो जांच में दोषी पाए जाने पर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शासन ने स्पष्ट किया है कि अब कोई भी स्थानांतरण आदेश अग्रिम निर्देश तक प्रभावी नहीं होगा। दरअसल, राज्य के तमाम सरकारी विभागों में तबादलों का सिलसिला चल रहा है। इसी कड़ी में स्टाम्प एवं पंजीयन विभाग के महानिरीक्षक निबंधन ने 13 और 14 जून को तीन अलग-अलग आदेशों के तहत 58 उप निबंधकों, 29 नव-प्रोन्नत उप निबंधकों और 114 कनिष्ठ सहायक कर्मचारियों का ट्रांसफर किया गया था। इन तबादलों में भारी अनियमितताओं की शिकायतें सामने आई थीं, जिसके चलते यह मामला सीधे मुख्यमंत्री तक पहुंच गया था।

दरअसल, ट्रांसफर सीजन में बीते दिनों कई विभागों के मंत्रियों और प्रमुखों के बीच खींचतान सामने आ रही थी। इससे पहले बेसिक शिक्षा पशुपालन और स्वास्थ्य विभाग में तबादला प्रक्रिया को लेकर विवाद सामने आ चुका है। इस बीच मुख्यमंत्री स्तर से उठाया गया ताजा कदम इस बात का संकेत है कि जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सरकार किसी भी प्रकार की अनियमितता, भाई-भतीजावाद या भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करेगी। मुख्यमंत्री स्तर से तबादला आदेशों पर रोक और जांच के आदेश के बाद स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग में हड़कंप मचा है। कुछ अधिकारी राहत महसूस कर रहे हैं तो कई अधिकारियों की चिताएं बढ़ गईं हैं। ट्रांसफर के नाम पर रिश्वत लेने इस बात से खौफजदा हैं कि कहीं अब उन पर न कार्रवाई हो जाए।

### उपनिबंधक बना दिए गए इंटरमीडिएट पास

**लखनऊ।** स्टांप तथा पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल ने विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में गुरुवार को पत्रकारों को बताया कि हाल ही में विभाग में उप-निबंधकों तथा कनिष्ठ सहायकों के स्थानांतरण तथा नियुक्ति की तबादला सूची में भारी अनियमितताएं पाई गई हैं। कुछ ऐसे कर्मचारियों को सब-रजिस्टार बना दिया गया जो सिर्फ 12वीं पास हैं, जबकि इस पद पर नियुक्ति के लिए अनुभव, योग्यता और स्पष्ट मापदंड तय हैं। रविंद्र जायसवाल के मुताबिक, हैरानी की बात यह रही कि जिन अधिकारियों पर भ्रष्टाचार की शिकायतें लंबित हैं, उन्हें भी प्रमोट कर बड़े जिलों में भेज दिया गया। कहा कि प्रारंभिक जांच में तबादला प्रकरण में भ्रष्टाचार की बू आ रही है, इसलिए मुख्यमंत्री ने संज्ञान लेते हुए सूची को स्थगित करने के आदेश दिए हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं।

### मनचाहे ट्रांसफर करने वाले जांच के दायरे में

राज्य सरकार के सूत्रों अनुसार, उपनिबंधक का तबादला राज्य स्तर पर मंडलायुक्त (कमिश्नर) की संस्तुति से होता है। ऐसे में अगर इस स्तर पर नियमों की अनदेखी हुई है, तो यह न केवल विभागीय लापरवाही बल्कि भ्रष्टाचार का मामला भी बनता है। सूत्रों के अनुसार, विभाग में गुपचुप तरीके से एक जगह से दूसरी जगह पोस्टिंग के लिए मोटी रकम मांगी जा रही थी। जिन अधिकारियों के हस्ताक्षर और सहमति से संदिग्ध तबादले हुए, उनकी अब भूमिका गहन जांच के दायरे में है।

### आईएएस समीर और भवानी सिंह खंगारौत को पद से हटाया

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने गुरुवार रात दो आईएएस अधिकारियों को प्रतीक्षारत करते हुए दो अन्य को अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया। महानिरीक्षक निबंधन के पद पर तैनात आईएएस अधिकारी समीर वर्मा को प्रतीक्षारत कर दिया गया है। यह जिम्मेदारी अब स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन व परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव अमित गुप्ता अतिरिक्त प्रभार के रूप में संभालेंगे। चिकित्सा विभाग में निदेशक प्रशासन भवानी सिंह खंगारौत को भी प्रतीक्षारत कर दिया गया है। इस पद की जिम्मेदारी अब अतिरिक्त प्रभार के रूप में विशेष सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण आर्यका अखौरी को दी गई है। बीते दिनों चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के मंत्री ब्रजेश पाठक ने मुख्यमंत्री से खंगारौत की कार्यशैली को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। अब प्रमुख सरकारी विभागों में तभी तबादले हो सकेंगे जब मुख्यमंत्री सहमति देंगे। तमाम विभागों की ही तरह स्वास्थ्य महकमे में भी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों की तबादला सूची पर गतिरोध रहा।

## भारत-पाकिस्तान युद्ध रोकने का श्रेय लेने से पीछे हटे ट्रंप

न्यूयॉर्क/इस्लामाबाद, एजेंसी



- कहा-दो समझदार नेताओं ने लिया था सैन्य संघर्ष रोकने का निर्णय

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के दो बहुत समझदार नेताओं ने एक ऐसे युद्ध को रोकने का निर्णय लिया जो परमाणु युद्ध में बदल सकता था। पिछले कुछ हफ्तों में यह पहली बार है जब ट्रंप ने दोनों पड़ोसी देशों के बीच संघर्ष रोकने का श्रेय खुद नहीं लिया है।

ट्रंप ने बुधवार को व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर की दोपहर के भोजन पर मेजबानी करने के बाद ओवल कार्यालय में मीडिया से बातचीत में ये टिप्पणियां कीं। ट्रंप द्वारा बुधवार को की गई यह टिप्पणी उनके उन दावों से अलग है, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति ने कई बार भारत-पाकिस्तान युद्धविराम समझौते में मध्यस्थता करने का दावा किया था। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने ईरान-इजराइल संघर्ष से उत्पन्न स्थिति पर पाकिस्तानी सेना के प्रमुख के साथ चर्चा की। ऐसी अटकलें हैं कि वाशिंगटन तेहरान पर हमला करने की स्थिति में पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल करने पर विचार कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भी जमकर प्रशंसा की तथा मंगलवार रात को उनके साथ फोन पर हुई बातचीत का भी जिक्र किया।

### छात्रों के लिए वीजा प्रक्रिया फिर होगी शुरू

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश विभाग ने बुधवार को कहा कि वह छात्र वीजा के लिए आवेदन करने वाले विदेशी विद्यार्थियों के लिए निलंबित प्रक्रिया को फिर से शुरू कर रहा है, लेकिन अब सभी आवेदकों को अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'अनलॉक' रखने होंगे। वाणिज्य दूतावासों के अधिकारी संदिग्ध पोस्ट और संदेशों पर नजर रखेंगे।

## यूपीएससी ने की प्रतिभा सेतु पहल की शुरुआत

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने एक रणनीतिक पहल शुरू की है, जो केंद्र सरकार और निजी क्षेत्र सहित सत्यापित नियोक्ताओं को देश की सबसे प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की शीर्ष प्रतिभाओं से जुड़ने का अवसर मुहैया करेगी। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि यूपीएससी की 'प्रतिभा सेतु', जिसे पहले सार्वजनिक प्रकटीकरण योजना (पीडीएस) के नाम से जाना जाता था, उन गैर-अनुशंसा वाले इच्छुक अभ्यर्थियों के विवरण उपलब्ध कराती है, जो आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं के सभी चरण में उत्तीर्ण हो गए, लेकिन अंतिम मेधा सूची में जगह नहीं बना पाए।

यूपीएससी ने एक आधिकारिक नोट में कहा कि यह नियोक्ताओं को गैर-अनुशंसित इच्छुक अभ्यर्थियों का चयन करने के लिए एक मंच प्रदान करता है, जो अनुशंसित अभ्यर्थियों के समान ही मेधावी होते हैं। साथ ही, यह यूपीएससी अभ्यर्थियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का एक और अवसर होगा।

## न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को हटाने का प्रस्ताव

नई दिल्ली, एजेंसी

- नकदी विवाद : जांच समिति की रिपोर्ट में कदाचार साबित

दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से जले नोटों की कथित बरामदगी की जांच कर रही समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि न्यायमूर्ति वर्मा और उनके परिवार के सदस्यों का उस स्टोर रूम पर गुप्त या सक्रिय नियंत्रण था, जहां से बड़ी मात्रा में अधजली नकदी मिली थी।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इससे न्यायमूर्ति वर्मा के कदाचार का पता चलता है, जो इतना गंभीर है कि उन्हें (न्यायाधीश को) हटाया जाना चाहिए। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शील नागू की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्यीय समिति ने 10 दिनों तक मामले की पड़ताल की, 55 गवाहों से पूछताछ की और न्यायमूर्ति वर्मा के आधिकारिक आवास पर 14 मार्च को रात करीब 11.35 बजे लगी आग के परिप्रेक्ष्य में घटनास्थल का दौरा भी किया। न्यायमूर्ति वर्मा उस समय दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश थे और उनका तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट में कर दिया गया था। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पूर्व सीजेआई ने महाभियोग चलाने की सिफारिश की है।

## इजराइल से भारतीयों को निकालने का फैसला

**नई दिल्ली।** भारत ने अपने उन नागरिकों को इजराइल से निकालने का फैसला किया है जो ईरान के साथ जारी संघर्ष के कारण इजराइल में उत्पन्न सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर वहां से निकलना चाहते हैं। इजराइल के बीरशेबा इलाके में एक अस्पताल पर ईरानी मिसाइल के हमले के कुछ घंटों बाद भारत ने अपने नागरिकों को निकालने का फैसला किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इजराइल और ईरान के बीच हाल में हुए घटनाक्रम के मद्देनजर, भारत सरकार ने उन भारतीय नागरिकों को इजराइल से निकालने का फैसला किया है जो वहां से वापस आना चाहते हैं।

मंत्रालय ने कहा कि वापस आने के इच्छुक भारतीयों को पहले इजराइल की भूमि सीमा के माध्यम से और उसके बाद हवाई मार्ग से भारत लाया जाएगा। भारत ने बुधवार को ईरान से अपने नागरिकों को निकालने के लिए 'ऑपरेशन सिंधु' शुरू करने की घोषणा की, क्योंकि इजराइल-ईरान के बीच संघर्ष कम होने का कोई संकेत नहीं दिखा।

(संबंधित पेज-14)

## बिहार पुलिस भर्ती परीक्षा घोटाले में कई राज्यों में ईडी ने की छापेमारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- कोलकाता में एक प्रिंटिंग प्रेस पर भी मारे गए छापे

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार में 2023 में कांस्टेबलों की भर्ती में कथित घोटाले की धनशोधन जांच के सिलसिले में गुरुवार को कई राज्यों में छापेमारी की।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बिहार के पटना और नालंदा, रांची (झारखंड), लखनऊ (उत्तर प्रदेश) और कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में एक दर्जन स्थानों पर कार्रवाई की जा रही है। ये ठिकाने एजेंट, प्रश्नपत्र लीक कराने वाले गिरोह के सदस्यों और उनके सहयोगियों से जुड़े हैं। कोलकाता में एक प्रेस पर भी छापा मारा गया जहां प्रश्नपत्रों की छपाई हुई थी। सूत्रों ने बताया कि इस घोटाले को अंजाम देने वाले लोग वही हैं जो 2024 में नीट यूजी के प्रश्नपत्र लीक घोटाले के आरोपी हैं।

बिहार पुलिस कांस्टेबल 2023 भर्ती का उद्देश्य बिहार पुलिस की विभिन्न इकाइयों में 21,391 रिक्तियों को भरना था। यह परीक्षा 1 अक्टूबर, 2023 को बिहार के 37 जिलों में 529 केंद्रों पर आयोजित की गई थी, जिसमें 18 लाख से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए थे। परीक्षा के पेपर लीक होने के आरोपों के बाद, इसे उसी वर्ष 3 अक्टूबर को राज्य केंद्रीय कांस्टेबल चयन बोर्ड (सीएसबीसी) द्वारा रद्द कर दिया गया था। धन शोधन का मामला बिहार पुलिस की कुछ प्राथमिकियों से उपजा है। ईडी को इस मामले में धनशोधन का संदेह है क्योंकि एजेंटों के एक गिरोह ने प्रश्नपत्र लीक करके और इसे उम्मीदवारों को बेचकर 'अपराध से आय' (अवैध धन) अर्जित की और उम्मीदवारों द्वारा दिए गए धन का इस्तेमाल निजी संपत्ति बनाने के लिए किया। बिहार के कुछ पुलिस अधिकारी भी ईडी की जांच के दायरे में हैं।

## बड़ागांव तिहरे हत्याकांड में 12 दोषियों को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

- प्रधानी चुनाव की रंजिश में हुई थी तीन की हत्या, चार लोग हुए थे घायल, नौ साल बाद आया फैसला

**अमृत विचार:** महोली क्षेत्र के बड़ागांव में 26 जून 2015 को प्रधानी चुनाव की रंजिश में हुए तिहरे हत्याकांड में अदालत ने गुरुवार को फैसला सुनाते हुए 12 आरोपियों को दोषी ठहराया। विशेष न्यायाधीश संजय त्रिपाठी की अदालत ने सभी दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही हर दोषी पर 60-60 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

मामले में नौ साल तक चली लंबी सुनवाई के बाद यह फैसला आया है। घटना महोली कोतवाली क्षेत्र के बड़ागांव चौराहे की है, जहां 2015 में प्रधानी चुनाव की तैयारियां जोरों पर थीं। इसी दौरान मौजूदा प्रधान हरिवंश सिंह और उनके प्रतिद्वंद्वी जितेंद्र मिश्रा के बीच वर्चस्व को लेकर तनातनी चल रही थी। विवाद उस समय खूनी संघर्ष में बदल गया जब दोनों पक्षों के बीच आमने-सामने फायरिंग हो गई। गोलीबारी में प्रधान पद के दावेदार जितेंद्र मिश्रा (33), उनके परिजन लालजी मिश्रा (48) और सुंदरलाल (40) की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। चौंकाने वाली बात यह रही कि यह घटना बड़ागांव पुलिस चौकी के सामने हुई थी। अदालत ने जिन 12 लोगों को दोषी ठहराया, उनमें हरिवंश सिंह, उसके पुत्र रवि सिंह, जीतू सिंह, अमर बहादुर सिंह, बृजेश सिंह, कुंवर बहादुर सिंह, राजेश मिश्रा समेत अन्य हैं। सभी को हत्या, हत्या की साजिश, बलवा और शस्त्र अधिनियम के तहत दोषी माना गया है।

## अब बिना ओटीपी नहीं मिलेगा टेक होम राशन

### सरकार सख्त, पात्रों तक ही पहुंचेगा राशन, जुलाई तक पूरी तरह लागू होगी ओटीपी व फेस रिकग्निशन सिस्टम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



### अगस्त से नए लाभार्थियों के लिए एफआरएस अनिवार्य

टेक होम राशन के लिए राज्य के फंड केवल एफआरएस पंजीकृत लाभार्थियों को ही जारी किए जाएंगे। साथ ही, 1 अगस्त 2025 से नए लाभार्थियों के लिए एफआरएस अनिवार्य होगा। योगी सरकार के इस कदम को कुपोषण के खिलाफ एक क्रांतिकारी कदम माना जा रहा है। एफआरएस का पायलट चरण अगस्त 2024 में कानपुर नगर के बिधनू और सरसौल प्रोजेक्ट्स में शुरू हुआ। मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों के तहत इसे 14 नवंबर 2024 तक पूरे प्रदेश में लागू कर दिया गया। 13 जून 2025 तक के आंकड़ों के अनुसार, 1.18 करोड़ पात्र लाभार्थियों के ई-केवाईसी का कार्य पूरा करना है। कानपुर नगर जैसे जिले 45.34 प्रतिशत प्रगति के साथ अग्रणी हैं।

**अमृत विचार :** कुपोषण के खिलाफ लड़ाई में धांधली रोकने को लेकर भी योगी सरकार सख्त हो गई है। 1 जुलाई तक शत-प्रतिशत 1.18 करोड़ लाभार्थियों को ओटीपी व फेस रिकग्निशन प्रणाली के जरिए ही मुफ्त राशन मिल सकेगा।

टेक होम राशन (टीएचआर) की सही डिलीवरी गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों व 6 महीने से 6 साल तक के बच्चों को सुनिश्चित की जाएगी। पोषण ट्रैकर में एफआरएस दो-स्तरीय प्रमाणीकरण प्रणाली है, जिसमें चेहरे की पहचान और ओटीपी का उपयोग होता है। लाभार्थी की फोटो को आधार से जुड़े ई-केवाईसी के साथ मिलाया जाता है और उनके रजिस्टर्ड मोबाइल पर भेजकर ओटीपी आंगनबाड़ी केंद्र पर सत्यापित किया जाता है। यूपी में 2024 से शुरू हुई इस योजना में एफआरएस प्रणाली को 1 जुलाई 2025 तक प्रदेश में शत-प्रतिशत लागू करने का मुख्यमंत्री की ओर से निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलाधिकारियों को शत-प्रतिशत एफआरएस के लिए ब्लॉक और पंचायत स्तर पर कैंप आयोजित करने, रोजाना प्रगति की निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य विकास अधिकारियों को रोजाना इसकी समीक्षा करने को कहा गया है। योगी ने जोर देकर कहा है कि एफआरएस को तेजी से लागू करना कुपोषण मुक्त उत्तर प्रदेश के विजन का हिस्सा है।


बारिश के दौरान सड़कों पर बहा पानी, हेडलाइट जलाकर चले वाहन। अमृत विचार


पहली बारिश में लोगों ने भीगने का आनंद लिया। अमृत विचार


बारिश के दौरान खलवा पुल पर लगाई गई बैरीकेडिंग। अमृत विचार

# पहली बारिश में ही सड़कों पर बजबजाई सिल्ट

## अधूरी नाला सफाई के बीच बारिश होने से सीसामऊ, साकेत नगर में सड़क तक फैली गंदगी, कीचड़ पर रपटे राहगीर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में मानसून पहुंचने के साथ ही गुरुवार शाम को शहर में बारिश हुई। करीब एत घंटे की बारिश में शहर की कई सड़कों पर पानी भर गया। नालों की सफाई के बीच ही बारिश से सिल्ट बहकर सड़कों पर आ गई. जिससे राहगीरों को निकलने में दिक्कत हुई। सीसामऊ और साकेन नगर सब्जी मंडी के पास सिल्ट से समस्या खड़ी हो गई। इसके साथ ही कई और स्थानों पर भी बारिश का पानी भरा। जूही खलवा पुल पर पानी तो नहीं भरा, लेकिन एहतियातन कुछ देर के लिए दोनों ओर से बैरीकेडिंग कर आवागमन रोक दिया गया।

मौसम विभाग के अनुसार रात 8 बजे तक 12.7 मिमी. बारिश दर्ज की गई। मानसून से पहले नगर निगम ने 8 करोड़ से शहर के नालों की सफाई करा रहा है। यह कवायद हर साल इसलिए की जाती है, ताकि बारिश में जलभराव न हो लेकिन हर बार की तरह इस बार भी सिर्फ खानापूरी कर नाला सफाई हो रही है। नालों की आधी-अधूरी सफाई में जगह-जगह सिल्ट सड़क किनारे छोड़ दी है। इससे तेज बारिश में सिल्ट के दोबारा बहकर नालों में जाने की आशंका है।

नाला सफाई में लापरवाही की वजह से जलभराव बढ़ सकता है। गुरुवार शाम मानसून की पहली बारिश में नगर निगम के नाला सफाई की पोल खुल गई। सीसामऊ नाले के पास कई टन एकत्र सिल्ट फिर नाले में बहती रही। शास्त्रीनगर, विजस नगर, गोविंदनगर, साकेत नगर सहित कई मोहल्लों में सफाई कार्य पूरा नहीं हो सका, जिस कारण इन इलाकों में हल्का जलभराव हो गया।


इंतजार के बाद भी बारिश बंद न होने पर वाहनों से निकले लोग। अमृत विचार

> लगभग सभी नालों की सफाई हो गई है। अब बारिश से पूर्व एक बार और कार्य कराया जा रहा है, ताकि सिल्ट उठान के साथ जहां कुछ कमी रह गई हो तो उसे भी साफ करा दिया जाए।
>
> –एसएफए जैदी मुख्य अभियंता, नगर निगम

**14.7** मिलीमीटर बारिश से सड़कों पर भरा पानी

- एहतियातन बैरीकेड लगाकर कुछ देर बंद किया खलवा पुल

### दिन भर धूप, शाम की बारिश से मौसम हुआ सुहाना

- **कानपुर।** गुरुवार को दिन भर धूप की तपिश के बाद शहर में मॉनसून की पहली बारिश ने तपिश भरी गर्मी से शहरवासियों को राहत दी। पहली बारिश को मौसम विभाग के अनुसार 14 .7 मिमि रिकॉर्ड किया किया। विशेषज्ञों ने बताया कि रविवार तक शहर में रुक–रुक कर 30 मिमि के आसपास बारिश की प्रबल संभावना है। शहर को बारिश ज्यादातर रात के समय सराबोर करेगी। प्रदेश में मॉनसून के दस्तक देने के दूसरे दिन ही शहर में बदलों ने अपना असर दिखा दिया। हालांकि मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि फिलहाल शहर में मॉनसून के बादलों ने अपना पूरा असर नहीं दिखाया है। विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि रविवार के बाद शहर में तेज बारिश संभव हो सकती है। सीएसए विवि के मौसम विशेषज्ञ डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि शहर में पांच दिनों मे हल्के बादल रहने की वजह से 22 जून तक तेज हवाओं, गरज़ चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा रहने की संभावना है।

# वर्ल्ड रैंकिंग में आईआईटी 222वें स्थान पर पहुंचा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पिछली रैंकिंग के मुकाबले 41 स्थान की बढ़त हासिल की

**अमृत विचार।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर ने क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग- 2026 में वैश्विक स्तर पर उपस्थिति दर्ज कराई है। आईआईटी कानपुर ने विश्व के अव्वल संस्थानों की लिस्ट में 222वी रैंक हासिल की है। गुरुवार को जारी क्यूएस (क्वाक्वेरेली साइमंड्स) की ओर से विश्वविद्यालय वर्ल्ड रैंकिंग जारी की गई। जिसमें संस्थान ने पिछले स्थान से 41 स्थान की बढ़त हासिल की है।

पिछले वर्ष संस्थान ने 263वीं रैंक हासिल की थी। इस बार संस्थान ने सभी श्रेणियों में उत्कृष्टता को दर्शाया है। आईआईटी कानपुर को पिछले साल ओवरआल 39.3 अंक मिले थे जबकि इस बार 14.4 अंकों की बढ़त के साथ ही ओवरआल 53.7 अंक मिले हैं। साइटेशन पर फैकल्टी 84.1, शैक्षणिक प्रतिष्ठा (एकेडमिक रेप्युटेशन) में 49.4, संकाय छात्र अनुपात (फैकल्टी स्टूडेंट रेशियो) में 16.1, नियोक्ता प्रतिष्ठा (इम्पलायर रेप्युटेशन) में 82.7, रोजगार परिणाम (इंप्लायमेंट आउटकम) में 47.6 अंक मिले हैं। वहीं, अंतरराष्ट्रीय छात्र अनुपात (इंटरनेशनल स्टूडेंट रेशियो) 1.4, अनुसंधान नेटवर्क (रिसर्च नेटवर्क) में 42.1, फैकल्टी रेशियो में 3.1, छात्र विविधता (स्टूडेंट डायवर्सिटी) 5.8 अंक, सस्टेनेबिलिटी में 74.7 अंक मिले हैं।

## सार-संक्षेप



जीत के बाद आनंदेश्वर पॉलीपैक टीम। अमृत विचार

### फाइनल मुकाबले में कप पर आनंदेश्वर पॉलीपैक का कब्जा

**कानपुर।** कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन (केसीए) से आबद्ध वंडर्स क्रिकेट क्लब का द्वितीय दीबा नसीम खान स्मारक अंडर–14 का फाइनल मुकाबला गुरुवार को खेला गया। रोमांचक मुकाबले में आनंदेश्वर पॉलीपैक ने आदित्य किचन गैलरी को 43 रन से हराया। प्लेयर ऑफ द मैच राजवीर मल्होत्रा रहे। किदवई नगर साउथ मैदान पर खेले गए फाइनल मुकाबले में आनंदेश्वर पॉलीपैक ने 35 ओवर में 5 विकेट पर 192 रन बनाए। टीम के तनुष अवस्थी ने 64, राजवीर मल्होत्रा ने 53 रन की पारी खेली। गेंदबाजी में सम्राट विक्रम ने दो विकेट झटके। जवाब में आदित्य किचन गैलरी ने 34 .2 ओवर में 149 रन ही बना सकी। अखंड त्रिपाठी ने 68 रन की पारी खेली। गेंदबाजी में हर्षवर्धन ने तीन, मो. उमैर ने दो को आउट किया। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज राजवीर मल्होत्रा, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज गोविंद गुप्ता, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट माधव गुप्ता रहे। विजेता टीम को मुख्य अतिथि संजीव दीक्षित, केसीए अध्यक्ष एसएन सिंह ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। संचालन दिनेश कटियार ने किया। इस मौके पर कौशल कुमार सिंह, पीएस नेगी, विशाल भटनागर, हिमांशु तिवारी, माजिद खलील आदि रहे।

### पुलिस ने राहुल गांधी का जन्मदिन मनाने से रोका

**कानपुर।** कांग्रेस ग्रामीण ने गुरुवार को राहुल गांधी का जन्मदिन आजाद नगर कच्ची बस्ती में मलिन बस्ती के परिवारों के साथ केक काटकर मनाया। बस्ती के बच्चों को मिष्ठान व फल वितरित किया। कांग्रेस नगर ग्रामीण जिलाध्यक्ष संदीप शुक्ला ने कहा कि राहुल गांधी ने पूरे भारत में प्रेम बंधुत्व और करुणा की मिशाल पेश की है। जन्मदिन पर कच्ची बस्ती में टेंट लगाकर तैयारी शुरू की तो नवाबगंज थाने की पुलिस ने परमीशन न होने की बात कहकर कार्यक्रम रोकना चाहा। कांग्रेसियों व पुलिस के बीच तकरार हुई। पुलिस को वापस लौटना पड़ा।


बच्चों को बैटिंग के गुर सिखाते पीयूष चावला। अमृत विचार

# पीयूष चावला ने खिलाड़ी बच्चों को दिए जरूरी टिप्स

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गेंदबाजी एक्शन, रन-अप, लाइन-लेंथ और मानसिक संतुलन पर दी सलाह

**अमृत विचार।** टीम इंडिया के पूर्व स्टार स्पिनर व वर्ल्ड कप विजेता पीयूष चावला गुरुवार की सुबह आर्यनगर स्थित द स्पोर्ट्स हब (टीएसएच) में खिलाड़ियों से मिले। उन्होंने क्रिकेट कैंप के पहले दिन खिलाड़ियों को मैदान पर खेल के टिप्स दिए। तकनीक और अनुशासन पर केंद्रित सीख दी। उन्होंने कहा कि सपना बड़ा और मेहनत लगने के साथ की जाए तो खिलाड़ी इंटरनेशनल लेवल तक पहुंच सकता है।

कानपुर के युवा खिलाड़ियों के लिए पीयूष चावला ने कहा कि इनमें गजब का क्रिकेट टैलेंट है। सिर्फ सही मार्गदर्शन व मेहनत की जरूरत है। उन्होंने टीएसएच के कैंप की तारीफ की और कहा कि यहां खिलाड़ियों को एक नई दृष्टि, अनुभव और दूसरों के सामने प्रदर्शन के लिए मजबूत किया जाता है। जिससे वह आगे जाकर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन कर सके। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को बताया कि मैदान पर समय बिताना, खेल को सीखना और हर तकनीकी गलती पर काम करना ही अच्छे खिलाड़ी की पहचान है। टीएसएच में पहले दिन प्रशिक्षण सत्र में पीयूष चावला ने गेंदबाजी एक्शन, रन-अप, लाइन-लेंथ और मानसिक संतुलन पर चर्चा की। उन्होंने बच्चों के सवालों का जवाब दिया। उन्होंने टीएसएच में 75 अल्प आय वर्ग के बच्चों को निशुल्क प्रशिक्षण देने को सच्ची खेल भावना बताया। प्रशिक्षण के बाद खिलाड़ियों और अभिभावकों में उत्साह दिखा। यह प्रशिक्षण दो दिन तक और चलेगा। जिसमें पीयूष मैदान पर खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करेंगे। टीएसएच के मुख्य कोच शशिकांत खांडेकर और पूर्व रणजी खिलाड़ी मो. आमिर भी प्रशिक्षण की जिम्मेदारी संभालेंगे।

## बारिश हुई आधा घंटा बत्ती गुल रही 5 घंटे

**कानपुर।** शहर में बिजली का आलम ये है गुरुवार शाम को बारिश आधा घंटा हुई, लेकिन बिजली चार से पांच घंटे गुल रही। साकेत नगर, अनवरगंज, दर्शन पुरवा, अफीम कोठी, परमपुरवा, पांडु नगर, गंगापुर कॉलोनी, यशोदा नगर, बर्रा विश्व बैंक के ब्लाक, चेतना बिल्डिंग सिविल लाइन, ओम नगर, शास्त्री चौक, नवीन नगर, काकादेव, धनकुट्टी, शिवाला, कमला टॉवर, खास बाजार, बसंत विहार, नौबस्ता अंधेरे में डूबे रहे।

# ग्रीन पार्क में होगा सामूहिक योग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सफाई और पानी की व्यवस्था के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर तैयारियों के संबंध में गुरुवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बैठक ली। पार्किंग व पेयजल व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। जिला वासियों से भारी संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की।

जिलाधिकारी ने बताया कि योग दिवस एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य पर आधारित होगा। सुबह 5.30 बजे स्टेडियम में लोगों का आगमन होगा। 6 बजे मुख्य अतिथियों के आगमन के बाद सात से 7.45 बजे तक योग अभ्यास किया जाएगा। जिलाधिकारी ने ग्रीनपार्क में साफ-सफाई के लिए अपर नगर आयुक्त को पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने का निर्देश दिए। पेयजल व्यवस्था के लिए पानी के टैंकर की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को स्टेडियम परिसर में एंबुलेंस और मेडिकल हेल्थ कैंप लगाने का निर्देश दिया। इसके अलावा जिलाधिकारी ने एडीएम सिटी को स्टेडियम में पार्किंग व्यवस्था के निर्देश दिए। स्टेडियम में प्रवेश के लिए साइनेज लगाने को कहा। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील किया कि योग दिवस में काफी संख्या में प्रतिभाग करें। प्रतिभाग करने वाले युवाओं व बच्चों को जिला प्रशासन की ओर से प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा।

# गोविंद नगर में नालियां चोक, सड़क पर गंदगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने नाला सफाई और गंदगी की खबरों का लिया संज्ञान
- गोविंद नगर, साकेत नगर, पनकी सुंदर नगर का किया औचक निरीक्षण

**अमृत विचार।** नाला सफाई में लापरवाही और गंदगी की खबरों का नगर आयुक्त ने संज्ञान लिया है। गुरुवार को गोविंद नगर के औचक निरीक्षण में नालियां जाम मिलीं। इसके साथ ही सड़कों पर गंदगी मिली, जिस पर नगर आयुक्त ने जिम्मेदारों को जमकर फटकार लगाई और समस्याओं को तुरंत ठीक करने के निर्देश दिए।

अपर नगर आयुक्त प्रथम मो. आवेश, चीफ इंजीनियर ( सिविल ) एसएफए जैदी और जोनल अभियंता, जोनल स्वच्छता अधिकारियों के साथ नगर आयुक्त सबसे पहले जोन-5 स्थित गोविन्द नगर 7 ब्लॉक कोला वाली गली पहुंचे। यहां नाली का मुआयना किया, जिसमें गंदगी मिली। नगर आयुक्त ने नाराजगी जाहिर करते हुये जोनल अभियंता को तत्काल तकनीकी रूप से नाली का सुधार करने के निर्देश दिए। गंदगी देखकर नगर स्वास्थ्य अधिकारी से कहा कि स्वच्छता एवं खाद्य निरीक्षक के विरुद्ध कार्रवाई करें।

जोनल अधिकारी को निर्देश दिए कि अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाएं। साकेत नगर फलमंडी के पास नाला सफाई का कार्य पाया गया। नाले की सिल्ट मुख्य मार्ग तक फैली पाई गई, जिस पर नगर आयुक्त ने मुख्य अभियंता को जोनल अभियंता जोन- 3 को कारण बताओ नोटिस निर्गत करने के निर्देश दिए। नाले की सिल्ट उठान निरन्तर की जाए, ताकि रोड पर गंदगी न फैले। यहां रोड के किनारे गंदगी देखकर जोनल स्वच्छता अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई। नगर आयुक्त ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जोनल स्वच्छता अधिकारी-3 के विरुद्ध कार्यवाही की जाए। नगर आयुक्त ने सुंदर नगर से पनकी मंदिर तक 2 किमी. में बने पक्के नाले का भी निरीक्षण किया गया। जोनल अभियंता जोन – 5 को निर्देशित किया कि नाले में फ्लोटिंग मैटेरियल रोकने के लिये जाली लगाई जाए। सुंदर नगर रेलवे लाइन के किनारे गोबर व कचरे का ढ़ेर मिला। नगर स्वास्थ्य अधिकारी को सफाई एवं खाद्य निरीक्षक के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।


नगर आयुक्त ने गुरुवार को औचक निरीक्षण कर हकीककत देखी। अमृत विचार

**कामयाबी** यह सर्जरी लीवर ट्रांसप्लांट सर्जरी की दिशा में ऐतिहासिक कदम, 30 मिनट तक चला ऑपरेशन

# जीएसवीएम में यकृत हेमांगीओमा का सफल ऑपरेशन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 15 वर्षों से पेट में दर्द की समस्या से पीड़ित एक महिला का जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के सर्जरी विभाग में जटिल ऑपरेशन किया गया। वह विशाल यकृत हेमांगीओमा यानी लिवर में असामान्य रूप से चौड़ी रक्त वाहिकाओं से बने गैर-कैंसरयुक्त ट्यूमर की समस्या से पीड़ित थी, जिसे डॉक्टर सटीक रूप से पकड़ नहीं पा रहे थे। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में न सिर्फ इसका ऑपरेशन किया गया, बल्कि चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

हमीरपुर की 51 वर्षीय महिला को कई जगह इलाज कराने के बाद जब आराम नहीं मिला तो वह बीते दिनों जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के हैलट अस्पताल पहुंची, यहां पर महिला के लिवर में असामान्य रूप से चौड़ी रक्त वाहिकाओं से बने गैर-कैंसरयुक्त ट्यूमर की जानकारी हुई, जिसकी सर्जरी विभाग में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने डॉ.आरके जौहरी, डॉ.अभिषेक गौंड, डॉ. सचिन कुमार, डॉ. कविता सिजवाली और डॉ. कमल राज ने ऑपरेशन किया, जो तीन घंटे 30 मिनट तक चला। प्रो. संजय काला ने बताया कि महिला के यकृत के सेगमेंट 6 और 7 में स्थित एक अत्यंत विशाल हेमांगीओमा (80x85 मिमी आकार) का सफल ओपन ऑपरेशन किया गया है। इसमे नई दिल्ली मैक्स हॉस्पिटल के लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. वासुदेवन की भी मदद ली गई। इस संवेदनशील सर्जरी में अत्याधुनिक उपकरण जैसे क्लैविट्रॉन अल्ट्रासोनिक सर्जिकल एस्पिरेटर और आर्गन लेजर का इस्तेमाल किया गया, जिनकी सहायता से हेमांगीओमा को सटीकता और सुरक्षा के साथ हटाया गया। इतने बड़े और जटिल ऑपरेशन के दौरान सिर्फ 1 यूनिट रक्त की आवश्यकता पड़ी, अधिक रक्तस्राव नहीं हुआ। मरीज की स्थिति अब पूरी तरह स्थिर है। इस सर्जरी में एनेस्थीसिया टीम का विशेष रूप योगदान रहा। डॉ. वीणा, डॉ. शैलेन्द्र, डॉ. मुदिता, डॉ. शिवम, डॉ. मुकेश और डॉ. अमित की टीम ने ऑपरेशन के दौरान मरीज की शारीरिक स्थिरता और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उत्कृष्ट कार्य किया।


महिला का ऑपरेशन करने के बाद कक्ष में मौजूद प्राचार्य प्रो. संजय काला, डॉ.आरके जौहरी व सर्जन डॉ. वासुदेवन। अमृत विचार

### लिवर ट्रांसप्लांट की ओर बढ़ रहे कदम

प्रो. संजय काला के मुताबिक इस उपलब्धि ने न केवल एक मरीज को नई जिंदगी दी, बल्कि यह भी दर्शाया कि जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज अब जटिल यकृत शल्य चिकित्सा व भविष्य के लिवर ट्रांसप्लांट कार्यक्रमों के लिए पूरी तरह तैयार है। यह सर्जरी न केवल संस्थान की चिकित्सीय दक्षता का प्रमाण है, बल्कि सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था में गुणवत्ता और समर्पण के अद्भुत समन्वय का भी प्रतीक है। आने वाले समय में यह उपलब्धि और कई जटिल सर्जरी की राह खोलने वाली साबित होगी, जिससे उत्तर भारत में जटिल हेपेटोबिलियरी सर्जरी की नई परिभाषा गढ़ी जाएगी।

## कार की टक्कर से महिला की मौत

**कानपुर।** मसवानपुर में स्कूटी से दवा लेने जा रही महिला को कार ने टक्कर मार दी। परिजनों ने नर्सिंग होम में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने कार कब्जे में ली है।

रावतपुर के मसवानपुर निवासी साधना श्रीवास्तव (50) मंगलवार शाम स्कूटी से दवा लेने जा रही थी। उनके पति जितेंद्र श्रीवास्तव की मौत हो चुकी है। परिवार में बेटी मीनाक्षी है, जिसकी शादी हो चुकी है। वह मां की देखरेख करती है। उनके दामाद अमृत सिन्हा ने बताया कि दवा लेने जाते समय तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी थी, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। समीप के नर्सिंग होम में भर्ती कराया था, जहां बुधवार रात मौत हो गई। रावतपुर पुलिस ने बताया कि कार कब्जे में ली है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मेरा नाम कृष्ण कुमार पुत्र रामप्रसाद है मुझे छन्नू नाम से भी जाना पहचाना जाता है भविष्य में कृष्ण कुमार नाम से ही जाना जायेगा । **पूर्वी बाजार कछौना हरदोई**

**सूचना**
मै **रमेश कुमार पुत्र बाबूराम रस्तोगी निवासी 224/62 पंजाबी टोला राजाबाजार लखनऊ** का हूँ। आधार न0 321479018688, जन्म तिथि 6/4/1944 है। मैं शपथ पूर्वक बयान करता हूँ कि मेरे कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम रमेश चन्द्र रस्तोगी अंकित है। रमेश कुमार एवं रमेश चन्द्र रस्तोगी एक ही व्यक्ति के नाम है। मुझे रमेश कुमार के नाम से ही भविष्य में जाना पहचाना जाए।

**सूचना**
सूचित है कि बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा–गोविन्द नगर, कानपुर नगर के खाते में मेरा नाम नूर हाशमी अंकित है जबकि मेरा सही नाम नूर हाशमी अंसारी है जो कि मेरे आधार कार्ड में दर्ज है। अत: बैंक के दस्तावेजों में मेरा नाम नूर हाशमी के स्थान पर नूर हाशमी अंसारी अंकित किया जाये। **नूर हाशमी अंसारी पुत्री स्व0 मोहम्मद अयूब निवासिनी – 34/11 जूही लाल कालोनी कानपुर नगर– 208014**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **धन्नो देवी व प्रिया पत्नी सुरेश कुमार नि0 म0 नं0 558 / ए स्ट्रीट 5 मोगा रोड अमन नगर कोट कपूरा जिला फरीदकोट पंजाब** की निवासी हूं। दोनों मेरे ही नाम है । मैं दोनों नाम से जानी पहचानी जाती हूं।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **सुचिता पुत्री बृज भूषण निवासी–सेनवाहे दा 0 सेवढा पोस्ट शिवदहा तहसील विकासखण्ड थाना पयागपुर जिला बहराइच उत्तर प्रदेश** का निवासी हूं। मेंरा नाम सभी दस्तावेजो में सुचिता दर्ज है जबकि आधार कार्ड में त्रुटिवश विचिता देवी अंकित हो गया है अत: भविष्य में मुझे मेरे सही नाम सुचिता से जाना और पहचाना जाए।

**सूचना**
मेरा असली नाम आकांक्षा पाल पुत्री अमृत पाल है घर का नाम आद्या पाल है मुझे दोनों नाम से जाना जाता है । भविष्य में मुझे **आकांक्षा पाल** नाम से ही जाना जायेगा । **नि.सरसंड पोस्ट बरवा सरसंड तहसील संडीला हरदोई**

**सूचना**
सूचित हो कि **हर्षित गुप्ता पुत्र संतोष कुमार गुप्ता निवासी गांधी नगर कस्बा बहुआ तहसील वा जिला फतेहपुर।** मेरी पत्नी सुमन गुप्ता से एक पुत्र हर्षित गुप्ता का जन्म 08/03/2009को घर पर ही हुआ था जानकारी के अभाव में उसका जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन सका अतरू मेरे पुत्र हर्षित गुप्ता का जन्म तिथि 08/03/2009 का पंजीकरण कर जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाय।

**सूचना**
मैंने इंटर की परीक्षा वर्ष 2024 में बीएल सुधिता इंटरनेशनल स्कूल सहेरुआ,प्रतापगढ़ से उत्तीर्ण की है। अनुक्रमांक 23738064 है। मेरे इंटर के अंकपत्र में मेरा नाम सचिन कुमार सरोज हो गया है,जबकि मेरा सही नाम सचिन सरोज ( SACHIN SAROJ) है। मेरी मां का नाम फू कुमारी सरोज हो गया है,जबकि सही नाम फूल कुमारी सरोज ( PHOOL KUMARI SAROJ) है। **सचिन सरोज पुत्र दिनेश सरोज,ग्राम – चौबेपुर, पोस्ट – सराय मुरार सिंह,जिला – प्रतापगढ़ (उ.प्र.)**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अपना नाम MOHD AMIN था। जिसे बदलकर MO AAMEEN कर लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **मो आमीन पुत्र अब्बुल बशर निवासी ग्राम चिन्तौरा कला पोस्ट– मुबारकपुर तहसील– टाण्डा जनपद –अम्बेडकर नगर**

**आज का मौसम**

तेज हवाओं, गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा रहने की संभावना है।

| 33.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05:16 | सूर्यास्त 07:04 |


अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


## रावतपुर में फल विक्रेता से एक लाख की टप्पेबाजी

**कानपुर।** रावतपुर निवासी त्रिभुवन कुशवाहा की डबल पुलिया के पास फल की दुकान है। वह ऑनलाइन भुगतान भी लेता है। स्पीकर खराब होने पर कर्मचारी को बुलाया था। एक कर्मचारी के साथ अंकुर साहू नामक व्यक्ति आया। स्पीकर ठीक कर दोनों चले गए। इसके बाद 30 मई को अंकुर फिर दुकान आया। उसने दूसरी कंपनी का क्यूआर लगाने को कहा। कहा, यह लाइफ टाइम चलेगा। दुकानदार के सहमत होने पर उसने मोबाइल लिया, थोड़ी देर बाद बोला कि एक दो दिन में क्यूआर बदल दिया जाएगा। उसके जाने के बाद मोबाइल पर एक लाख रुपये ट्रांसफर का मैसेज आया। वह बैंक गया तो उसे खाते से रुपये निकलने की जानकारी हुई। इस पर उसने रावतपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस जांच कर रही है।

### निलंबन के बाद सीएमओ ने अपने आवास में प्रेसवार्ता कर फिर डीएम पर आरोप लगाए

# गलत निलंबन के खिलाफ जाऊंगा हाईकोर्ट: डॉ.नेमी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



निलंबन के बाद आवास पर प्रेसवार्ता करते डॉ .हरिदत्त नेमी। अमृत विचार

- बोले, डॉ.सुबोध को हटाने से बौखला गए थे जिलाधिकारी
- नोडल अधिकारी रहते हुए भ्रष्टाचार में संलिप्त रहे

**अमृत विचार।** शासन से निलंबन आदेश आने के बाद सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी ने गुरुवार को अपने आवास पर प्रेसवार्ता की और फिर डीएम पर गंभीर लगाए। उन्होंने कहा कि 20 वर्षों से भंडार और नोडल अधिकारी (नर्सिंग होम) के पद पर तैनात एसीएमओ डॉ.सुबोध प्रकाश यादव को हटाए जाने से डीएम बौखला गए थे। डीएम ने तबादला निरस्त करने का दबाव बनाया था, लेकिन जब तबादला आदेश निरस्त नहीं किया तो नाराज हो गए।

डॉ.नेमी ने कहा कि डॉ.सुबोध प्रकाश यादव भ्रष्टाचार में संलिप्त थे और सपा के लिए कार्य करते हैं, जिससे सरकार की छवि धूमिल हो रही थी। शिकायतें मिलने पर डॉ.सुबोध प्रकाश को नोडल अधिकारी और भंडार का चार्ज छीनकर जिला क्षय रोग अधिकारी के पद पर स्थानांतरित किया था, जिससे जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह बौखला गए थे और स्थानान्तरण तत्काल निरस्त कर पूर्व के पदों पर तैनात करने का दबाव बनाया था। स्थानांतरण निरस्त नहीं करने पर डीएम नाराज हो गए।

प्रेसवार्ता के दौरान डॉ. नेमी ने एक पत्र दिखाया जो 17 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखा था। कहा कि शासन ने 14 दिसंबर 2024 को उनकी सीएमओ पद पर तैनाती की थी। 16 दिसंबर को चार्ज संभाला था। चार्ज संभालने के बाद आरएसएस व जनप्रतिनिधियों की ओर से शिकायत की गई थी कि एसीएमओ डॉ. सुबोध प्रकाश यादव करीब 20 वर्षों से भंडार/नोडल अधिकारी (नर्सिंग होम) के पद पर कार्यरत हैं, जो भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं और सपा के लिए कार्य करते हैं। इन्हीं शिकायतों के आधार पर उन्होंने डॉ. सुबोध प्रकाश यादव से चार्ज छीनकर जिला क्षय रोग अधिकारी के पद पर स्थानान्तरित किया था।



शासन से निलंबन की कार्रवाई के बाद सीएमओ द्वारा प्रतिकूल टिप्पणी करना और असत्य व निराधार आरोप लगाना घोर अनुशासनहीनता है। इन सभी तथ्यों से सक्षम स्तर को अवगत कराते हुए आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

– जितेंद्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी

### तबादले पर जिलाधिकारी ने बुलाकर बनाया था दबाव

- डॉ.नेमी ने कहा कि डॉ. सुबोध प्रकाश के तबादले के बाद डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बुलाकर स्थानांतरण तत्काल निरस्त करने का दबाव बनाया था और कहा था कि तुम्हें सपा-भाजपा से क्या लेना देना, लेकिन उन्होंने यह कहते हुए स्थानांतरण निरस्त करने से इंकार कर दिया था कि प्रथम दृष्टया शिकायतों की पुष्टि हुई है, जिस कारण स्थानान्तरण रोका नहीं जा सकता है।

### आरोपी फर्म का कराना चाहते थे भुगतान

- डॉ.नेमी ने कहा कि डीएम ने सीबीआई से चार्जशीटेट फर्म मे. जेएम फार्मा को एक करोड़ 60 लाख 47 हजार रुपये का भुगतान करने को कहा था, लेकिन उन्होंने यह तर्क देते हुए भुगतान से इंकार कर दिया था कि आपके (डीएम के) कहने पर समिति गठित कर जांच कराई है, जिसमें पता चला कि फर्म सीबीआई से गम्भीर भ्रष्टाचार में चार्ज शीटेट है। फर्म की ओर से भेजा गया सामान अधोमानक, मात्रा कम और बैच नम्बर के विपरीत है। ऐसी दशा में भुगतान नहीं किया जा सकता, जिस पर डीएम आग-बबूला हो गए थे।

# डीएम-सीएमओ विवाद पर दो खेमों में बंट गए थे सत्ता पक्ष के 'माननीय'

**लिखे थे पत्र**

- सीएमओ के साथ थे सतीश महाना और दो विधायक
- अभिजीत सांगा और महेश त्रिवेधी डीएम के साथ रहे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी और सीएमओ के बीच विवाद में भाजपा के माननीय भी दो खेमों में बंट गए थे। विधानसभा अध्यक्ष के साथ ही दो विधायक जहां सीएमओ के पक्ष में रहे, वहीं दो विधायकों ने सीएमओ की खुलकर मुखालफत की थी। आखिर सीएमओ के पक्ष में एक खेमे की ओर से उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को लिखे गए पत्र काम नहीं आए और सीएमओ को निलंबित कर दिया गया।

महाराजपुर से विधायक एवं यूपी विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने उप उपमुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा था कि सीएमओ डॉ. हरिदत्त नेमी का कार्य एवं व्यवहार आम जनता व जनप्रतिनिधियों के प्रति मृदुल एवं सराहनीय है। मेरी प्रबल संस्तुति है कि जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता की भावनाओं के सनादर में इन्हें कानपुर नगर में ही बनाए रखे जाने पर विचार करने का कष्ट करें। कुछ इसी तरह एमएलसी अरुण पाठक ने भी उपमुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सीएमओ का बचाव किया था। गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी ने भी सीएमओ के पक्ष में सिफारिश की थी। उधर, बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सीएमओ डॉ. हरिदत्त नेमी के संरक्षण में सैकड़ों प्राइवेट अस्पताल अवैध रूप से संचालित होने और वसूली करने के आरोप लगाए थे। उन्होंने वायरल ऑडियो क्लिप का जिक्र करते हुए सीएमओ को बेहद निरंकुश अधिकारी बताया था। किदवई नगर विधायक महेश त्रिवेदी ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में सीएमओ के नाम का जिक्र तो नहीं किया, लेकिन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की भर्ती में गड़बड़ी का आरोप लगाया था। उन्होंने एसीएमओ डॉ. आरएन सिंह का 10 दिन में 9 बार तबादला करने और वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी डॉ. वंदना सिंह से वित्तीय अधिकार छीनकर गैर वित सेवा के अधिकारी को चार्ज देने का उल्लेख किया था।

### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था ऑडियो

- सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल हुआ था, जिसमें डीएम के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया था। यह ऑडियो सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी का बताया जा रहा था, लेकिन सीएमओ ने इससे साफ इंकार करते हुए इस ऑडियो को ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की करामात और बदनाम करने की साजिश बताया था। यह ऑडियो वायरल होने के बाद डीएम ने सीएमओ को डैश बोर्ड की बैठक से बाहर का रास्ता दिखा दिया था। ऑडियों में आरोपों के साथ आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया गया था। ऑडियो की जांच हो रही है।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी की कार्यशैली से जनता और विभागीय अधिकारी व कर्मचारी त्रस्त थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉरलेंस नीति के तहत उन्हें निलंबित किया है। इससे जिले की जनता बहुत ही खुश है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार नहीं चलेगा।

– अभिजीत सिंह सांगा, विधायक बिठूर

### अंदरखाने से भाजपाई गलियारों में खलबली

- डीएम और सीएमओ विवाद में दो खेमों के खुलकर सामने आने और अंतत: मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निलंबित किए जाने के बाद अंदरखाने भाजपाई गलियारों में खलबली मच गई है। सीएमओ का निलंबन जहां एक खेमे की सत्ता के शीर्ष पर मजबूत पकड़ माना जा रहा है, वहीं दूसरे खेमे को जोर का झटका लगा है, मगर इस मसले पर कोई भी नेता अब खुलकर बोलने से कतरा रहे हैं। अंदरखाने कुछ ठीक नहीं है।



जिलाधिकारी बैठक करते हुये। अमृत विचार

# निर्माण एजेंसी से वसूला 30 लाख रुपये जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 20 एमएलडी सीईटीपी की सुस्त चाल से डीएम नाराज
- जल निगम व जटेटा के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**अमृत विचार।** जाजमऊ में टेनरी उद्योग के लिए स्थापित 20 एमएलडी सीईटीपी के अभी तक पूरा न होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर की। गुरुवार को जल निगम और जटेटा के पदाधिकारियों की बैठक में प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि निर्माण एजेंसी वेटेक वबाग 55 दिन से धीमा कार्य कर रही है।

लापरवाही सामने आने पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने निर्देश दिए कि समस्त कार्यों को युद्धस्तर पर पूरा कराएं। बैठक के दौरान जल निगम के प्रोजेक्ट इंजीनियर ने बताया कि वेटेक वबाग पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था। जिस पर जिलाधिकारी ने जेटेटा सचिव को निर्देश दिए कि जुर्माने की वसूली तत्काल की जाए। बैठक में यह भी सामने आया कि लगभग 80 टेनरियों द्वारा अब तक अपने हिस्से का भुगतान नहीं किया गया है। डीएम ने इस पर कहा कि बकायेदार टेनरियों की सूची उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मुख्यालय को भेजी जाए, ताकि नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने वेटेक वबाग द्वारा स्लज प्रबंधन में की जा रही लापरवाही पर कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि कार्य प्रोटोकॉल के अनुसार और पर्यावरणीय मानकों का पालन करते हुए ही किया जाए। जिलाधिकारी ने जेटेटा सचिव को निर्देशित किया कि सीईटीपी संचालन में आ रही बाधाओं का विस्तृत विवरण तैयार कर नमामि गंगे परियोजना कार्यालय को भेजें, ताकि त्वरित समाधान किया जा सके।

## खोदाई से पीएनजी लाइन टूटी, जेसीबी लेकर चालक भागा

**कानपुर।** भौंती में गुरुवार दोपहर प्लाट के बेसमेंट में खुदाई के दौरान पीएनजी लाइन टूट गई। जिससे गैस रिसाव होने लगा और लोग डर गए। पड़ोसी की सूचना पर सचेंडी पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। सीयूजीएल टीम को पुलिस ने मौके पर बुलाया। लाइन दुरुस्त होने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

भौंती जिला सहकारी बैंक के समीप राम पांडेय ने प्लाट खरीदा है। जहां एक सप्ताह से बेसमेंट खुदाई का काम चल रहा है। गुरुवार दोपहर जेसीबी से खुदाई चल रही थी, तभी पीएनजी लाइन अचानक टूट गई। जिससे तेजी से गैस रिसाव होने लगा। इस पर चालक जेसीबी लेकर भाग निकला। गैस की दुर्गंध फैलने पर पड़ोसी रवींद्र कुमार ने सचेंडी पुलिस को सूचना दी।

सूचना पर पुलिस के साथ मौके पर दो दमकल गाड़ी पनकी व फजलगंज से पहुंची। सीयूजीएल की मरम्मत टीम ने पहुंचकर लाइन दुरुस्त किया। इस दौरान करीब 20 मिनट तक गैस का रिसाव होता रहा। इलेक्ट्रीशियन महेंद्र कुमार, लाइनमैन कुलदीप ने बताया कि प्लाट मालिक को 10 दिन पहले बेसमेंट खोदने से मना किया था। सचेंडी थाना प्रभारी ने बताया कि पीएनजी लाइन टूटने की सूचना मिली थी। कोई खास नुकसान नहीं हुआ है।

**विवि में शुरुआत** | सप्ताह में 6 दिन सुबह 7 :30 से 10 बजे तक चलेगी ओपीडी

# योग क्लीनिक का उठाइए लाभ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



योग क्लीनिक की शुरुआत करते कुलपति प्रो .विनय कुमार पाठक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले गुरुवार को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में योग क्लीनिक की शुरुआत हुई। इस क्लीनिक में सप्ताह में 6 दिन सुबह 7:30 से 10 बजे तक ओपीडी चलेगी। इस ओपीडी में शहरवासी इस सेवा का मुफ्त लाभ उठा सकेंगे।

योग क्लीनिक की शुरुआत विवि के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक और उनकी पत्नी आयुर्वेदाचार्य डॉ. वंदना पाठक ने हवन के साथ की। कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि योग भारतीय मनुष्यों की एक ऐसी विधा है, जो आध्यात्मिक उत्कर्ष के साथ अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, बीमारियों का उपचार करने और स्वास्थ्य के सभी आयामों को प्राप्त कराने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि योग के अंतर्गत आने वाले विभिन्न प्रकार के आसन प्राणायाम शोध क्रियाएं मुद्रा और बंद अलग-अलग बीमारियों में बहुत ही उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। उन्होने कहा कि विवि परिवार के सदस्यों के साथ ही नगर के आम नागरिक इस योग क्लीनिक में चिकित्सीय सेवाओं का निःशुल्क लाभ ले सकेंगे।

क्लीनिक में मधुमेह, तनाव, चिंता, सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, अवसाद, मोटापा, अस्थमा, पाचन तंत्र के साथ कमर दर्द का उपचार किया जाएगा। शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. श्रवण कुमार ने बताया कि ओपीडी की सेवाएं जन सामान्य तक पहुंचाने के लिए प्रचार-प्रसार किया जाएगा। विभाग के छात्र-छात्राएं क्लीनिक के बारे में बताएंगे। आसपास के ग्रामीण अंचलों में इस योग क्लीनिक की सेवाओं के पर्चे वितरित किए जाएंगे।




## एक नजर

### बिठूर में युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या की

**कानपुर।** बिठूर में युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पत्नी ने शव फंदे से लटका देखा तो सन्न रह गई। चीख-पुकार सुनकर परिजन पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। कुकशदेव निवासी कृष्णचंद्र द्विवेदी (45) प्राइवेट नौकरी करते थे। परिवार में पत्नी सिम्मी और तीन बच्चे राधा, मनी व सनी हैं। मौसा गुड्डू बाजपेई ने बताया कि कृष्णचंद्र शराब का लती था। अक्सर मामूली बात पर घर में कलह होती थी। बुधवार शाम को वह बाहर से आया और परिजनों से बातचीत की। इसके बाद रात में खाना खाने के बाद कमरे में सोने चला गया। देर रात उसने अंगौछा से गले में फंदा कसकर फांसी लगा ली। जब वह कमरे से सुबह देर तक नहीं निकला तो उसकी पत्नी बुलाने गई। कमरे में घुसते ही देखा कृष्णचंद्र का शव फंदे से लटका था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की।

### ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**कानपुर।** चकेरी में रामादेवी क्रासिंग पर ट्रेन की चपेट में आकर अधेड़ की मौत हो गई। हादसे की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। गंगाघाट के बिंदानगर पोनी रोड निवासी 58 वर्षीय रामजी 15 साल से पत्नी राजकुमारी के साथ सनिगवां कांशीराम कालोनी में रह रहे थे। उनके दोनों बेटे अन्नू और अंकित गंगाघाट में रहते हैं। अंकित ने बताया कि पिता शराब के लती थे। बुधवार की रात वह काम से निकले थे। घर लौटते समय रामादेवी पुल के नीचे रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे, तभी ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। रेलवे ट्रैक के समीप शव पड़ा देखकर गुरुवार सुबह पुलिस ने परिजनों को जानकारी दी। चकेरी थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आकर अधेड़ की मौत हुई है। कार्रवाई की जा रही है।

### अवैध निर्माण के विरोध पर पीटा, एफआईआर दर्ज

**कानपुर।** अवैध निर्माण का विरोध करने पर दबंगों ने घर में घुसकर युवक को पीटकर जानलेवा हमला किया। आरोप है कि जहां आरोपी निर्माण करा रहा था, वह नजूल की जमीन है। पीड़ित ने कोतवाली में शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सिविल लाइंस सरसैया घाट निवासी राजन साहू ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उनके घर के पीछे नजूल की जमीन है। जहां आकाश निषाद निर्माण कराकर उनके घर का रोशनदान बंद करने लगा। विरोध पर उसने आशू निषाद, जितेंद्र व बिट्टन आदि को बुला लिया। इसके बाद उसके घर में घुसकर उसे लाठी-डंडों से पीटा। लोहे की राड से जानलेवा हमला किया। वीडियो बनाने पर मोबाइल तोड़ दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# स्वदेशी शिपिंग से निर्यात बढ़ाने पर जोर


## विदेशी कार्गो शिपिंग कंपनियों की मनमानी पर नकेल कसने के लिए फियो की ओर से उठाई गई आवाज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** निर्यात कारोबार को बेहतर करने के लिए केंद्र सरकार से स्वदेशी शिपिंग कंपनियों को फ्लोर पर लाने की मांग की गई है। यह मांग फियो की ओर से हुई है। मांग के साथ ही यह सुझाव भी दिए गए हैं कि स्वदेशी कंपनियों की अधिकता से विदेशी कंपनियों की ओर से की जाने वाली मनमानी पर रोक लग सकेगी। यह मांग वाणिज्य उद्योग मंत्रालय से हुई है।

समुद्री जहाज से विदेशों में उत्पाद भेजने वाली ज्यादातर कंपनियां विदेशी हैं। फियो का मानना है कि इससे निर्यात प्रभावित हो रहा है। कंपनियों की ओर से मनमानी किए जाने से कई बार निर्यातक अपना उत्पाद सही समय पर नहीं भेज पाते हैं। इसके अलावा मनचाहा दाम बढ़ाने की कोई समय सीमा न होने पर किन्ही हालातों में यह कंपनियां किराया बढ़ा देती है। इस स्थिति में यदि 'पीपीपी' मॉडल के जरिए स्वदेशी कंपनियों को फ्लोर पर लाया जाए तो उन पर सरकार का भी अंकुश हो सकेगा।

इससे निर्यातक के पास भी एक विकल्प होगा कि वे स्वदेशी कंपनी के जहाज से अपने उत्पादों को विदेशी तक भेज सके। इससे निर्यात कारोबार में आने वाली बाधाओं को काफी हद तक दूर किया जा सकेगा। इस सिलसिले में फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाईजेशन के सहायक निदेशक आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि पिछले काफी समय से फियो की ओर से इस समस्या को निर्यातकों की ओर से सुना जा रहा था। 6 जून को इस समस्या के दूर करने के लिए फियो की ओर से सरकार को मांग और सुझाव दिए गए हैं। उम्मीद है कि निर्यातकों की समस्या का जल्द ही समाधान हो सकेगा।




# अपर सांख्यिकी अधिकारी से 30 लाख रुपये का फ्रॉड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्लाट-घर दिलाने का झांसा देकर हड़पे रुपये
- पति अर्मापुर पीजी कालेज में असिस्टेंट प्रोफेसर

**अमृत विचार।** जमीन दिलाने के नाम पर अपर सांख्यिकी अधिकारी से मकान मालिक ने 30 लाख का फ्राड किया। रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। इस पर पीड़ित ने गुरुवार रावतपुर पुलिस से शिकायत की और आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मूलरूप से प्रयागराज के रहने वाले असिस्टेंट प्रोफेसर विजय कुमार मिश्रा अर्मापुर पीजी कालेज में तैनात है। 2020 से रावतपुर के यूनाइटेड नगर में विकास चंद्र शुक्ला के मकान में किराए पर रहते हैं। उनकी पत्नी शिल्पी अपर सांख्यिकी अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि मकान मालिक विकास चंद्र शुक्ला व उनकी पत्नी ममता ने बातचीत के दौरान कहा कि खुद का मकान बनाओ। तीन साल से किराए पर रह रहे हो। उन्होंने बताया कि कई लोगों को सस्ता प्लाट दिलाया है। इसके बाद उन्होंने कई मकान व प्लाट दिखाया। कहा, जो ठीक लगे रजिस्ट्री करवा देंगे। वह उनके झांसे में आ गए और बैंक से कर्ज लेकर 30 लाख रुपया उनके खाते में ट्रांसफर कर दिया। पैसा ऑनलाइन, चेक और नकद माध्यम से भुगतना किया।

इसके बाद कोई प्लाट व मकान की रजिस्ट्री नहीं कराई। हर बार टरकाते रहे। जब कुछ दिनों बाद पैसा वापस मांगा तो 20 फरवरी 2024 को उन्होंने गाली-गलौज कर बच्चों सहित जान से मारने की धमकी दी। ठगी का एहसास होने पर पुलिस को सूचना दी। आरोपी ने उनसे बुजुर्ग पिता जो हार्ट के मरीज हैं, उन्हें भी धमकाया। रावतपुर थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। कार्रवाई होगी।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## खतरे की डगर



हर कदम पर जिंदगी को जोखिम में डालकर लोग खतरनाक पुलिया पार करने के बाद अपनी मंजिल तक पहुंचते हैं। यह हालत है हंसपुरम आवास विकास के नाले के ऊपर बनी पुलिया की, जो जर्जर है और उस पर चहारदीवारी तक नहीं है। हमीरपुर रोड से आवास विकास की तरफ जाने के लिए यही पुलिया सहारा है, जिससे रोजाना इलाके के लोग निकलते हैं| ● मनोज तिवारी

## अजहर, गावस्कर व सचिन इलेवन ने जीते क्रिकेट मैच

**कानपुर।** डॉ. वीरेंद्र स्वरूप क्रिकेट एकेडमी की ओर से आयोजित स्व. नागेंद्र स्वरूप स्मारक अंडर-12 टूर्नामेंट में गुरुवार को अजहर इलेवन, गावस्कर इलेवन व सचिन इलेवन ने शानदार मैच जीता। तीनों मुकाबले डीएबी मैदान पर हुए।

पहले मैच में अजहर इलेवन ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 173 रन बनाए। अर्थव अग्रवाल ने 39 व लकी ने 32 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में सुधांशु ने दो विकेट झटके। जवाब में कपिल इलेवन की पूरी टीम 19 ओवर में 62 रन पर ऑलआउट हो गई। गेंदबाजी में मुकुल, अखिल ने तीन-तीन विकेट झटके। प्लेयर ऑफ द मैच मुकुल को चुना गया। दूसरे मैच में कुंबले इलेवन टीम 17 ओवर में 71 रन पर ऑलआउट हुई। तनुज ने सर्वाधिक 14 रन बनाए। गेंदबाजी में मुस्तकिन ने तीन विकेट लिया। जवाब में गावस्कर इलेवन ने 9.5 ओवर में दो विकेट पर 72 रन बनाकर मैच जीत लिया। तीसरे मैच में सचिन इलेवन ने धौनी इलेवन टीम को हराया।

# पेंशनर्स को ब्रांडेड दवा उपलब्ध कराने की मांग

**बैठक में उठी आवाज**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव को पेंशन फोरम ने पत्र भेजा, जिसमे पेंशनर्स ने केंद्रीय सरकार स्वास्थ योजना (सीजीएचएस ) के लाभार्थियो को जेनरिक दवाईयों के स्थान पर ब्रान्डेड दवाईयां उपलब्ध कराने और पुरानी योजना लागू करने की मांग की। वहीं, विभिन्न पेंशनर संगठनों की पंजीकृत संस्थाओं से पेंशनर फोरम के महामंत्री ने केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की।

महामंत्री आनंद अवस्थी के मुताबिक 95 लाख लाभार्थियों में से सात फीसदी 70 वर्ष की आयु, पांच फीसदी 80 वर्ष और दो फीसदी लोग 85 वर्ष की आयु से अधिक के है। देश में सीजीएचएस के करीब 95 लाख लाभार्थी उपरोक्त सुविधा से लाभान्वित है । उम्र के अन्तिम पड़ाव में पेंशनर समाज के ज्यादातर लोग रोग ग्रस्त रहते है, लेकिन शीघ्र उचित उपचार न मिलने के कारण उनको लाभ नहीं मिलने से वह काफी परेशान है। जेनरिक दवा रोगी को स्वस्थ करने में असहाय साबित हो रही है। जेनेरिक दवाएं बाजार में आसानी से उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में ब्रांडेड दवा लेनी पड़ती है। जेनरिक दवाओ में पोटेन्सी कम होती है, पत्ते में टेबलेट टूटी हुई प्राप्त होती है, जो लचर गुणवत्ता दर्शाती है। लाभार्थी को दवा से फायदा होने में बहुत समय लग जाता है, जिससे लाभार्थी को अस्वस्थ ही बना रहता है। वहीं, ब्रांडेड दवा व जेनरिक दवा के दामों में भारी अंतर होता है, जिससे यह प्रमाणित होता है कि कही न कही गुणवत्ता से जरूर समझौता हुआ है। सीजीएचएस सम्बद्ध अस्पताल में जेनरिक के नाम पर गुणवत्ता से समझौता की हुई दवा मिलती है। आरोप है कि जेनरिक दवा लोकल कम्पनियो द्वारा बनाई जाती है और उस फार्मूले के आधार पर बनती है जो असल मे उन मापदण्डो पर खरी नहीं उतरती है, जिनपर ब्रान्डेड दवा उतरती है। वहीं, हृदय रोग, लीवर, किडनी, कैंसर, एड्स, ऑपरेशन आदि में डॉक्टरों द्वारा ब्रान्डेड दवा ही लिखी जाती है, ताकि मरीज को जल्द आराम मिले। मांग है कि गंभीर बीमारी से ग्रस्त पेंशनर्स और कर्मचारियों को ब्रान्डेड दवा ही उपलब्ध कराई जाए, जिससे वृद्ध पेंशनर शीघ्र स्वास्थ हो सके।



संजय वन में योगाभ्यास करते भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल। अमृत विचार

### भाजपाइयों ने संजय वन में किया योगाभ्यास

**कानपुर।** भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने गुरुवार को सुबह संजय वन, किदवई नगर में योगाभ्यास कर कार्यकर्ताओं को योग के प्रति प्रेरित किया। सामूहिक रूप से योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में योग आज वैश्विक पहचान बना चुका है। कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं है, यह जीवन जीने की एक कला है। यह मन, शरीर और आत्मा का सामंजस्य है। भाजपा के अचल गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, अनूप तिवारी, महिला मोर्चा एवं क्षेत्रीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# हाथ में पोस्टर लेकर लगाए 'साडा वीर मोदी' के नारे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** संत नगर चौराहा में गुरुवार को सिख वेलफेयर सोसाइटी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में साडा वीर मोदी कार्यक्रम का आयोजन किया। हाथों में साडा वीर मोदी के पोस्टर लेकर बच्चों ने साडा वीर मोदी के नारे लगाए।

सिख वेलफेयर सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष सरदार गुरविंदर सिंह छाबड़ा ने कहा कि कुछ विरोधी शक्तियां है, जो भारत में सिखों को कमजोर करने और सिख व हिंदुओं में दरार पैदा करने के लिए कनाडा सिखों की छवि को धूमिल करने का काम कर रहे हैं। कनाडा की युवा पीढ़ी को भ्रमित कर भारत और प्रधानमंत्री के खिलाफ नफरत के बीज बो रहा है।

जल्दी एक बड़ा अभियान पूरे देश में चलाया जाएगा, जो भारत के सिख है। सोशल मीडिया के माध्यम से बच्चों को सच्चाई और सिख पंथ के बारे में गुरुओं के बलिदान के बारे में जल्दी प्रशिक्षित करेंगे। इस दौरान चरणजीत सिंह (नामी), सुरेंद्रपाल सिंह केसरी, गगन सोनी, सर्वप्रीत सिंह रौनक, गगनदीप सिंह, महेश सोनी, सुरपाल सिंह, इंद्रजीत सिंह शंटी, संदीप छाबड़ा, रंजीत सिंह, अजीत सिंह, मैडी चावला, राजा भाटिया, मंजीत ठुकराल, अंगद, गुरप्रीत, मनमीत व नवजोत आदि रहे।

# तनिष्क का हजरतगंज में स्टोर खुला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आभूषण रिटेल ब्रांड तनिष्क ने हजरतगंज, लखनऊ में अपने नए स्टोर को पुनः लॉन्च किया। खास बात यह है कि स्टोर में प्रत्येक आभूषण की खरीद के साथ मुफ्त सोने के सिक्के खरीदारों को मिल सकेंगे। स्टोर की शुरुआत रिटेल हेड सुनील राज, रीजनल बिजनेस हेड नॉर्थ शालिनी गुप्ता और रीजनल बिजनेस मैनेजर नार्थ -2 अरुण कुमार ने किया। स्टोर की शुरुआत पर ब्रांड एक अनूठा ऑफर दे रहा है। जिसमें ग्राहक हर खरीद पर एक मुफ्त सोने का सिक्का प्राप्त कर सकते हैं'। यह ऑफर 19 जून 2025 से 22 जून 2025 तक वैध है। स्टोर लखनऊ में 5, शाहनजफ रोड, हजरतगंज में खुला है। स्टोर में चमकदार सोने, शानदार हीरे, कुंदन और पोल्की में प्रतिष्ठित तनिष्क आभूषण डिजाइनों का व्यापक चयन प्रस्तुत किया गया है। स्टोर में नवीनतम संग्रह 'रेडियंस इन रिदम' भी है, जहां प्रत्येक डिजाइन शिल्प कौशल में एक मास्टरक्लास है। प्राकृतिक हीरे की बेहतर गुणवत्ता से लेकर क्रिएटिव डिजाइन और अनूठी सेटिंग स्टाइलों तक, इस संग्रह में कीमती रत्न और दुर्लभ प्राकृतिक हीरे की एक समृद्ध श्रृंखला है। इसके अलावा, 'एलन', नाजुक पैटर्न, खिलते हुए फूलों के रूपांकनों और आधुनिक महिलाओं के लिए चिल्लई पेव-सेट हीरे से प्रेरित है। इसके साथ ही, स्टोर राजस्थान के शानदार महलों और शहर के दृश्य की स्थापत्य सुंदरता से प्रेरित 'टेल्स ऑफ मिस्टिक' भी प्रस्तुत करता है। इसके अलावा, यह स्टोर क्षेत्र का एकमात्र 'एक्सोटिक इंडिया वेडिंग स्टोर' है, जिसमें विविध भारतीय संस्कृतियों और परंपराओं से प्रेरित हैडक्राफ्टेड दुल्हन के आभूषण प्रदर्शित किए गये हैं। स्टोर की शुरुआत पर नार्थ 2 के रिजनल बिजनेस मैनेजर अरुण कुमार ने कहा कि हम लखनऊ के हजरतगंज में अपने तनिष्क स्टोर के भव्य पुनः उद्घाटन की घोषणा करते हुए रोमांचित है। यह कोई साधारण स्टोर नहीं है यह उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा तनिष्क शोरूम है, जो 15,000 वर्ग फीट में फैला है, जो इसे उत्तर भारत में दूसरा सबसे बड़ा और पूरे देश में चौथा सबसे बड़ा तनिष्क स्टोर बनाता है।



नए स्टोर की शुरुआत करते तनिष्क के अधिकारी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप



गुरुवार को कैंप कार्यालय में संस्था के पदाधिकारियों की बैठक हुई। अमृत विचार

### पहली नवंबर को होगी बौद्धिक संगोष्ठी, राज्यपाल आएंगी

**कानपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में 'इंटेलेक्चुअल मीट' का आयोजन एक नवंबर को होगा। यह घोषणा गुरुवार को सभा के कैंप कार्यालय में हुई बैठक में पदाधिकारियों ने की। संस्था के चेयरमैन सरदार कुलदीप सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में इंटेलेक्चुअल मीट के आयोजन को लेकर विशेष चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि आयोजन में पंजाब से श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार, एसजीपीसी के प्रधान, खालसा यूनिवर्सिटी अमृतसर, गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर, पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला एवं सिख मिशनरी कॉलेज पटियाला के कुलपति एवं सिख इतिहासकार शामिल होंगे। इस बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन पूर्व निर्धारित तिथि 20 नवम्बर के स्थान पर अब 1 नवम्बर को किया जाएगा। यह बदलाव पंजाब सरकार द्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी वर्षगांठ पर होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए किया गया है। यह भी बताया गया कि कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश की राज्यपाल करेंगी। वह श्री गुरु तेग़ बहादुर चेयर की स्थापना की शुरुआत भी करेंगी।



प्रेसवार्ता में मौजूद चेयरमैन उमंग गुप्ता, वाइस चेयरमैन श्रीवत्स गर्ग, यरपर्सन मणि गुप्ता व सेक्रेटरी पूर्वी मिश्रा। अमृत विचार

### युवाओं व महिलाओं के नेतृत्व में होगा सामाजिक बदलाव

**कानपुर।** ब्रजेंद्र स्वरूप नगर पार्क स्थित टीएसएच में गुरुवार को कानपुर रायल राउंड टेबल और कानपुर रायल लेडीज सर्किल के गठन की औपचारिक घोषणा की गई, जिसके माध्यम से युवाओं व महिलाओं के नेतृत्व में सामाजिक बदलाव की नई शुरुआत होगी। कार्ययोजना के साथ 21 जून को कानपुर क्लब के बारोक हाल में चार्टर नाइट प्रोग्राम होगा। चेयरमैन उमंग गुप्ता व वाइस चेयरमैन श्रीवत्स गर्ग ने बताया कि प्रोग्राम में नेशनल प्रेसिडेंट चेतन देव सिंह व नेशनल प्रेसिडेंट मनीषा तुलस्यन के साथ आरटीआई और एलसीआई के नेशनल व एरिया बोर्ड सदस्य, स्क्वायर लेग्स व चार्टर सदस्यों के परिजन शामिल होंगे। कानपुर रायल लेडीज सर्किल की चेयरपर्सन मणि गुप्ता व सेक्रेटरी पूर्वी मिश्रा ने बताया कि केआरआरटी और केआरएलसी, राउंड टेबल इंडिया और लेडीज सर्कल इंडिया जैसे प्रतिष्ठित संगठनों से संबद्ध हैं। केआरआरटी जहां 40 वर्ष से कम उम्र के युवाओं को सर्विस थ्रो फेलोशिप की भावना से प्रेरित करेगा, वहीं, केआरएलसी महिलाओं के नेतृत्व में समाज में परिवर्तन की दिशा में कार्य करेगा। इस दौरान अंकित नेमानी, विधित जसनानी, साहिब सेठी और वृंदा जसनानी आदि रहे।

**कार्यशाला** सीएसए विवि में पंजीयन के तरीके बताए गए, विशेषज्ञों ने किसानों के साथ ही कृषि वैज्ञानिकों के लिए जीआई टेग को जरूरी बताया

# जीआई टैग से बढ़ती उत्पाद की गुडविल : डॉ .रजनीकांत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में गुरुवार को कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने जीआई टैग (भौगोलिक चिन्हक) बारे में विस्तार से जानकारी दी। यह भी बताया कि इससे उत्पाद की ख्याति (गुडविल) बेहतर होती है। जीआई टैग को कृषि उत्पादों से जुड़े किसानों और वैज्ञानिकों के लिए जरूरी बताया गया।

कार्यशाला की शुरुआत सीएसए विवि के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह ने की। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में देश में जीआई मैन के नाम से प्रसिद्ध व विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र डॉ रजनीकांत द्विवेदी मौजूद रहे। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों, केवीके वैज्ञानिकों, शोध छात्र छात्राओं को जीआई टैग के बारे में बताया गया। कार्यशाला में डॉ रजनीकांत द्विवेदी ने बताया कि देश की विरासत उसकी भौगोलिक स्थितियों को वहां की विशेष गुणवत्ता के उत्पादन से होती है।

उन्होंने यह भी बताया कि जीआई पंजीकरण के लिए किसी संस्था व संगठन की ओर से चेन्नई मुख्यालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। जहां किसी उत्पाद के विशिष्ट गुणों, भौगोलिक पहचान के आधार पर जीआई पंजीकरण किया जाता है। उन्होंने कहा अभी प्रदेश में 76 उत्पादों का उनके विशेष गुणों के आधार पर पंजीकरण हुआ है। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह वैज्ञानिकों का आह्वान करते हुए कहा कि जनपद की विशिष्ट उत्पादों को चिन्हित कर उनका पंजीकरण कराएं। उन्होंने कहा की जीआई के पंजीकरण से लाभ केवल कृषकों को ही नहीं, बल्कि इससे जुड़े वैज्ञानिकों, व्यापारियों के साथ ही अनेक हितधारकों को भी होता है। डॉ सिंह ने कहा कि इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में निर्यात को प्रोत्साहित किया जा सके। जिससे प्रदेश के कृषकों में खुशहाली बढ़ेगी। कार्यशाला में उपनिदेशक कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार डॉ सुग्रीव शुक्ला ने प्रदेश में अभी तक हुए जीआई उत्पादों के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही नए जीआई के उत्पादों को चिन्हित कर पंजीकरण कराने में सहयोग की भी बात की। कार्यक्रम में डॉ पीके सिंह, डॉ विजय कुमार यादव निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र, डॉक्टर आरके यादव निदेशक प्रसार रहे।



जीआई मैन डॉ रजनीकांत द्विवेदी को बुके देते विवि के कुलपति। अमृत विचार

## फेसबुक हैक कर मांगे रुपये

**कानपुर।** रायपुरवा में एक युवक का फेसबुक अकाउंट हैक करके दोस्तों से रुपये मांगे गए। इसकी जानकारी होने पर पीड़ित ने थाने में शिकायत की है।

रायपुरवा कोतवाली क्षेत्र के कारवालों नगर निवासी पवन सिंह ने थाने में तहरीर दी है, जिसके अनुसार सात जून को उनका फेसबुक अकाउंट हैक करके चैट के माध्यम से लोगों से रुपये मांगे गए। लोगों से अभद्रता भी की गई। 16 जून को दोस्तों और रिश्तेदारों ने पैसे मांगने की बात बताई, तब संदेह हुआ कि इसी बीच फेसबुक हैक हुआ था। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की ओर से शिकायत मिली है। एफआईआर दर्ज कर सर्विलांस सेल की मदद से आरोपी का पता लगाया जा रहा है।

### आकाशीय बिजली से खेत में काम कर रहे युवक व महिला की मौत, वहीं मवेशी चरा रहे अधेड़ की गई जान

# आकाशीय बिजली की चपेट में आकर तीन की हुई मौत

● मौके पर पहुंची पुलिस ने की जांच पड़ताल, वहीं परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता, घाटमपुर/बिधनू



सर्जन सिंह।

**अमृत विचार।** घाटमपुर और बिधनू में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई। घाटमपुर में एक और बिधनू में महिला समेत दो लोगों की जान चली गई। जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

घाटमपुर तहसील क्षेत्र के कुरसेड़ा गांव किनारे खेत में काम कर रहा युवक आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया। आकाशीय बिजली युवक के ऊपर गिरी इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।



रोते–बिलखते मृतक के परिजन। अमृत विचार

सूचना मिलते पुलिस और राजस्व टीम मौके पर पहुंची और घटना की जांच पड़ताल किया। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सजेती थाना क्षेत्र के कुरसेड़ा गांव निवासी 47 वर्षीय सर्जन सिंह पुत्र स्व लालू गांव के किनारे स्थित खेतों में काम कर रहे थे। गुरुवार देर शाम रुक रुककर हो रही बारिश के बीच गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिर गई। इस दौरान गांव के किनारे खेत में काम कर रहा युवक सर्जन आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया। जिससे युवक की मौके पर मौत हो गई। साथी किसानों ने परिजनो और पुलिस को घटना की सूचना दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची सजेती पुलिस और राजस्व टीम ने घटना की जांच पड़ताल करने के साथ युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद से मृतक के परिजनो का रो रोकर बुरा हाल है। सजेती थाना प्रभारी कमलेश राय ने बताया कि रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कहा कि जो अनुदान मिलेगा उसके लिये प्रयास शासन प्रशासन को लिखा जायेगा।

## बिधनू में आकाशीय बिजली से दो की गई जान

**बिधनू।** बिधनू में गुरुवार शाम अलग–अलग गांवों में आकाशीय बिजली गिरने से महिला समेत दो लोगों की मौत हो गयी। चम्पतपुर गांव निवासी 56 वर्षीय किसान अरविंद पाल उर्फ पप्पू की गुरुवार शाम खेत में मवेशी चराने के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गयी। परिवार में पत्नी माया दो बेटे अंकित और विवेक है। बेटे विवेक ने बताया कि पिता अरविंद गुरुवार शाम खेत में मवेशी चराने गए थे। बारिश के दौरान गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आकर वह झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गए। खेत में काम कर रहे ग्रामीणों की सूचना पर परिजनों ने उन्हें बिधनू सीएचसी पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने अरविंद को मृत घोषित कर दिया। वहीं भारू गांव निवासी 52 वर्षीय महिला केशकली की भी खेत मे काम करने के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गयी। पति प्रहलाद निषाद ने बताया कि केशकली गुरुवार शाम को खेत में गेंदा के फूलों की बेंढ़ लगा रही थीं। इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरने से वह गंभीररूप से घायल हो गयीं। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे लेकर अस्पताल जा रहे थे तभी केशकली ने रास्ते में दम तोड़ दिया।

# डंपर ने बाइक में मारी टक्कर, दोनों वाहन जले

संवाददाता बिधनू

**अमृत विचार।** बिधनू सागर हाईवे शम्भूहा पुल पर डंपर और बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया है। इस दौरान कानपुर सागर हाईवे पर दो घंटे यातयात प्रभावित रहा।

बिधनू थाना क्षेत्र के कानपुर -सागर हाईवे पर स्थित शम्भूआ पुल पर कानपुर की ओर से घाटमपुर की ओर जा रहे डंपर ने ओवरटेक करते हुए आगे चल रही बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी, कि दोनों वाहनों में आग लग गई। हादसे के बाद दोनों वाहनों के चालक वाहन छोड़कर भाग निकले। इस दौरान यहां से निकल रही एनएचआई की पेट्रोलिंग टीम ने वाहनों को हाईवे पर जलता देखा। तो फोनकर पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया है। इस दौरान कानपुर सागर हाईवे पर लगभग दो घंटे यातयात प्रभावित रहा। पुलिस ने वाहनों को क्रेन की मदद से किनारे करवाकर यातयात बहाल कराया है। बिधनू थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी, फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया है।



दुर्घटना के बाद धू धूकर जलता डंपर। अमृत विचार

## दुर्घटनाओं में वृद्ध समेत बच्ची की गई जान

**शिवराजपुर।** क्षेत्र पाठकपुर गांव के सामने हाईवे पर गुरैनी निवासी सुरेंद्र सिंह उम्र 60 वर्ष अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए खेरेश्वर सरैया घाट जा रहे थे अभी वह पाठकपुर गांव के नजदीक ही थे कि हाईवे पर तेज रफ्तार स्कार्पियो ने उन्हें भीषण टक्कर मार दी जिससे वह उछलकर दूर जा गिरे टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें मंधना स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। यहां पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों ने गाड़ी को मौके से पकड़ लिया लेकिन स्कार्पियो चालक मौके से फरार हो गया। वहीं दूसरी घटना में गुरुवार को दोपहर क्षेत्र के एक निजी दुग्ध कंपनी के पास अनियंत्रित होकर एक ऑटो पलट गयी। इससे उसमें बैठी औरैया जिले की बसई गांव निवासी काजल उम्र 4 वर्ष ऑटो के नीचे दब गई। राहगीरों ने काजल को सीएचसी चौबेपुर पहुंचाया। डॉक्टरों ने काजल को मृत घोषित कर दिया।

# विकास कार्यों में धांधली का आरोप लगा लिखा पत्र

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के नानामऊ सीट से जिला पंचायत सदस्य योगेन्द्र प्रताप (गगन) ने जिला पंचायत के तहत हो रहे निर्माण कार्यों में व्यापक अनियमितताओं और घोर लापरवाही का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

पंचायत सदस्य योगेन्द्र प्रताप ने शिकायती पत्र में बिल्हौर नानामऊ मेन रोड से ढाकापुरवा तक आठ सौ मीटर सड़क निर्माण का कार्य अधूरा होने की बात कही है, जबकि केवल छह सौ मीटर कार्य ही कराया गया है। आरोप यह भी है कि पूरा भुगतान निकाल लिया गया है और घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है, जिससे सड़क जल्दी टूटने लगी है। इसी तरह नानामऊ स्थित एक मंदिर परिसर में बने चबूतरे के निर्माण स्तर को भी बेहद खराब बताया गया है, जो कुछ ही समय में उखड़ गया है। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया है कि सैयद बाबा रोड, मोइद्दीनपुर से शाहमपुर कोट व गौरी तक की सड़क, इंदलापूर गांव की अंदरूनी सड़क तथा बलराम नगर से स्टेशन तक का नाला निर्माण भी अधूरा पड़ा है और मानकों के विपरीत घटिया तरीके से किया गया है। उनका कहना है कि निर्माण कार्य महज औपचारिकता बनकर रह गए हैं। कुछ परियोजनाएं तो वर्षों से अधर में लटकी हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय प्रभावशाली लोगों और ठेकेदारों की मिलीभगत से यह सारा कार्य हो रहा है और संबंधित विभागीय अधिकारी मौन धारण किए हुए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि इन सभी प्रकरणों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि शासन की जवाबदेही और पारदर्शिता बनी रहे।

## 65 वर्ष की विधवा का हुआ चालान

**शिवराजपुर।** गुरुवार को जमीन के विवाद में 65 वर्ष की विधवा महिला को थाना पुलिस ने जेल भेजा दिया। काकूपुर रब्बन गांव में काफी समय से घर के बाहर पड़ी जमीन को लेकर भाइयों में विवाद चल रहा था। इसी मामले में पुलिस ने 65 वर्षीय विधवा चंदा देवी व उनके पुत्र को कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

# युवती ने फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता,घाटमपुर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के भदरस गांव में युवती ने धन्नी के सहारे फांसी लगा ली। वहीं परिजनों ने पुलिस को बताया कि युवती मोबाइल रीचार्ज कराने की जिद पर अड़ी थी। परिजनों ने कुछ दिन बाद मोबाइल रिचार्ज कराने को कहा था। मोबाइल रिचार्ज न होने पर युवती ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के भदरस गांव निवासी शिवपाल ने बताया कि उनकी 20 वर्षीय बेटी पूजा ने घर के अंदर कमरे में धन्नी के सहारे दुपट्टे से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। काफी देर तक जब युवती बाहर नहीं निकली तो वह उसे बुलाने पहुंचे तो परिजन दंग रह गए। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल करने के साथ फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। घाटमपुर इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि सूचना मिली थी, युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। युवती मोबाइल रीचार्ज कराने की जिद पर अड़ी थी। परिजनो ने कुछ दिन बाद मोबाइल रिचार्ज कराने को कहा था। मोबाइल रिचार्ज न होने पर युवती ने फांसी लगा ली।

## पत्नी की हत्या में चार लोगों को सात साल की जेल

**बिल्हौर।** बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र में जुलाई 2022 में एक विवाहिता की हत्या के मामले मे एडीजे तृतीय कानपुर देहात कोर्ट ने आरोपी पति, ससुर, देवर, सास को सात वर्ष की सजा सुनाई है। बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के उत्तरीपूरा कस्बे में अरूण बाल्मीकि का विवाह किरन के साथ हुआ था लेकिन कुछ ही दिनो बाद जुलाई 2022 में किरन की गला दबा कर हत्या कर दी गई। इसमें आरोपी ससुर पप्पू, सास सुनीता, पति अरूण, और देवर अमन आरोपी बनाए गए थे। कोर्ट ने सभी आरोपियों को अलग अलग धाराओं में सजा सुनाई है। बता दें आरोपियों को सजा दिलाने मे एडीजीसी विवेक त्रिपाठी व कोर्ट मोहर्रिर ब्रजेन्द्र कुमार व पैरोकार जय भान सिंह ने अहम भूमिका निभाई है।

## ऋतु प्रिया बनीं घाटमपुर की एसडीएम

**घाटमपुर।** कानपुर नगर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बुधवार देर शाम दो एसडीएम के तबादले के आदेश जारी किये। घाटमपुर के एसडीएम अविचल प्रताप सिंह को सदर तहसील का प्रभार दिया गया है। वहीं सदर की एसडीएम ऋतु प्रिया को घाटमपुर भेजा गया है। जिलाधिकारी ने इस आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू करने के निर्देश दिये हैं।

# साढ़ पुलिस ने चोरी के तार समेत दो को दबोचा

संवाददाता घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर के साढ़ थाना क्षेत्र के साढ़ कस्बा में बीती 12 तारीख को उमरा नहर की पटरी पर लगे 14 पोल तार पार कर दिए गये थे। साथ ही बिधनू विद्युत उपकेंद्र के चौराइ गांव में भी तार कटिंग हुई थी। साढ़ थाना प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि 19 जून को सुबह लगभग साढ़े चार बजे दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में दोनों ने अपने नाम गोविन्द शर्मा तथा निशांत कुशवाहा बताया। उनके पास से दो क्विंटल तार, एक तार कटर, दो मोबाइल, ग्यारह सौ बीस रुपये बरामद हुए हैं। दोनों अभियुक्तों ने बताया की हम लोग अपने शौक पूरे करने के लिए विद्युत तार चोरी करते थे। साथ ही बताया कि हमारे गैंग का मुख्य सरगना आशीष यादव मल्लू निवासी थाना बिधनू व मनोज कश्यप उर्फ रम्बा ( पूर्व लाइन मैन) हैं। उन्ही के नेतृत्व में हम लोग अपने साथी आकाश व कन्हैया सोनकर व विजय निगम के साथ मिलकर विद्युत तार चोरी करने का काम करते थे। वहीं पुलिस बाकी आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

# सोता रहा परिवार, लाखों की नकदी और जेवर पार

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** ककवन रोड किनारे स्थित बिरहाना गांव में बुधवार रात को एक घर में लाखों रुपये की चोरी हो गई। चोर छत के रास्ते घर में घुसे थे। वहीं परिवार के सदस्य छत पर सोए हुए थे। वहीं घर की एक महिला के आधी रात को जागने पर घटना का पता चला, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

बिल्हौर कस्बे से लगभग दो किलोमीटर दूर बिरहाना गांव में ककवन रोड किनारे रहने वाले अशोक कुमार प्रजापति अपने घर के बाहरी हिस्से में किराने की दुकान चलाते हैं। बुधवार रात करीब 9:30 बजे दुकान बंद करने के बाद, अशोक कुमार ने अपनी पत्नी संतोषी, बेटी श्वेता और बेटे वंशराज के साथ छत पर खाना खाने के बाद हमेशा की तरह, रात करीब 11 बजे छत पर ही सभी लोग सो गये। रात लगभग 12:30 बजे, अशोक की पत्नी संतोषी की नींद खुली, तब उनकी नजर आंगन में लगे जाल से घर के मुख्य कमरे के दरवाजे पर पड़ी जो कि खुला हुआ था। उन्होंने तुरंत अपनी बेटी और पति को जगाया और नीचे जाकर देखा तो मुख्य कमरे में रखी अलमारी और बक्से खुले पड़े थे। सारा सामान इधर-उधर बिखरा हुआ था, और अलमारी में रखे 1 लाख 30 हजार रुपये नकद के साथ-साथ सोने चांदी के लगभग पांच लाख रुपये के जेवरात गायब थे। उन्होंने बताया कि

रात में कई बार 112 नंबर डायल करने की कोशिश की, लेकिन कॉल नहीं लगी। सुबह होने पर उन्होंने स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। थाना प्रभारी अशोक सरोज ने बताया कि टीम को निर्देश दिए है जल्द ही चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश किया जायेगा और आरोपियों को जेल भेजा जायेगा।

# कानपुर नगर निगम

## सर्व साधारण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213(1) के अन्तर्गत निम्न सूची में अंकित आवेदक गणों के नामांकन की कार्यवाही जोनल कार्यालय जोन–5 नगर निगम कानपुर द्वारा की जा रही है यदि किसी को निम्न आवेदन पत्रों पर कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के एक माह के अन्दर अपनी आपत्ति सम्बंधित जोनल कार्यालय में प्रमाण सहित प्रेषित करे। निर्धारित अवधि के अन्दर आपत्ति प्राप्त न होने पर आवेदकों का नाम उनके नाम के सम्मुख गृह संख्या में अंकित कर दिया जायेगा, निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

| क्र0सं0 | भवन संख्या | दाखिल का नाम | खारिज नाम | आधार | भाग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 125–1 / 10 / 20, गोविन्द नगर | श्री स्वयंम मंचन्दा पुत्र श्री अशोक मंचन्दा | श्री करतार चन्द | रजि0 बयनामा | पूरा भाग |
| 2 | 125–6 / 59 / 15, गोविन्द नगर | श्री श्याम लाल, श्री अमित द्विवेदी | श्रीमती अंजना देवी | उत्तराधिकार | पूरा भाग |
| 3 | 125–6 / 59 / 16, गोविन्द नगर | श्री श्याम लाल, श्री अमित द्विवेदी | श्रीमती अंजना देवी | उत्तराधिकार | पूरा भाग |
| 4 | आरएलएनएसबीसी / 5, एसबीआई, बर्रा कालोनी | श्री विकास पोरवाल, विशाल पोरवाल पुत्रगण स्व0 रमेश चन्द्र | श्रीमती आशा गुप्ता, विकास, विशाल पोरवाल | उत्तराधिकार | पूरा भाग |
| 5 | आरएलएलएमआईजी / 48, रतनलाल नगर | श्रीमती सूर्यकान्ता सहगल पत्नी स्व0 श्री जे0 एल0 सहगल | सरदार जोगिन्दर सिंह कालसी | रजि0 बयनामा | पूरा भाग |
| 6 | पीएसएम / 189डी, सरायमीता पनकी | डॉ0 सुनीत कुमार शुक्ला पुत्र स्व0 छोटे लाल शुक्ला | श्री मनिया प्रसाद, कुन्दन लाल | रजि0 बयनामा | जुज भाग |
| 7 | पीएसएम / 189डी, सरायमीता पनकी | श्री सुरेन्द्र कुमार शुक्ला पुत्र श्री हरिश्चन्द्र शुक्ला | मनिया प्रसाद, कुन्दनलाल | रजि0 बयनामा | जुज भाग |
| 8 | 119 / 33, दर्शनपुरवा | श्री शैलेन्द्र कुमार अग्निहोत्री, संजय अग्निहोत्री, श्रीमती निर्मल मिश्रा, नीलम त्रिपाठी, सुनीता गुप्ता पुत्री व पुत्रगण स्व0 अमरनाथ अग्निहोत्री | श्री अमरनाथ अग्निहोत्री | उत्तराधिकार | पूरा भाग |
| 9 | 119 / 37, दर्शनपुरवा | श्रीमती आरती अरोड़ा पत्नी श्री नीरज अरोड़ा | श्रीमती भूपिन्दर कौर | रजि0 बयनामा | जुज भाग |
| 10 | 119 / 205, दर्शनपुरवा | श्री हरीश कुमार पुत्र स्व0 मदन लाल | श्री मदनलाल | उत्तराधिकार | पूरा भाग |
| 11 | 119 / 796, दर्शनपुरवा | श्री कुलदीप कुमार पुत्र स्व0 राम कुमार | श्री राम कुमार | उत्तराधिकार | पूरा भाग |
| 12 | 119 / 156, दर्शनपुरवा | श्री स्वप्निल गुप्ता उर्फ मन्नू गुप्ता व श्री आशीष गुप्ता पुत्रगण श्री राम किशोर गुप्ता | श्री वृन्दावन विश्वकर्मा | रजि0 बयनामा | जुज भाग |
| 13 | 118 / 376, कौशलपुरी | श्री शिव कुमार पुत्र श्री लखन लाल | सरदार कृपाल सिंह | रजि0 बयनामा | जुज भाग |
| 14 | 119 / 204, दर्शनपुरवा | श्री हरीश कुमार पुत्र स्व0 मदन लाल | श्री मदनलाल | उत्तराधिकार | पूरा भाग |
| 15 | 119 / 81, दर्शनपुरवा | श्री अनुराग गुप्ता, श्री आलोक गुप्ता, श्री मंयक गुप्ता, श्रीमती तोसी गुप्ता पत्नी श्री आशुतोष गुप्ता | श्री अजय कुमार संजय कुमार | कोर्ट निर्णय | जुज भाग |
| 16 | 119 / 206, दर्शनपुरवा | श्री हरीश कुमार पुत्र स्व0 मदन लाल | मदनलाल | उत्तराधिकार | पूरा भाग |
| 17 | आरएलपी / प्लाट–1337, रतनलाल नगर | राम प्यारी शर्मा, श्री राजेन्द्र शर्मा, लाल जी शर्मा पत्नी स्व0 राम जीवन शर्मा | श्री0 आर0 गे0 | रजि0 वसीयत | जुज भाग |
| 18 | आरएलएनपी / 12ए–23, रतनलाल नगर | बृजेन्द्र कुमार पुत्र विश्वेश्वर शर्मा | श्री रतन गुप्ता | रजि0 बयनामा | पूरा भाग |
| 19 | पीईडब्लूएसएफ / 734, पनकी एफ–ब्लाक, ईडब्लूएस | श्री प्रशान्त दीक्षित पुत्र स्व0 विद्या चरण दीक्षित | श्री विद्या चरण दीक्षित | उत्तराधिकार | पूरा भाग |
| 20 | जीएमआईजीसी / 1–शॉप नं0–6, गुजैनी सी–ब्लाक | श्रीमती कुसमा साहू पत्नी श्री देव प्रकाश साहू | श्री अतुल कुमार त्रिपाठी पुत्र श्री महेश चन्द्र त्रिपाठी | रजि0 बयनामा | जुज भाग |
| 21 | जीईडब्लूएसएच–1 / 91, गुजैनी एच–1–ब्लाक | श्री संजय तिवारी पुत्र जगत नारायण | जगत नारायण | रजि0 बयनामा | पूरा भाग |
| 22 | बीईडब्लूएस4 / 375, बर्रा–4 डी0पी0 | श्री सुरेन्द्र सिंह पुत्र मेवा लाल सिंह | श्रीमती राम श्री | रजि0 वसीयत | पूरा भाग |
| 23 | 124 / ए / 258, ए–ब्लाक, गोविन्द नगर | श्रीमती हरदीप कौर पुत्री सरदार हरवंश सिंह, सुभा भाटिया पुत्री हरपाल भाटिया | ओम प्रकाश, संजय कुमार मग्गो | रजि0 बयनामा | जुज भाग |
| 24 | 124बी / 143, बी–ब्लाक, गोविन्द नगर | श्री संजय कुमार भगत पुत्र स्व0 परीक्षितराज भगत | परीक्षितराज भगत | रजि0 वसीयत | पूरा भाग |
| 25 | डीबी30 / 15, दबौली | श्रीमती सुनीता शर्मा पत्नी वीरेन्द्र कुमार शर्मा | शान्ती देवी | रजि0 वसीयत | पूरा भाग |

सुरेश गोदियाल
वरिष्ठ लिपिक
Ro No 85

कर अधीक्षक–5
नगर निगम, कानपुर

# झमाझम बारिश से राहत, गलियां जलमग्न

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जिले में गुरुवार को मानसूनी बारिश ने दस्तक दे दी। शाम को शुरू हुआ बारिश का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। इससे मौसम सुहावना हुआ और गर्मी से लोगों को राहत मिली। सड़कों पर जलभराव से लोगों को आफत दिखाई दी। नालों व नालियों की ठीक से सफाई नहीं होने से गलियां जलमग्न रहीं। इससे वाहन सवार व पैदल लोगों को आवागमन में परेशानी हुई।

जिले में गुरुवार की दोपहर तक भीषण उमस भरी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया था, लेकिन को झमाझम मानसूनी बारिश से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली और तापमान गिर गया। हालांकि अधिकतम तापमान 39.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। सीएसए कानपुर के मौसम विभाग के अनुसार कानपुर परिक्षेत्र समेत पूरे पूर्वी प्रदेश में मानसून आ गया है। मौसम की गतिविधियों के कारण चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बन रहा है। इस बार मानसूनी बारिश सामान्य रहने के आसार हैं। वहीं जलवायु परिवर्तन से मौसम पर पड़ रहे असर के कारण कहीं रिमझिम तो कहीं तेज बारिश की स्थिति बन सकती है। फिलहाल 24 जून तक गरज चमक के साथ बारिश की संभावना है। वहीं, जलनिकासी का समुचित प्रबंध न होने से गली, मोहल्ले व सड़कें जलमग्न हो गईं। अकबरपुर में अंडरपास के दोनों तरफ जलभराव हो गया। इससे लोगों को पानी से होकर गुजरना पड़ा। यही हाल बारा गांव का रहा। बताया कि उधर, कानपुर-इटावा और झांसी हाईवे में भी कई जगह पानी भरा रहा। शिवली में बैरी सवाई तिराहे, राजकीय बीज भंडार, कोतवाली शिवली के पिछले हिस्से में पानी भर गया। नगर पंचायत की सड़कों पर रुककर पानी निकलने से सड़कों पर कीचड़ हो गया।


बारिश से अकबरपुर के शुक्ल तालाब मोहल्ले की जलमग्न गली। अमृत विचार

**बिजली बेपटरी**

गुरुवार को तेज हवाओं संग पहली मानसूनी बारिश ने जिले में बिजली को बेपटरी कर दिया और कई जगहों पर फाल्ट हुए। बारिश शुरू होते ही शाम करीब चार बजे पूरे जिले की बिजली गुल हो गई। जिसके बाद जिला मुख्यालय समेत अकबरपुर में करीब साढे आठ बजे आपूर्ति बहाल हुई। इसी दौरान आंबेडकर नगर वार्ड के शुक्ल तालाब मोहल्ले में केबल फाल्ट हो गया। जिससे करीब एक दर्जन घरों में अंधेरा पसर गया।

# अफसर बेखबर : सिल्ट से चलने लायक नहीं बची बंबे की पटरी

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचार।** ठेकेदार ने शिवली बंबे की चलने वाली पटरी की मनमाने ढंग से सिल्ट उठाकर उसे चलने लायक भी नहीं छोड़ा। साथ ही किसानों के खेत में सिल्ट फैला दी। किसान जब खेत सही करने पहुंच रहे तो उनको परेशान किया जा रहा है। जबरन सिल्ट ढोने से खेत खराब होने का आरोप किसान लगा रहे हैं।

शिवली बंबे में भेवान, सिद्धपुर, बिरितियाना गांव में सिल्ट की उठान खूब की जा रही है। आवागमन वाली पटरी भी जगह जगह खोद ली गई। गड्ढा छिपाने के लिए गड्ढों पर सिल्ट डाली गई है। जिससे पटरी चलने लायक ही नहीं बची। किसान प्रमोद कुमार, अशोक अवस्थी, रामकुमार, सुरेश कुमार ने बताया कि वाहन से चलना दूर पैदल भी मुश्किल हो गया है। किसानों ने कहा कि सिल्ट उठाने के चक्कर में खेतों में सिल्ट फैलाई है। सिल्ट उठाने में किसानों की बिना सहमति वाहन भी जमकर निकाले गए है। जिससे उन्हें परेशानी हो रही है। किसान औनहां पुलिस से शिकायत भी कर चुके हैं। किसानों ने कहा कि अधिकारी इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे। हालांकि अधिशासी अभियंता सिंचाई कौशल किशोर ने बताया कि जांच कराई जाएगी।


खेत में फैली बंबे की पटरी की सिल्ट। अमृत विचार

- सिल्ट उठान से आवागमन वाली पटरी पर मनमानी खोदाई

# लूट में घायल हुई महिला की इलाज के दौरान गई जान

## पति के साथ ससुराल लौटते समय शनिवार को रनियां में हुई थी लूट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** पति के साथ बाइक से कानपुर से वापस अपने ससुराल सरगांव बुजुर्ग जा रही विवाहिता से रनियां के एक ढाबे के पास पीछे आए बाइक सवार लुटेरों ने झपट्टा मार दिया। इससे बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से गंभीर रूप से घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। एसपी ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर जानकारी ली।

बता दें कि अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के सरगांव बुजुर्ग निवासी हिमांशू दुबे बीती शनिवार की देर शाम अपनी पत्नी रक्षा उर्फ कोमल (24) के साथ बाइक से कानपुर से वापस अपने गांव सरगांव बुजुर्ग जा रहे थे। तभी रनियां थाना क्षेत्र के एक ढाबा के पास नेशनल हाईवे पर पीछे से आए बाइक सवार लुटेरों ने रक्षा के कान में झपट्टा मार कर बाले लूट लिए थे। छीनाझपटी में महिला हाईवे पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई थी। परिजन कानपुर नगर के निजी अस्पताल में इलाज करा रहे थे। वहीं पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर छानबीन शुरू की थी। वहीं इलाज के दौरान गुरुवार सुबह महिला की मौत हो गई। शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी पर सीओ सदर संजय वर्मा, रनियां एसओ संजय गुप्ता व रूरा एसओ जनार्दन प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और घटना के बावत जानकारी ली। वहीं दोपहर में अकबरपुर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे एसपी अरविंद मिश्र ने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने बताया कि घटना का खुलासा करने के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। सीसीटीवी समेत अन्य माध्यम से आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं शाम को शव का खेरेश्वर घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।


पोस्टमार्टम हाउस में पीड़ित परिवार से जानकारी लेते एसपी अरविंद मिश्र। अमृत विचार


रक्षा उर्फ कोमल।

- एसपी ने की छानबीन, घटना के खुलासे को टीमें गठित

**हेड इंजरी से मौत**

लूट के बाद बाइक सवार रक्षा ऊर्फ कोमल हाईवे पर गिर गई थी। जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आई थी। मौत के बाद गुरुवार को पोस्टमार्टम में पाया गया कि गिरने से महिला के सिर में गंभीर चोट आई थी और वह कोमा में चली गई थी। बाद में हेड इंजरी ही मौत का कारण बनी।

**लुटेरे पकड़ से दूर**

महिला से लूट के छह दिन बीतने के बाद भी रनियां पुलिस लुटेरों का सुराग तक नहीं लगा सकी है। जिससे लोगों में रोष व्याप्त है। पीडित परिजनों का कहना है कि पुलिस को तत्काल सूचना दी थी। अगर पुलिस सक्रिय होती तो लुटेरे पकडे जा सकते थे, लेकिन रनियां पुलिस तहरीर मिलने का इंतजार करती रही। वहीं रिपोर्ट दर्ज होने व महिला की मौत के बाद भी पुलिस केवल सीसीटीवी ही खंगाल रही है।

## ई-रिक्शा पलटने से पांच लोग हुए घायल

**पुखरायां।** देवराहट गांव के पास अचानक ई-रिक्शा पलटने पर किशोर सहित पांच लोग घायल हो गए। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार प्रेमपुर गांव निवासी सुमित (27), विजय सिंह (75), राघव(7), सावित्री (65) व रेखा देवी (35) आदि लोग पुखरायां आए हुए थे। इसके बाद भोगनीपुर से सभी लोग ई-रिक्शा में सवार होकर अपने गांव प्रेमपुर वापस जा रहे थे। तभी देवराहट गांव के पास अचानक अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा खड्ड में जाकर पलट गया। जिससे किशोर सहित पांच लोग घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद घायलों को निकल सीएचसी लाया गया। जहां डॉ. आलोक शाक्य ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया।

## थ्री व्हीलर की टक्कर से बाइक सवार गंभीर

**पुखरायां।** थ्री व्हीलर की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के सुखसौरा गांव निवासी सलमान (30) बाइक में सवार होकर कानपुर की ओर जा रहा था। तभी विदुखुरी गांव मोड़ के पास हाईवे पर थ्री व्हीलर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। घायल होने पर राहगीर उसे सीएचसी लाए। जहां डॉ. आलोक शाक्य ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कालेज अकबरपुर रेफर कर दिया।

# महिला ने आंगन के जाल में फंदा लगा कर दी जान, मचा कोहराम

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के उलरापुर गांव में एक महिला ने घर के अंदर आंगन के ऊपर लगे जाल में फंदा लगा लिया। इससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने छानबीन की है।

उलरापुर गांव के रहने वाले किसान विनय यादव की पत्नी पिंकी (40) पिछले कई वर्षों से मानसिक बीमार थी। गुरुवार सुबह पिंकी ने घर के अंदर आंगन में लगे जाल में साड़ी का फंदा लगा लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पति विनय ने उनका शव फांसी में लटका देखा तो शोर मचाया। इससे घर में कोहराम मच गया। मौत से पुत्र ऋषभ, पुत्री शिष्टा आदि का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। जानकारी पर घर के बाहर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। मृतका के देवर शिवम की सूचना पर रूरा थाने से दरोगा जितेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और छानबीन की। वहीं फॉरेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य संकलित कराए। थाना प्रभारी जनार्दन प्रताप सिंह ने बताया कि प्राथमिक छानबीन में महिला द्वारा आत्महत्या करने की बात सामने आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई होगी।


उलरापुर गांव में महिला की मौत पर बिलखते परिजन। अमृत विचार

## नवविवाहिता का कुंडे में दुप्पटे के सहारे लटका मिला शव

**संवाददाता शिवली।** मकरंदपुर बंथा गांव में नव विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पुलिस ने छानबीन की है। मकरंदपुर बंथा निवासी मनीराम राजपूत के पुत्र छंगा का करीब आठ माह पूर्व झारखंड की 36 वर्षीय लखीधरा से विवाह हुआ था। छंगा के पिता मनीराम, भाई उदयभान, जगन्नाथ तथा शोबरन गांव में अलग-अलग अपने मकान बनाकर रहते हैं। छंगा राजपूत प्रतिदिन की भांति बुधवार को मजदूरी करने के लिए कल्याणपुर कानपुर गया था। घर पर उसकी पत्नी अकेली थी। जब छंगा राजपूत वापस घर लौटा तो घर में कमरे की दीवार में लगे कुंडे में दुपट्टे के सहारे पत्नी का शव लटकता देख उसकी चीख निकल गई। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाल मुकेश सिंह सोलंकी व मैथा चौकी प्रभारी नरेंद्र सिंह ने छानबीन की। कोतवाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट से मौत की सही जानकारी मिल सकेगी। तहसीलदार सुनील कुमार भी मौके पर पहुंचे और जानकारी ली।


लखीधरा।


ओपन जिम का शुभारंभ करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष नीरज रानी व अन्य। अमृत विचार

# तीन ग्राम पंचायतों में हुई ओपन जिम की शुरुआत

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** ब्लॉक क्षेत्र की तीन ग्राम पंचायतों में बनाए गए ओपन जिमों का गुरुवार को जिला पंचायत अध्यक्ष ने फीता काट कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि खुली हवा में व्यायाम से जहां युवाओं और बुजुर्गों की सेहत बदलेगी।

सीडीओ लक्ष्मी नागप्पन की पहल से राजपुर ब्लॉक क्षेत्र में 11 ओपन जिम बनाए जा रहे हैं। बुधौली, कांधी व औडेरी में ओपन जिम बनकर तैयार हो गयें है। गुरुवार को जिला पंचायत अध्यक्ष नीरज रानी ने तीनों ग्राम पंचायतों में ओपन जिम का फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए तीनों ग्राम पंचायतों में ओपन जिम की शुरूआत की है। यह वास्तविकता में बेहतरीन कदम है। इससे युवा पीढ़ी में कसरत करने के प्रति रूझान बढ़ेगा। जिससे वे पूरी तरह तंदरुस्त रहेंगे और उनमें नई ऊर्जा व स्फूर्ति का संचार होगा। इस मौके पर बीडीओ हरगोविंद गुप्ता, प्रधान संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, एडीओ आईएसबी अजय कुमार गुप्ता, ग्राम प्रधान शशि देवी, जिला पंचायत सदस्य आनंद बाबू, आशीष कटियार, यतींद्र कटियार आदि मौजूद रहे।

- ग्रामीण रोजाना कर सकेंगे ओपन जिम में कसरत


उद्घाटन के बाद झूला झूलतीं जिला पंचायत अध्यक्ष। अमृत विचार

# राहगीरों को दर्द दे रहे सड़क के गड्ढे

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** सिकंदरा तहसील क्षेत्र का बकसौंधी-अनवा संपर्क मार्ग वर्षों से जर्जर है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे राहगीरों को दर्द दे रहे हैं। खस्ताहाल सड़क की मरम्मत न होने से लोग जोखिम भरा सफर करने को मजबूर है। अफसरों व जनप्रतिनिधियों से कई बार गुहार लगाने के बाद भी जर्जर सड़क की मरम्मत नहीं हो पा रही है। जिससे लोगों में नाराजगी है।

बीहड़ पटटी स्थित बकसौंधी से अनवा जाने के लिए करीब एक दशक पूर्व पीडब्ल्यूडी ने करीब दो किलोमीटर सड़क निर्माण कराया था। इस मार्ग से बकसौंधी, अनवा, कुचौता, मिलानपुर समेत करीब एक दर्जन गांवों के लोगों का आवागमन होता है। करीब पांच वर्ष पहले यह सड़क पूरी तरह जर्जर हो गई। सड़क की गिटटी उखडने से सड़क पर जगह-जगह बडे.गडढे.हो गए हैं। गांव के देवेंद्र सिंह चंदेल, विनोद सिंह, खिल्लू सिंह, पृथ्वीराज सिंह, सर्वेश सिंह, रामबाबू, पुष्पेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह चंदेल आदि ने बताया कि उन्होंने राज्यमंत्री अजीत सिंह पाल को समस्या के बावत शिकायती पत्र देकर बताया है कि बकसौंधी से अनवा गांव के अर्जुन सिंह के निजी नलकूप तक वर्ष 1999 में मंडी समिति द्वारा करीब दो किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कराया गया था। उसके बाद से सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई। इससे सड़क पूरी तरह जर्जर हो गई। जिससे आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। उसके बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई है।

- बकसौंधी की एक किमी सड़क क्षतिग्रस्त
- राज्यमंत्री से गुहार पर भी सड़क की नहीं हुई मरम्मत


बकसौंधी-अनवा जर्जर संपर्क मार्ग पर बिखरी गिट्टी। अमृत विचार

> बकसौंधी से अनवा मार्ग खस्ताहाल होने के बावत उन्हें शिकायती पत्र नहीं मिला है। जानकारी कर पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को सड़क निर्माण के लिए पत्राचार किया जाएगा।
>
> –सुभाष चंद्र, तहसीलदार, सिकंदरा

# उपभोक्ता सेवा में कमी पर दो डाक कर्मियों के खिलाफ परिवाद दायर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** उपभोक्ता सेवा में कमीं का आरोप लगा पीड़ित ने अकबरपुर डाकघर के डाक सहायक व डाक सेवक के खिलाफ उपभोक्ता फोरम में परिवाद दाखिल किया है। सुनवाई करते हुए फोरम ने दोनों विपक्षियों को नोटिस जारी कर सुनवाई के लिए 22 जुलाई की तिथि नियत की है।

अकबरपुर के नयागंज निवासी नैतिक मिश्रा ने उपभोक्ता फोरम में अकबरपुर डाकघर के डाकसहायक रविकांत व डाक सेवक राखी कटियार के खिलाफ उपभोक्ता सेवा में कमीं पर मानसिक क्षति व सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल करने के एवज में 2 लाख 25 हजार रुपये क्षतिपूर्ति की मांग करते हुए परिवाद प्रस्तुत किया। बताया है कि 4 जनवरी को वह आवश्यक डाक की रजिस्ट्री करने अकबरपुर डाकघर गया। रजिस्ट्री काउंटर पर काम कर रही डाक सेवक राखी कटियार ने रजिस्ट्री करने के लिए उसे घंटों इंतजार कराया। बाद में रजिस्ट्री नहीं की। अनुरोध करने पर तीन रजिस्ट्री से ज्यादा न करने की बात कहते हुए अपने पास पहले से रखे तीन डाक की रजिस्ट्री कर काम बंद कर दिया। जब उसने शिकायत डाक सहायक रविकांत से की तो उन्होंने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। परिवादी के अधिवक्ता रामनरेश मिश्रा ने बताया दोनों विपक्षियों से प्रतिकर की मांग कर परिवाद दाखिल किया गया है।

## पंखा लगाते समय करंट से अधेड़ की मौत

**सिकंदरा।** अमराहट थाना क्षेत्र के करियापुर गांव निवासी सर्वेश कुमार उम्र (51) गुरुवार शाम अपने घर में पंखा लगाते समय अचानक करंट के चपेट में आकर वह बुरी तरह झुलस गए। जानकारी पर परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरा ले गए। जहां डॉक्टर ने सर्वेश को मृत घोषित कर दिया।

इधर मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया और पत्नी राजकुमारी, बेटी और बेटे रोते-बिलखते रहे। इस संबंध में अमराहट थाना प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि शव का पंचायतनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**अव्यवस्था** एमबीबीएस डाक्टर न होने से सिकंदरा में होते मेडिकोलीगल

# आयुष डॉक्टरों के हवाले राजपुर पीएचसी की ओपीडी

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** सरकार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का दावा कर रही है, लेकिन हकीकत इससे इतर है। राजपुर पीएचसी में ब्लॉक की आरबीएसके टीम के डाक्टर ओपीडी व इमरजेंसी में मरीजों का इलाज कर रहे हैं। इससे मरीजों को समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा है। मरीजों के लिए पीएचसी रेफर सेंटर बन गया है।

राजपुर पीएचसी की ओपीडी में क्षेत्र के कई दूरदराज गांवों से 100 से 125 मरीज बीमारियों का इलाज कराने आते है। यहां एमबीबीएस डाक्टरों की कमी के चलते ब्लॉक की आरबीएसके टीम के आयुष डाक्टरों से ओपीडी कराई जा रही है। इतना ही नहीं इमरजेंसी सेवाएं भी इन्हीं डाक्टरों के हवाले है। ऐसे में गंभीर मरीजों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा मारपीट की घटनाओं और अपराध से संबंधित मामलों में पुलिस मेडिकल के लिए लोगों को पीएचसी भेजती है। एमबीबीएस डाक्टरों के डयूटी पर न होने से पुलिस को सिकन्दरा सीएचसी मेडिकल के लिए भेजना पड़ता है। ऐसे में पुलिस को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। पीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित निरंजन ने बताया कि पीएचसी में तैनात डॉ. शिवकुमार का 31 मार्च को गैर जनपद स्थानतंरण हो गया है। दूसरे चिकित्सक की तैनाती के लिए सीएमओ को पत्राचार किया गया है। डिप्टी सीएमओ डॉ. आदित्य सचान ने बताया कि आरबीएसके टीम के डाक्टरों से नियमित ओपीडी कराना नियम विरूद्ध है। पीएचसी अधीक्षक से स्पष्टीकरण तलब किया जाएगा।


मरीजों का इलाज करते आयुष डाक्टर। अमृत विचार

**एक एमबीबीएस के सहारे पीएचसी**

- राजपुर पीएचसी में कस्बा समेत ब्लॉक क्षेत्र के बीहड़ पट्टी स्थित सैकड़ों गांवों के मरीज नियमित इलाज कराने आते है। यहां पीएचसी अधीक्षक डॉ अमित निरंजन एमबीबीएस के अलावा डॉ शिव विनायक त्रिपाठी बतौर आयुष चिकित्सक तैनात हैं। इसके अलावा डॉ नीलू कटियार, डॉ आकांक्षा मिश्रा, डॉ अनूप द्विवेदी आरबीएसके (राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम) टीम में है। वही डॉ हरदीप प्रताप सिंह व डॉ मनोज सर्राफ ट्रेनी चिकित्सक के रुप में मरीजों का इलाज कर रहे हैं।

# पूर्वांचल के विकास का गेटवे बनेगा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री योगी आजमगढ़ और गोरखपुर में आज करेंगे एक्सप्रेसवे का लोकार्पण



**अमृत विचार :** गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे को पूर्वांचल के विकास के नए गेटवे के रूप में देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का शुक्रवार को लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम करीब 92 किमी लंबे लिंक एक्सप्रेस-वे के दोनों छोरों आजमगढ़ के सलारपुर और गोरखपुर के भगवानपुर टोलप्लाजा के पास होगा।

आजमगढ़ वाले छोर पर लिंक एक्सप्रेसवे का लोकार्पण और जनसभा करने के बाद मुख्यमंत्री एक्सप्रेस-वे का भ्रमण करते हुए गोरखपुर वाले छोर पर आएंगे और यहां भी लोकार्पण की औपचारिकता के बाद जनसभा को संबोधित करेंगे। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे की कुल लंबाई 91.35 किमी है। यह गोरखपुर के एनएच-27 पर जैतपुर के पास शुरू होकर आजमगढ़ के सलारपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से मिलता है। चार जिलों गोरखपुर, संतकबीरनगर, अंबेडकरनगर और आजमगढ़ में पड़ने वाला पूर्णतः प्रवेश नियंत्रित यह एक्सप्रेस-वे फोरलेन में निर्मित है और इसे भविष्य में सिक्सलेन तक विस्तारित किया जा सकता। एक्सप्रेस-वे की इस परियोजना पर भूमि अधिग्रहण सहित 7283.28 करोड़ रुपये की लागत आई है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का निर्माण दो पैकेज में गोरखपुर के जैतपुर से अंबेडकरनगर के फुलवरिया तक (48.317 किमी) तथा फुलवरिया से आजमगढ़ के सलारपुर तक (43.035 किमी) किया गया है। पहले पैकेज का निर्माण कार्यदायी संस्था के रूप में एपको इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड और दूसरे पैकेज का निर्माण दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड ने कराया है।

### 22029 किसानों को मिला 2030.29 करोड़ रुपये मुआवजा

परियोजना के लिए सरकार ने 22029 किसानों को 2030 .29 करोड़ रुपये की धनराशि का भुगतान मुआवजा (प्रतिकर) के रूप में किया है। यही नहीं जमीन देने वाले किसानों को मुख्यमंत्री योगी गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे प्रोजेक्ट के शुरुआती चरण में खुद सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना कर चुके हैं।

### कंट्रोल रूम पर फोन करते ही मिलेगी त्वरित मदद

गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पर यात्रियों के लिए यातायात सुगमता के साथ सुरक्षा और संकट में सहायता के लिए भी पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। मदद के लिए यात्रियों को बस कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नम्बर 14449 पर फोन करना ही पर्याप्त होगा। फोन करते ही यूपीडा के जीपीएस लगे वाहन व एम्बुलेंस मौके पर मदद के लिए पहुंच जाएंगे।

# गंगा एक्सप्रेस-वे पर जल्द फर्राटा भरेंगे वाहन



- कुल 19 एंट्री और एग्जिट प्वॉइंट, शहरों से सीधे आसपास के जिलों में पहुंचना होगा आसान
- नवंबर तक पूरा कर लिया जाएगा कार्य, 12 जिलों को कवर करेगा एक्सप्रेस-वे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में गंगा एक्सप्रेस-वे पर वाहन जल्द फर्राटा भरते नजर आएंगे। इस एक्सप्रेस-वे का काम तेज गति से जारी है। संभावना है कि सारा कार्य नवंबर 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। यूपीडा ने इस एक्सप्रेस-वे पर टोल प्लाजा और टोल बूथ लगाने के लिए लोकेशन का चयन करना शुरू कर दिया है।

यूपीडा गंगा एक्सप्रेस-वे के चार स्थानों और तीन लोकेशन पर टोल प्लाजा और बूथ का निर्माण करेगा। इस एक्सप्रेस-वे पर 23 टोल प्लाजा और 211 बूथ या टोल एकत्रित करने के लिए लेन होंगी। पहला टोल प्लाजा मेरठ में होगा। इसके बाद 2 और 3 टोल प्लाजा लगभग 11 किलोमीटर बाद बदायूं में होंगे।

इस एक्सप्रेस-वे पर अलग-अलग जिलों से कुल 19 एंट्री और एग्जिट प्वॉइंट दिए गए हैं। इस सुविधा की वजह से वाहनों को एक्सप्रेस-वे के जरिए शहरों से सीधे आसपास के जिलों में पहुंचना काफी सरल हो जाएगा। गंगा एक्सप्रेस-वे 12 जिलों को कवर करेगा। इसमें मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज शामिल हैं।

### नियमावली के मुताबिक लगेगा टोल शुल्क

**अमृत विचार :** यूपीडा ने गंगा एक्सप्रेस-वे की टोल दरों की गणना के लिए अनुभवी सलाहकारों से प्रस्ताव मांगे हैं। टोल शुल्क की गणना उप्र. टोल नियमावली के मुताबिक ही होगी। सूत्रों के अनुसार, कार, जीप, वैन और हल्के वाहनों के लिए 2.55 रुपये प्रति किमी, हल्के कमर्शियल वाहनों और मिनी बस के लिए 4.05 रुपये प्रति किमी, बस व ट्रक के लिए 8.15 रुपये प्रति किमी, भारी निर्माण वाहनों के लिए 12.55 रुपये प्रति किमी और ओवरसाइज वाहनों के लिए ये दरें 16.05 रुपये प्रति किमी हैं। वहीं बाईपास का प्रयोग करने के लिए ये टोल दरें क्रमशः 70 पैसे, 1.05 रुपये, 2.10 रुपये, 3.15 रुपये और 4.15 रुपये प्रति किलोमीटर हैं।

## एक नजर

### डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर होगा वृहद पौधरोपण

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के के बलिदान दिवस (23 जून) पर मुख्यमंत्री योगी ने पूरे प्रदेश में वृहद पौधरोपण कराने का निर्देश दिया है। इसमें जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों-परिवारजनों की सहभागिता भी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी ने सभी मंडलीय, जोनल वन संरक्षकों, प्रभागीय अधिकारियों पौधरोपण कार्यक्रम की तैयारी के निर्देश दिए हैं।

### संकिसा में बौद्ध मठों का सात करोड़ से होगा विकास


**अमृत विचार, लखनऊ :** बौद्ध पर्यटकों को ध्यान में रखकर फर्रुखाबाद के संकिसा स्थित बौद्ध मठों में अवस्थापना विकास एवं सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसके लिए सात करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि स्वीकृत की गई है। यह जानकारी उप्र. पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने गुरुवार को दी।

# यूपी को बिजली सप्लाई करेगा अडानी समूह

## प्रदेश में बड़ा निवेश करेगी कंपनी, लगाएगी अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल पावर प्लांट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य सचिव के साथ अडानी समूह के प्रतिनिधि की मुलाकात, संभावित निवेश के प्रस्तावों पर बनेगा रोडमैप



**अमृत विचार :** देश की निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी थर्मल पावर कंपनी अडानी पावर को उत्तर प्रदेश को बिजली देने का बड़ा जिम्मा मिला है। अदानी पावर राज्य में 1500 मेगावाट बिजली की आपूर्ति करेगा। कंपनी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, अडानी पावर को यह बिजली एक नए पावर प्लांट से मिलेगी, जिसे उत्तर प्रदेश में ही बनाया जाएगा। यह नया बिजलीघर बहुत आधुनिक होगा और इसे अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल पावर प्लांट कहा जाता है।

इस पावर प्लांट की कुल क्षमता 2×800 मेगावाट यानी करीब 1600 मेगावाट होगी, जिससे 1500 मेगावाट बिजली की सप्लाई होगी। इस परियोजना में लगभग 16,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। दरअसल, कैबिनेट से इस महीने की शुरुआत में इस परियोजना को मंजूरी दिए जाने के बाद ताजा कवायद सामने आयी है। कंपनी को अब मिले लेटर ऑफ अवार्ड के तहत उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के साथ एक लॉन्ग टर्म पावर सप्लाई एग्रीमेंट साइन करना होगा।

### मिर्जापुर के दादरी गांव में लगेगा प्लांट

**अमृत विचार :** अडानी पावर लिमिटेड अपना पहला थर्मल पावर प्लांट मिर्जापुर जिले के दादरी गांव में लगाने जा रही है। इस प्लांट में 800-800 मेगावाट में दो कुल 1600 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। गुजरात, महाराष्ट्र, राजथान, कर्नाटक, तमिलनाडु झारखंड, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कुल 17510 मेगावाट बिजली उत्पादन करने वाली एपीएल ने अब दादरी खुर्द गांव में 1600 मेगावाट बिजली उत्पादन के लिए परियोजना पर काम शुरू कर दिया है। इस परियोजना से निर्माण के दौरान 2,000 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद है।



> अडानी पोर्ट्र्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) के प्रबंध निदेशक करण अडानी से मुलाकात की और इस बात पर चर्चा की कि राज्य को समावेशी और गतिशील अर्थव्यवस्था बनाने के लिए और कैसे सशक्त बनाया जाए। अडानी समूह ने पहले कहा था कि वह उत्तर प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, क्योंकि राज्य में अपार अवसर हैं।
>
> – मनोज कुमार सिंह, मुख्य सचिव

### गेहूं किसानों को मिला 2508 करोड़ का भुगतान

**अमृत विचार, लखनऊ :** गेहूं खरीद में पिछले साल का रिकॉर्ड टूट गया। 9.31 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद के सापेक्ष इस साल रबी विपणन वर्ष 2025-26 में यह खरीद बढ़कर 10.27 लाख मीट्रिक टन से अधिक रही। मुख्यमंत्री के निर्देश पर गांवों तक मोबाइल क्रय केंद्र पहुंचे, जिससे दो लाख से अधिक किसानों ने गेहूं बेचा और उन्हें 2508.26 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। इस साल 5853 क्रय केंद्रों के माध्यम से गेहूं खरीद 17 मार्च से शुरू होकर 15 जून तक चली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अवकाश में भी गांव-गांव पहुंचकर अफसरों ने किसानों से संपर्क करते हुए मोबाइल क्रय केंद्र के जरिए गेहूं खरीद की। केंद्र सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया था। पिछले वर्ष यह मूल्य 2275 रुपये प्रति कुंतल था।

# दस दिन में पूरे प्रदेश में पहुंच जाएगा मानसून

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विभिन्न जिलों में तीन दिनों में होगी लगभग 30 मिमी तक बारिश
- दो से तीन दिन में दक्षिण-पश्चिम मानसून के अन्य हिस्सों में आगे बढ़ने की संभावना

**अमृत विचार :** उप्र. में प्रवेश कर चुका मॉनसून अगले दस दिन में पूरे प्रदेश को कवर कर लेगा। दो से तीन दिन में दक्षिण-पश्चिम मानसून के प्रदेश के अन्य हिस्सों में आगे बढ़ने की संभावना है। इस बीच विभिन्न जिलों में लगभग 30 मिमी तक बारिश होने की संभावना है।

दरअसल, प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून ने समय से पांच दिन की देरी से बुधवार को दस्तक दी थी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अधिकारियों के मुताबिक, सामान्य तौर पर राज्य में मानसून का आगमन 13 जून को होता है। मानसून की दस्तक के साथ ही सोनभद्र, बलिया, मऊ, गाजीपुर आदि सहित देश के विभिन्न जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। इसके अनुसार, अगले दो से तीन दिन में दक्षिण-पश्चिम मानसून के प्रदेश के अन्य हिस्सों में आगे बढ़ते हुए 30 जून तक पूरे राज्य को कवर कर लेने की संभावना है।

मालूम हो कि बुधवार को मानसून ने सोनभद्र जिले से प्रदेश में प्रवेश किया, जिससे पूर्वी यूपी के बलिया, मऊ, गाजीपुर समेत कई जिलों में बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार को पूर्वी उप्र. और तराई के 16 जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है। वहीं, 39 जिलों में गरज-चमक के साथ बिजली गिरने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 23 जून तक प्रदेश में भारी बारिश के दौरान कई जगहों पर गरज-चमक और आंधी का भी अनुमान है।

## गैंडा संरक्षण के लिए बनेंगे दो नए राइनो रिहैबिलिटेशन सेंटर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के वन एवं वन्य जीव विभाग ने गैंडों और अन्य संकटग्रस्त वन्य जीवों के प्राकृतिक आवास के संरक्षण के लिए महत्वाकांक्षी कार्ययोजना शुरू की है। इसके तहत लखीमपुर के दुधवा राष्ट्रीय उद्यान में गैंड़ो के संरक्षण के लिए दो नए राइनो रिहैबिलिटेशन सेंटर (आरआरए) बनाए जाएंगे। योगी सरकार ने परियोजना के लिए विभाग को 1.5 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की है।

दुधवा राष्ट्रीय उद्यान के उप निदेशक रंगाराजू ने बताया कि इसके पहले राष्ट्रीय उद्यान में आरआरए-1 और 2 राइनो रिहैबिलिटेशन एरिया बनाए गए थे। वर्तमान में इसी के अनुरूप आरआरए- 3 और 4 को तैयार किया जाएगा। जहां गैंडों को खुले जंगल में विशेष मानिटरिंग के अंतर्गत रखा जाएगा। जिससे वे प्राकृतिक वातावरण में अपने स्वाभाविक व्यवहार के साथ रह सकें। उप निदेशक ने बताया कि परियोजना के तहत 1.27 करोड़ रुपये उनके प्राकृतिक आवास, जलाशयों और अनुकूल वनस्पतियों एवं क्षेत्र के रख रखाव के लिए आवंटित किया गया है। जबकि लगभग 7 लाख रुपये वन्य जीवों की औषधि और रसायन के लिए, 4.80 लाख रुपये वृहद निर्माण और 3 लाख रुपये लघु निर्माण कार्य के लिए रखे गये हैं।

# नीट यूजी काउंसिलिंग की तैयारी शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रदेश के निवासियों को ही मिलेगा प्रवेश, निजी कॉलेजों में बाध्यता नहीं

**अमृत विचार :** मेडिकल व डेंटल कॉलेजों में एमबीबीएस व बीडीएस (स्नातक पाठ्यक्रम) 2025-26 सत्र में दाखिलों के लिए काउंसिलिंग होगी। राजधानी के केजीएमयू व आरएमएल आयुर्विज्ञान समेत प्रदेश के 20 विभिन्न मेडिकल कॉलेज नोडल होंगे, जहां अभ्यर्थियों को अपने प्रपत्रों की जांच कराना होगा। उक्त नियमों के साथ यूपी नीट यूजी-2025 काउंसिलिंग के लिए नियम-निर्देश युक्त ब्रोशर तैयार किया जाएगा, इसके लिए चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक स्तर पर कमेटी गठित की जाएगी। जिसमें महानिदेशालय के प्रतिनिधि के साथ ही केजीएमयू, डॉ.आरएमएल आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ और शासन के अधिकारी शामिल होंगे।

उक्त आदेश बुधवार देर रात प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने जारी कर दिए हैं, काउंसिलिंग संबन्धी आदेश में उन्होंने स्पष्ट किया है कि सरकारी मेडिकल कॉलेजों में उपलब्ध 858 सीटों पर अपने राज्य के विद्यार्थियों के लिए आरक्षित होंगी, जबकि निजी व अल्पसंख्यक मेडिकल कॉलेजों में दाखिला लेने के लिए अनिवार्यता नहीं है। इसके अलावा आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए एनटीए द्वारा जारी कट-ऑफ ही यूपी नीट काउंसिलिंग में मान्य होगा।

प्रमुख सचिव ने बताया कि सरकारी मेडिकल कॉलेज में स्टेट कोटे की 85 सीटों पर दाखिले के लिए उप्र. का निवासी होने के साथ ही हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं भी प्रदेश के कॉलेज से उत्तीर्ण होना चाहिए, अगर इंटर अन्य प्रांत किया है तो अभ्यर्थी को शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निवास प्रमाण पत्र देना होगा। काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने के लिए निर्धारित शुल्क के साथ पंजीकरण कराना होगा, प्रथम, द्वितीय व तृतीय चरण की काउंसिलिंग के लिए पंजीकरण शुल्क दो हजार रुपये देना होगा, जबकि स्ट्रे वैकेन्सी राउंड में प्रतिभाग करने को नवीन पंजीकरण कराना होगा। सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्राथमिकता देने के लिए अभ्यर्थियों को 30 हजार रुपये, निजी मेडिकल कॉलेजों में दो लाख रुपये, इसके अलावा निजी डेंटल कॉलेजों के लिए एक लाख रुपये धरोहर राशि जमा करनी होगी। सरकारी व निजी दोनों प्रकार के मेडिकल कॉलेजों में काउंसिलिंग के लिए एक लाख रुपये की धरोहर राशि जमा करनी है।

## नियामक आयोग कार्यालय पर कर्मियों का मौन प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण को लेकर सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन के 'आरएफपी डॉक्यूमेंट' पर अभिमत मांगे जाने के विरोध में बिजली कर्मियों ने राज्य विद्युत नियामक आयोग कार्यालय के सामने फिर मौन प्रदर्शन किया। इस बीच, बिजली अभियंताओं के स्थानांतरण के विरोध में बिजली कर्मियों का विरोध-प्रदर्शन जारी रहा।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र. के आह्वान पर सैकड़ों बिजली कर्मचारियों ने नियामक आयोग पर प्रदर्शन किया। संघर्ष समिति ने आरोप लगाया है कि निजी घरानों के दबाव में निजीकरण के आरएफपी डॉक्यूमेंट पर विद्युत नियामक आयोग से अभिमत लेने की तैयारी है। इससे बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा व्याप्त हो गया है।

# आपातकाल के खिलाफ युवाओं को जागरूक करेगी भाजयुमो

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भाजपा ने मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम की रणनीति बनाकर सौंपी जिम्मेदारी
- 25, 26 और 27 जून को प्रदेश में अलग-अलग नौ स्थानों पर होंगे कार्यक्रम

**अमृत विचार :** भाजपा ने आपातकाल के 50वें वर्ष में प्रदेश में मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम को लेकर रणनीति बनाई। 25, 26 और 27 जून को अलग अलग नौ स्थानों पर इस आयोजन की जिम्मेदारी भाजपा युवा मोर्चा को दी गई है। कार्यक्रम मेरठ, झांसी, कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, गाजियाबाद, अलीगढ़ व बरेली में आयोजित किए जाएंगे।

मॉक पार्लियामेंट की तैयारियों को लेकर गुरुवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने भाजयुमो के पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए तैयारियों की समीक्षा की। कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय है। कांग्रेस सरकार ने देश पर आपातकाल थोपा था। युवाओं को इस ऐतिहासिक सत्य से अवगत कराना आवश्यक है। ताकि भविष्य में लोकतंत्र पर ऐसा संकट दोबारा न आए और देश के युवा सहित सभी नागरिक लोकतंत्र की मजबूती के लिए जागरूक रहें। धर्मपाल सिंह ने कहा कि मॉक पार्लियामेंट के माध्यम से इस संदेश को प्रदेश के कोने-कोने तक विशेष रूप से युवाओं के बीच पहुंचाएं।



लखनऊ में पदाधिकारियों के साथ बैठक करते प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष प्रांशुदत्त द्विवेदी ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक युवाओं को इस आयोजन से जोड़ें। बैठक में भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, अभियान की प्रदेश टोली के सदस्य उपस्थित रहे।

## वर्ग पहेली-7

**बाएं से दाएं**

1.1. किसी स्थान पर प्रवेश हेतु लिखित अनुमतिपत्र, आज्ञापत्र 2. बिना टिकट लिए

3.1. लौटाना, वापस करना 2. उलटाना, बदलना।

6.1. कलकल की आवाज़ होना 2. शरीर में गरमी की अनुभूति होना 3. कुलबुलाना (शरीर का)।

7.1. झाड़ी, झुरमुट 2. बालों का जूड़ा, जुट्टी 3. पौधों या झाड़ियों का झुरमुट 4. घास-फूस का पूला, जूरी 5. समूह, झुंड 6. झोंटा।

8. गंधी, इत्रफ़रोश, गंधद्रव्य, सुगंधित पदार्थ।

**ऊपर से नीचे**

2.1. कुलबुलाने की अवस्था

4.1. चारों ओर से ठीक एवं दुरुस्त 2. चुस्त, फुरतीला।

5. निरुपाधि।

7.1. जोखिम 2. ज़िम्मेदारी, जवाबदेही, उत्तरदायित्व।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 3 | | | | ■ |
| 4 | ■ | ■ | | ■ | ■ | 5 |
| 6 | | | | | ■ | |
| | ■ | ■ | | ■ | ■ | |
| | ■ | 7 | | ■ | ■ | |
| | ■ | | ■ | 8 | | |

### वर्ग पहेली -6 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 झ | ■ | 2 उ | 3 प | जा | ति | ■ |
| न | ■ | ■ | रं | ■ | ■ | ■ |
| क | ■ | ■ | प | ■ | 4 बू | ढ़ा |
| 5 ना | मी | गि | रा | मी | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | नु | ■ | 6 शी | रीं |
| ■ | ■ | ■ | 7 ग | जा | ल | ■ |
| 8 सं | घ | टि | त | ■ | न | ■ |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति :20 जून, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, नवमी-09 .49 तक तत्पश्चात दशमी।

**मेष** – आज महिलाओं को सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक प्रयोग करना चाहिये। पारस्परिक संबंधों को दूसरों के कारण प्रभावित न होने दें। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। छात्र पढ़ाई को लेकर लापरवाह न रहें। उच्च अधिकारी आपके स्थानान्तरण को लेकर विचार कर सकते हैं।

**वृष** – आज आपके मनोबल में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे। एसिडिटी जैसी समस्या हो सकती है। अविवाहित लोगों को विवाह के उत्तम प्रस्ताव मिल सकते हैं। व्यापार में आप विस्तार करने का विचार बना सकते हैं।

**मिथुन** – आज कार्यक्षेत्र में नए तरीकों को अपना सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। घर का वातावरण बहुत ही अच्छा रहने वाला है। भावनात्मक संबंध काफी गहरे होंगे। छोटी कारोबारी यात्रा होने के योग बन रहे हैं। व्यावसायिक सम्बन्ध काफी मजबूत हो सकते हैं।

**कर्क** – आज पैतृक व्यवसाय में अच्छी सफलता मिलेगी। नए लक्ष्यों को निर्धारित करने और उन्हे साधने की कोशिश करेंगे। घर का वातावरण बहुत ही शान्तिपूर्ण रहेगा। आपकी दिनचर्या बेहद संतुलित रहेगी। विद्यार्थी अध्ययन के प्रति एकाग्र रहेंगे।

**सिंह** – आज आपके काम थोड़े मंद गति से होंगे। शरीर में आलस्य और सुस्ती छा सकती है। परिजनों का पर्याप्त सहयोग नहीं मिलेगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में उलझ सकते हैं। बच्चों की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है।

**कन्या** – आज मित्रों के माध्यम से कोई अच्छी खबर मिल सकती है। संपत्ति के विक्रय को लेकर आ रही बाधा दूर होगी। आपका स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। लोग आपकी सोच और कार्यप्रणाली से काफी सहमत रहेंगे। मन में विचारों की अधिकता रहेगी।

**तुला** – आज कारोबार के विस्तार की योजना बना सकते हैं। घर के लिए नई वस्तुएं खरीद सकते हैं। समय का सार्थक उपयोग कर पायेंगे। रचनात्मक कार्यों में आपकी विशेष रुचि रहेगी। आज तले हुए भोजन का सेवन न करें।

**वृश्चिक** – आज आप संतान की शिक्षा पर अधिक ध्यान देंगे। सही रणनीति के साथ कार्य करने से आपको लाभ मिलेगा। खर्चों पर नियंत्रण करने का प्रयास करेंगे। प्रेमी जन के साथ घनिष्ठता का आनन्द लेंगे। मन में प्रतिस्पर्धा की भावना रहेगी। दूसरों के भरोसे बैठकर काम न करें।


**धनु** – आज अपनी बातों को लेकर अड़ियल रवैया अपनाने से बचना चाहिए। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा। हल्की-फुल्की बीमारियां आपको परेशान कर सकती हैं। जीवनसाथी आपसे कुछ उपहार की अपेक्षा रख सकता है।

**मकर** – आज विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को लाभ मिलेगा। प्रबल इच्छाशक्ति से नए कार्यों को शुरू कर सकते हैं। अधिकारी आपका उत्साहवर्धन कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। नए क्लाइंट्स के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**कुंभ** – आज आपको नजदीकी सम्बन्धियों के सहयोग से अभिभूत होंगे। अपनी परेशानियों को दोस्तों के साथ शेयर करें आपको बहुत अच्छा लगेगा। फाइनेन्स से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। आज खाली समय में पसन्दीदा संगीत का आनन्द उठा सकते हैं।

**मीन** – आज कार्यक्षेत्र में योग्यता और कुशलता का परिचय देंगे। उच्च पदों पर आसीन लोगों के लिए दिन राहत भरा रहने वाला है। पूर्व में किए गए वादों पर खरे उतरेंगे। घरेलू खर्चों में कमी आयेगी। परिवार में आपसी सहयोग और सौहाद्र का वातावरण रहेगा।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-रेवती 09 .45 तक तत्पश्चात अश्विनी।

## सुडोकू -14

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 1 | | | | 3 | 9 | |
| | | | 6 | | | 8 | | |
| 3 | 8 | 6 | | | 5 | | | 7 |
| | 1 | | | 8 | 9 | | | |
| | 2 | 5 | | | | 1 | 8 | |
| | | | 1 | 7 | | | 3 | |
| 9 | | | 3 | | | 6 | 1 | 5 |
| | | 4 | | | 1 | | | |
| | 5 | 8 | | | | 2 | 4 | |

### सुडोकू - 13 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 9 | 2 | 7 | 5 | 8 | 1 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 |
| 7 | 4 | 8 | 9 | 1 | 6 | 3 | 2 | 5 |
| 6 | 1 | 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 4 | 8 |
| 9 | 8 | 3 | 1 | 6 | 4 | 7 | 5 | 2 |
| 4 | 2 | 5 | 8 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 |
| 5 | 9 | 6 | 7 | 3 | 2 | 4 | 8 | 1 |
| 2 | 7 | 1 | 4 | 8 | 9 | 5 | 3 | 6 |
| 8 | 3 | 4 | 6 | 5 | 1 | 2 | 9 | 7 |

यत् सुखं सेवमानोपि धर्मार्थाभ्यां न हीयते।
कामं तदुपसेवेत न मूढव्रतमाचरेत्। ॥

व्यक्ति को यह छूट है कि वह न्यायपूर्वक ओर धर्म के मार्ग पर चलकर इच्छानुसार सुखों का भरपूर उपभोग करें ,लेकिन उनमें इतना आसक्त न हो जाए कि अधर्म का मार्ग पकड़ ले।

## संपादकीय

# रक्षा सहयोग पर सहमति

विश्व व्यवस्था में तेजी से हो रही उठापटक के बीच दुनिया के विकास, दुनिया को समझने का तरीका साफ तौर पर बदल गया है। इससे भारत और यूरोपीय संघ भी अछूते नहीं रहे हैं। वास्तव में आज भारत और यूरोप के बीच साझेदारी का महत्व है। यूरोपीय संघ के साथ रणनीतिक साझेदारी मजबूत बनाने में क्रोएशिया का समर्थन एवं सहयोग जरूरी है। कनाडा से वापस लौटते वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का क्रोएशिया दौरा भारत की यूरोपीय रणनीति के लिए अहम है। प्रधानमंत्री मोदी ने क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविक के साथ वार्ता की। दोनों देशों ने रक्षा सहयोग योजना तैयार करने पर सहमति जताई। इस दौरे में रक्षा सहयोग, निवेश, तकनीक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर कई समझौते हुए। भारत और क्रोएशिया के संबंध पुराने हैं। क्रोएशिया ने 1991 में यूगोस्लाविया से अलग होकर स्वतंत्रता की घोषणा की। भारत ने मई 1992 में क्रोएशिया को औपचारिक रूप से मान्यता दी और 9 जुलाई 1992 को भारत से राजनयिक संबंध स्थापित हुए। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की क्रोएशिया की पहली यात्रा है, जो दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। क्रोएशिया छोटा देश है परंतु भौगोलिक रूप से महत्वपूर्ण है। यूरोपीय संघ और नाटो में उसकी राजनीतिक पकड़ भी है। यह यूरोप का महत्वपूर्ण समुद्री प्रवेश द्वार है, जो यूरोप को निर्यात करने के लिए महत्व रखता है। क्रोएशिया की चीन पर कम निर्भरता और उसके बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के प्रति संदेह इसे भारत के लिए एक अच्छा भागीदार बनाते हैं। यानी क्रोएशिया भारत के लिए एक भरोसेमंद साथी साबित हो सकता है।

क्रोएशिया में भारतीय समुदाय पिछले तीन वर्षों में तेजी से बदला है। वहां जनसांख्यिकीय स्थिति बहुत बदल गई है। वहां अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने के लिए बहुत से विदेशी श्रमिकों को नियोजित किया जा रहा है। द्विपक्षीय संबंधों का एक महत्वपूर्ण स्तंभ क्रोएशिया में बढ़ते भारतीय प्रवासी हैं। 2023 में दोनों देशों के बीच 337.68 मिलियन अमेरिकी डॉलर का व्यापार हुआ। दोनों देशों के बीच आर्थिक जुड़ाव, हालांकि मामूली पैमाने पर है, लेकिन इसमें वृद्धिशील प्रगति देखी गई है। जानकारों के मुताबिक पीएम मोदी का यह दौरा भारत की यूरोपीय रणनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत है। भारत के रुख़ की बड़ी वजह उसके व्यावहारिक भू-राजनीतिक हित भी हैं, बहुपक्षीय सहयोग की भारत की नीति यहां अहम हो जाती है। साथ ही इस यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों को नई गति मिलेगी।

# भारत-कनाडा रिश्तों का नया दौर



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की टिप्पणियां भी उल्लेखनीय रही हैं। उन्होंने भारत की वैश्विक भूमिका की सराहना करते हुए उसे ऊर्जा संक्रमण, टेक्नोलॉजी और भू-राजनीति में एक अहम भागीदार बताया। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि भारत के बिना वैश्विक समस्याओं का समाधान संभव नहीं।

भारत और कनाडा के संबंधों में हाल के समय में एक नया मोड़ आया है। जी-7 शिखर सम्मेलन में भागीदारी के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कनाडा यात्रा ने इस द्विपक्षीय संबंध को पुनर्जीवित करने की दिशा में नई शुरुआत की है। यह यात्रा कई मायनों में प्रतीकात्मक ही नहीं बल्कि व्यावहारिक दृष्टिकोण से भी ऐतिहासिक मानी जा रही है। बीते वर्षों में भारत और कनाडा के रिश्तों में जो ठहराव आया था, उसका कारण केवल राजनयिक मतभेद नहीं थे बल्कि गहरे राजनीतिक तनाव और सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं भी थी। प्रधानमंत्री मोदी की कनाडा यात्रा ने न केवल इन अवरोधों को दूर करने की पहल की बल्कि भविष्य में सहयोग के व्यापक द्वार भी खोल दिए हैं। प्रधानमंत्री की यह यात्रा मात्र 23 घंटे की थी लेकिन इसका प्रभाव बहुआयामी रहा। यह यात्रा ऐसे समय हुई, जब कनाडा की राजनीति में परिवर्तन हुआ है और मार्क कार्नी के रूप में एक नया नेतृत्व सामने आया है। ट्रूडो सरकार के दौर में भारत और कनाडा के बीच खालिस्तान समर्थक गतिविधियों को लेकर भारी तनाव रहा। भारत की कई बार की चेतावनी और शिकायतों के बावजूद ट्रूडो सरकार ने इन्हें नजर अंदाज किया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों देशों के राजनयिक संबंध लगभग ठप पड़ गए थे।

हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद ट्रूडो द्वारा भारत पर लगाए गए आरोपों ने स्थिति को और गंभीर बना दिया। भारत ने इन आरोपों को सिरे से नकारा और कनाडा की धरती से भारत विरोधी गतिविधियों को प्रोत्साहन देने की प्रवृत्ति को मुख्य समस्या बताया लेकिन अब जब कनाडा की खुफिया एजेंसी सीएसआईएस ने खुद यह स्वीकार कर लिया है कि खालिस्तानी तत्व कनाडा से भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं, तब जाकर भारत की वर्षों पुरानी चिंता को औपचारिक मान्यता मिली है। मार्क कार्नी के नेतृत्व में कनाडा की नीति में स्पष्ट बदलाव देखा जा रहा है। भारत के साथ संबंध सुधारने की कोशिशों में ईमानदारी और व्यावहारिकता दोनों दिख रही है। प्रधानमंत्री मोदी और कार्नी की कनैनिस्किस में हुई मुलाकात इस नई दिशा की शुरुआत का प्रतीक बनी। इस बैठक में न केवल उच्चायुक्तों की पुनर्नियुक्ति पर सहमति बनी बल्कि वर्षों से रुकी पड़ी व्यापार वार्ता को पुनः शुरू करने का भी निर्णय लिया गया। दोनों देशों ने डिजिटल ट्रांजिशन, खाद्य सुरक्षा, टेक्नोलॉजी और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग गहराने पर सहमति जताई।

> जी-7 सम्मेलन के दौरान भारत और कनाडा के नेताओं की मुलाकात ने दिखा दिया कि दोनों देश अब अपने संबंधों को एक नए आधार पर पुनर्निर्माण करना चाहते हैं। यह आधार है आपसी सम्मान, संप्रभुता की रक्षा, लोकतांत्रिक मूल्यों की साझेदारी और वैश्विक मंचों पर संयुक्त सहयोग। उच्चायुक्तों की बहाली केवल एक कूटनीतिक औपचारिकता नहीं बल्कि विश्वास बहाली की दिशा में पहला ठोस कदम है।

प्रधानमंत्री की इस यात्रा के बाद कनाडा सरकार द्वारा खालिस्तानियों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा मानना और इसके सार्वजनिक रूप से स्वीकार करना एक बड़ा कूटनीतिक बदलाव है। यह केवल बयान भर नहीं बल्कि भारत के पक्ष को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वैधता देने जैसा है। यह बदलाव भारत-कनाडा संबंधों में नया आत्मविश्वास भरता है। इस बदलाव का एक महत्वपूर्ण पक्ष ऑपरेशन 'प्रोजेक्ट पेलिकन' रहा, जिसमें कनाडा और अमेरिका में सक्रिय खालिस्तानी समर्थक ड्रग नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ। इस ऑपरेशन ने इस बात को स्पष्ट कर दिया कि खालिस्तान समर्थक न केवल विचारधारा बल्कि संगठित आपराधिक गतिविधियों में भी शामिल हैं। इन गतिविधियों से प्राप्त धन भारत विरोधी अभियानों में लगाया जा रहा था। ऐसे मामलों में कार्रवाई कर कनाडा ने यह संकेत दिया है कि अब वह भारत की सुरक्षा चिंताओं को गंभीरता से ले रहा है।

जी-7 शिखर सम्मेलन में भारत की भागीदारी भी एक प्रमुख संकेत है। यह प्रधानमंत्री मोदी की इस मंच पर छठी उपस्थिति थी। भारत की इस निरंतर भागीदारी ने उसे वैश्विक मंचों पर एक स्थायी और प्रभावी आवाज बना दिया है। सम्मेलन में भारत ने वैश्विक दक्षिण के मुद्दों, आतंकवाद, स्वच्छ ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन और टेक्नोलॉजी के लोकतंत्रीकरण जैसे मुद्दों पर अपनी स्पष्ट भूमिका प्रस्तुत की। यह भारत की उस भूमिका को रेखांकित करता है, जो वह 21वीं सदी की वैश्विक राजनीति में निभाना चाहता है। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद पर अपनी मजबूत स्थिति को एक बार फिर दोहराया। उन्होंने स्पष्ट किया कि आतंकवाद और उसे प्रोत्साहन देने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई आवश्यक है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी भी उन्होंने साझा की, जिससे यह संदेश गया कि भारत अपनी सुरक्षा के लिए कठोर और निर्णायक कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगा।

जी-7 सम्मेलन के दौरान भारत और कनाडा के नेताओं की मुलाकात ने दिखा दिया कि दोनों देश अब अपने संबंधों को एक नए आधार पर पुनर्निर्माण करना चाहते हैं। यह आधार है आपसी सम्मान, संप्रभुता की रक्षा, लोकतांत्रिक मूल्यों की साझेदारी और वैश्विक मंचों पर संयुक्त सहयोग। उच्चायुक्तों की बहाली केवल एक कूटनीतिक औपचारिकता नहीं बल्कि विश्वास बहाली की दिशा में पहला ठोस कदम है। इससे वीजा, व्यापार, शिक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसी सेवाएं सामान्य होंगी और प्रवासी भारतीयों को राहत मिलेगी। यह संबंध दोनों देशों के लाखों नागरिकों के हितों से जुड़ा है। कनाडा में भारतीय मूल के लगभग 30 लाख लोग रहते हैं, जिनमें सिख समुदाय की बड़ी भागीदारी है। यह जनसंपर्क दो देशों के बीच एक जीवंत सेतु की भूमिका निभाता है। अतीत की घटनाओं के कारण जो अनिश्चितता बनी थी, वह अब दूर होती दिख रही है।

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की टिप्पणियां भी उल्लेखनीय रही हैं। उन्होंने भारत की वैश्विक भूमिका की सराहना करते हुए उसे ऊर्जा संक्रमण, टेक्नोलॉजी और भू-राजनीति में एक अहम भागीदार बताया। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि भारत के बिना वैश्विक समस्याओं का समाधान संभव नहीं। उनका यह दृष्टिकोण स्पष्ट करता है कि कार्नी की सरकार भारत को एक साझेदार के रूप में देखती है, न कि समस्या के रूप में। अंतर्राष्ट्रीय अपराध और आतंकवाद के खिलाफ एक संयुक्त कार्य समूह स्थापित करने की दिशा में बातचीत भी एक सकारात्मक पहल है। इससे यह संभावना बनती है कि दोनों देश न केवल द्विपक्षीय मुद्दों पर बल्कि वैश्विक अपराध नियंत्रण में भी साझेदारी करें। भारत की ओर से यह अपेक्षा रहेगी कि कनाडा अपनी धरती पर भारत विरोधी गतिविधियों को रोकने के लिए ठोस और दिखने योग्य कदम उठाए।

प्रधानमंत्री मोदी की कनाडा यात्रा एक ऐसे संबंध को फिर से जीवित करने की दिशा में पहला ठोस कदम बनी है, जो कभी निकटता का प्रतीक रहा था। यह कहना गलत नहीं होगा कि दोनों देश अब अतीत की कड़वाहट को पीछे छोड़कर भविष्य की ओर देख रहे हैं। विश्व आज कई जटिल संकटों से गुजर रहा है, यूक्रेन युद्ध, गाजा संघर्ष, ईरान-इजरायल तनाव जैसे मुद्दों ने वैश्विक संतुलन को अस्थिर किया है। ऐसे में भारत और कनाडा जैसे लोकतांत्रिक देशों का सहयोग न केवल द्विपक्षीय स्तर पर बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए भी आवश्यक है। भारत का संतुलनकारी रुख, मध्यस्थता की क्षमता और नैतिक नेतृत्व इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग पहचान देता है।


बहरहाल, कनाडा और भारत के बीच उच्चस्तरीय संवाद पुनः प्रारंभ हो चुका है। दोनों देशों ने यह स्वीकार किया है कि उनकी साझेदारी केवल आर्थिक लाभों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए बल्कि यह रणनीतिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग के व्यापक आयामों को भी समाहित करे। संबंधों के इस नए अध्याय को सफल बनाने के लिए दोनों देशों को निरंतर प्रयास करने होंगे। पारस्परिक विश्वास को मजबूत करना, सुरक्षा चिंताओं को समझना और वैश्विक चुनौतियों के समाधान में साझेदारी निभाना ही वह रास्ता है, जिससे भारत और कनाडा अपने संबंधों को एक नई ऊंचाई तक ले जा सकते हैं। यह यात्रा इस मार्ग की शुरुआत है लेकिन असली काम अभी बाकी है।

## प्रसंगवश

# बढ़ती उम्र के साथ बढ़ रही हैं बीमारियां

विश्व स्वास्थ्य संगठन की आंकड़े बताते हैं कि बीते पांच दशकों के दौरान भारत में इंसान की औसत उम्र यानि जीवन प्रत्याशा में 22 साल का इजाफा हुआ और यह 70.42 साल हो गई। इसी के साथ आम आदमी का दवाई और अस्पताल का खर्च बढ़ता जा रहा हैं। सबसे बड़ी बात अधिकांश बीमारियां जीवन शैली से जुड़ी हैं जिनमें खान-पान की अनियमितता या गुणवत्ता से उपजे रोग सर्वाधिक हैं।

बीते एक दशक के दौरान भारत में घर से बाहर खाने, सड़क के किनारे स्नेक्स या पेय पदार्थ लेने का चलन बढ़ा है। सोशल मीडिया पर सड़क पर बिकने वाले खानों की तारीफ के हजारों चैनल हैं और इनको देख कर स्वाद-परीक्षा करने वाले करोड़ों में। हाल ही में केंद्र सरकार ने मोटापा के खिलाफ एक अभियान शुरू किया है जिसमें भोजन में तेल, चीनी और नमक की मात्रा काम अकरने पर जोर दिया जा रहा है। जरूरी यह भी है कि भोजन बेचने वाले छोटे-बड़े स्थानों पर खाना बनाने की सामग्री की गुणवत्ता, रसोई-स्थल की साफ सफाई और भोजन परोसने के तरीकों और बर्तनों के प्रति सतर्कता की दिशा में जागरूकता और कार्य किया जाए। "लैंसेट" का शोध बताता है की बीमारियों का बोझ बढ़ाने वाले 11 मुख्य कारकों में छ आहार संबंधी हैं। जान आकर आश्चर्य होगा की अब बड़ी आबादी पेट भरने के बनिस्पत स्वाद और फेशन के लिए बहुत सा आहार ले रही हैं जिसका असर सबूत अनाज, फल-सब्जी और देरी उत्पाद के साथ साथ मांसाहार पर भी दिखता है। विटामिन और सूक्ष्म पोषक की मात्रा भोजन में कम हो रही है , वहीं गैरजरूरी वसा और कार्बोहाइड्रेड बढ़ रहा है, जिससे मोटापा और उसके साथ की रोग शरीर में घर बना रहे हैं।



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

फ्रंटियर्स इन न्यूट्रीशन नाम की पत्रिका में छपी एक एक बड़ी रिसर्च बताती है कि जो लोग ऐसी चीजें खाते हैं जिनसे शरीर में सूजन बढ़ती है (जैसे तली-भुनी और प्रोसेस्ड चीजें), उनमें लीवर की गंभीर बीमारी होने का खतरा 16 प्रतिशत ज्यादा रहता है, जिसमें क्रोनिक लिवर डिजीज (सीएलडी) शामिल है। कुछ साल पहले हैदराबाद के उस्मानिया मेडिकल कालेज की एक टीम ने शहर में एक सर्वे किया तो पता चला की स्ट्रीट फूड में मतवाले हैदराबादी असल में स्वाद के साथ जहर निगल रहे हैं अध्ययन में पता चल की हर छठा हैदराबादी सड़क का खाना खाने के बाद बीमार पड़ता है। शहर में भेलपुरी के 45.3 प्रतिशत नमूने आंतों को नुकसान पहुंचाने वाले बैक्टिरिया से दूषित थे। चीनी फास्ट फूड तो जहर का दूसरा नाम पाया गया। इसके 90-92 प्रतिशत नमूनों में बेसिलस सेरेयस पाया गया, जो खाद्य विषाक्तता का बड़ा कारण होता है। मुंबई में मेट्रापोलिस हेल्थकेर द्वारा किए गए सर्वेक्षण में पाया गया कि मुंबई के 88 प्रदूषित सड़क खाद्य नमूने बैक्टीरिया से दूषित थे और 70 खाद्य नमूनों में से 61 में बैक्टीरिया पाए गए, जिनमें कोलीफॉर्म और फीकल स्ट्रेप्टोकोकस शामिल थे।

पिछले साल दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में अक्टूबर 2024 में हेपेटाइटिस ए के अचानक मामले बढ़ कर 50 प्रतिशत तक पहुंच गए। इस पर हुए अध्ययन में 145 नमूनों में से 70 से अधिक लोग हेपेटाइटिस ए के शिकार पाए गए जिसका मुख्य कारण असुरक्षित भोजन और पानी का सेवन था। कुछ महानगर तो बस बानगी हैं शहर छोटा हो या कस्बा, सास, चटनी आदि का सेवन खतरे से खाली नहीं होता। फिर ऐसी रेहड़ियां नाले के किनारे होती हैं, जूठे डिस्पोजेबल वहीं पड़े होते हैं जिनमें आवारा पशु मुंह मारते हैं, पास में यातायात चलता रहता है और धूल उड़ती है। इस तरह का भोजन धीरे-धीरे शरीर को ऐसी बीमारियों के चपेट में पहुंचा देता हैं, जहां जेब में छेद होना और खाने में दवा की मात्रा जिंदगीभर के लिए जुड़ जाना आम बात हैं। भारत में सड़क का खाना सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण और मजबूरी भी है। बहुत से मेहनतकश लोगों की आर्थिक स्थिति और काम के हालत ऐसे नहीं होते कि समय पर, घर का भोजन कर सकें या फिर बाहर महंगे रेस्टोरेंट का बोझ उठाया सकें। लेकिन इसके सेवन से जुड़ी स्वास्थ्य जोखिमों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उचित निगरानी, शिक्षा, और जागरूकता के माध्यम से इन जोखिमों को कम किया जा सकता है।

# श्रम शक्ति के समक्ष बढ़ते तापमान का संकट



डॉ. आशीष वशिष्ठ
लखनऊ

> धधकते, तपते मौसम में औद्योगिक, निर्माण से लेकर रेस्तराओं और गोदामों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए कार्य करना आसान नहीं है।

जलवायु परिवर्तन और बढ़ता तापमान एक ऐसी सच्चाई है जिसे आज चाह कर भी झुठलाया नहीं जा सकता। देखा जाए तो यह बढ़ता तापमान उन मेहनतकश लोगों का कहीं ज्यादा इम्तिहान ले रहा है जो कड़ी धूप और खुले आकाश तले पसीना बहाने को मजबूर हैं। इसकी पुष्टि अंतराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने अपनी नई रिपोर्ट 'इंश्योरिंग सेफ्टी एंड हेल्थ एट वर्क इन चेंजिंग क्लाइमेट' में भी की है। रिपोर्ट का कहना है कि अपने जीवन में काम के दौरान किसी न किसी मोड़ पर 241 करोड़ श्रमिकों को भीषण गर्मी का सामना करने को मजबूर होना पड़ेगा। इसका मतलब है कि दुनिया के 71 फीसदी श्रमिक या तो बढ़ते तापमान की वजह से गर्मी की मार झेल रहे हैं या उन्हें अपने काम के दौरान कभी न कभी इसका सामना करना पड़ेगा।

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन यानी आईएलओ की एक रिपोर्ट, 'कार्यस्थल पर गर्मीः सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए निहितार्थ' में पाया गया है कि गर्मी एक मूक हत्यारा है जो दुनिया भर में बढ़ती संख्या में श्रमिकों के स्वास्थ्य और जीवन के लिए खतरा बन रही है। मानवीय गतिविधियों के कारण होने वाली ग्लोबल वार्मिंग प्रति दशक 0.26 डिग्री सेल्सियस की दर से बढ़ रही है। शहरों में जब लोग एसी के रिमोट से टेंपरेचर ऊपर-नीचे कर रहे होते हैं, उसी दौरान मजदूर कहीं खेत या किसी घर की दीवारों की ईंट उठाते हुए पसीना बहा रहे होते हैं।

धधकते, तपते मौसम में औद्योगिक, निर्माण से लेकर रेस्तराओं और गोदामों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए कार्य करना आसान नहीं है। हालांकि सबसे बड़ा संकट खुले में काम करने वाले श्रमिकों के लिए है। देश की करीब 90 फीसदी श्रम शक्ति अनौपचारिक क्षेत्र से जुड़ी है। ज्यादातर मामलों में इन श्रमिकों को चिलचिलाती धूप, बारिश, आंधी-तूफान के बीच खुले में काम करना पड़ता है। उनके लिए न तो पर्याप्त सुविधाएं हैं और न ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम। ऐसे में इन किसानों, श्रमिकों को हर दिन अपना और अपने परिवार का पेट भरने के लिए खतरों से दो-चार होना पड़ता है।

'लेबरिंग थ्रू द क्लाइमेट क्राइसिस' नाम से एक रिपोर्ट वर्कर्स कलेक्टिव फॉर क्लाइमेट जस्टिस-साउथ एशिया और ग्रीनपीस इंडिया ने तैयार की है जो असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की गर्मी से जुड़ी चिंताओं पर रोशनी डालती है। इसमें अनुमान लगाया गया है कि तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि से असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की आमदनी में 19 फीसदी की कमी आती है और भीषण गर्मी उन्हें कठिन विकल्पों में से चुनाव करने को मजबूर करती है। यानी या तो वो ख़ुद को सुरक्षित करने का जतन करें या आजीविका कमाएं। इस रिपोर्ट में ये भी रेखांकित किया गया है कि गर्मी सिर्फ़ आजीविका पर ही असर नहीं डालती बल्कि श्रमिकों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालती है।

वन अर्थ द्वारा 2022 में 68 देशों में किए गए अध्ययन जिसका शीर्षक राइजिंग टेम्परेचर इरोड ह्यूमन स्लीप है, के अनुसार विश्व स्तर पर लोगों की नींद प्रभावित हुई, जिससे पता चला है कि गर्म तापमान की वजह से लोग कम नींद ले पाते हैं। बुजुर्ग, महिलाएं और कम आय वाले देशों के लोग इससे सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। 2099 तक, बढ़ता तापमान एक साल में प्रति व्यक्ति की 50-58 घंटे की नींद कम कर सकता है।

आइएलओ की 2019 की रिपोर्ट 'वर्किंग ऑन ए वार्मर प्लेनेट–द इम्पैक्ट ऑफ़ हीट स्ट्रेस ऑन लेबर प्रोडक्टिविटी एंड डिसेंट वर्क' में चेतावनी दी गई है कि भारत में हीट स्ट्रेस के कारण 2030 में 5.8 प्रतिशत काम के घंटे कम होने की उम्मीद है। अपनी बड़ी आबादी के चलते देश 2030 में 3.4 करोड़ लोगों को अपनी नौकरियां खोनी पड़ सकती हैं।

विश्व बैंक की 2022 की एक और रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि 2030 तक, पूरे भारत में सालाना 16 से 20 करोड़ से ज्यादा लोगों के घातक गर्मी की चपेट में आने की संभावना है। विशेषज्ञों के अनुसार, भारतीय शहर जलवायु पैटर्न में होने वाली तब्दीलियों के प्रति तेजी से संवेदनशील होते जा रहे हैं, जिससे असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों को बड़ा खतरा है। इस संदर्भ में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का हस्तक्षेप बेहद महत्वपूर्ण है। आयोग ने राज्यों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं कि वे कमजोर लोगों, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, बाहरी कामगारों, बुजुर्गों, बच्चों और बेघर लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल एहतियाती कदम उठाएं, जो पर्याप्त आश्रय और संसाधनों की कमी के कारण जोखिम में हैं।

## सोशल फोरम

# अंधकार कोई प्रतीक नहीं

समाज, अपनी जटिलता और विरोधाभासों के साथ, एक ऐसा दृश्य रचता है, जिसमें प्रकाश और अंधकार एक-दूसरे से अजनबी बने रहते हैं। जो लोग विशेषाधिकारों की रोशनी में जीते हैं-संपत्ति, शिक्षा, अवसर और मान की विरासत के साथ-उनके लिए जीवन एक स्वाभाविक सहजता में बहता है। वे चमकते नगरों, स्वचालित सुविधाओं, और स्वीकृति से सजे मंचों के अभ्यस्त हैं। इस उजाले की चकाचौंध में वे यह देखने से चूक जाते हैं कि समाज के एक बड़े हिस्से के लिए यह प्रकाश कभी पहुंचा ही नहीं। उनके लिए अंधकार कोई प्रतीक नहीं, बल्कि यथार्थ है-जीवन का कठोर, कटु और उपेक्षित यथार्थ।



अशोक कुमार वर्मा
सेवानिवृत्त आईपीएस

इतिहास गवाह है कि जिन लोगों ने अंधकार को झेला है, उन्होंने ही उस प्रकाश की तीव्रता को सबसे पहले महसूस किया है, जो दिखने में उजाला होता है, पर भीतर से तिरस्कार और वंचना से भरा होता है। उन लोगों ने सत्य को अपनी त्वचा की सिलवटों में जिया है, और अब जब वे जाग रहे हैं-पढ़ रहे हैं, लिख रहे हैं, संगठित हो रहे हैं-तो वे किसी करुणा की याचना नहीं करते। वे पूछते हैं, प्रश्न उठाते हैं, और अपने अनुभवों के आधार पर उस सत्य की पुनर्रचना करते हैं, जो लंबे समय तक केवल विशेषाधिकारियों के शब्दों में बंधा रहा।

यह पुनर्रचना कोई विद्रोह नहीं, बल्कि न्याय की मांग है। यह मांग बताती है कि एकांगी दृष्टि से गढ़े गए समाज को अब उन आंखों से भी देखना होगा, जो अंधेरे की आदत में पारदर्शी हो गई हैं। उन्हें न ज्ञान की जरूरत है, न कृपा की-उन्हें चाहिए मान्यता, भागीदारी और वह सम्मान, जो किसी भी सामाजिक संरचना को नैतिक बनाता है। और यह भी याद रखा जाना चाहिए कि किसी राष्ट्र की आधुनिकता केवल तकनीकी प्रगति या बाज़ार की चमक में नहीं मापी जा सकती। वह इस बात से मापी जाती है कि उसमें रहने वाले सभी नागरिकों को गरिमा, अवसर और विकास का अधिकार है या नहीं। अगर कुछ लोग आगे बढ़ भी जाएं, पर समाज के बड़े हिस्से को पीछे छोड़ दिया जाए, तो वह राष्ट्र समग्र रूप से न तो शक्तिशाली बन सकता है, न ही स्थायी रूप से सुखी।

**-फेसबुक वॉल से**

# हर तरफ युद्ध, नागरिक अभिशप्त



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

> इजराइल के समर्थक ट्रंप का रुख कभी भी स्पष्ट नहीं रहा है। पहलगाम हमले के बाद जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव गहरा गया था तब भी ट्रंप ने यही नीति अपनाई, जिसे कोई नहीं समझ पाया।

ईरान और इजराइल लगातार संघर्षरत हैं। इजराइल से अमेरिका के अपने स्वार्थ बंधे हुए हैं। दोनों देशों के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंध हैं। जिसमें संयुक्त सैन्य अभ्यास, सैन्य अनुसंधान सबसे महत्वपूर्ण है। इजराइल इस बात को अच्छी तरह जानता है कि अगर अमेरिका को पश्चिम एशिया में अपने हितों की रक्षा करनी है तो इजराइल का साथ देना होगा। अगर अमेरिका चाहता तो ईरान पर इजराइल के हमले को रोक सकता था पर उसने ऐसा नहीं किया।

डोनाल्ड ट्रंप ने बिना शर्त समर्पण की चेतावनी दी। जिसे खारिज करते हुए ईरान के प्रमुख नेता 86 वर्षीय अयातुल्ला खामेनेई ने कहा है कि अगर अमेरिका इजराइल और ईरान के बीच में युद्ध में कूदा तो परिणाम गंभीर होंगे। खामेनेईका साफ कहना है कि ईरान कभी भी आत्मसमर्पण नहीं करेगा।

युद्ध में आम जनता बेमौत मारी जाती है। ईरान में भारत के भी हजारों लोग फंसे हैं। जिनमें मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाले और तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र छात्राएं हैं। युद्ध के चलते यातायात के हवाई मार्ग बंद हैं। अपने नागरिकों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की जिम्मेदारी भारत सरकार की बनती है जिसके लिए वह प्रयासरत है। छात्रों को बसों के जरिए सुरक्षित स्थानों में भेजा जा रहा है और जिनका कहीं जाना संभव नहीं है उन्हें घर के भीतर ही सुरक्षित रहने के निर्देश मिले हैं। पर सोचना यह है कि आज इंसान घर के भीतर भी कहां सुरक्षित है। अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना ने इस याद को और ताजा कर दिया है। मेडिकल के भी सारे छात्र भी तो अपने हॉस्टल और मेस में खुद को सुरक्षित समझ रहे थे। रॉकेट और मिसाइल के उपयोग ने हर पल हमारी सुरक्षा पर दांव लगाया है। कई छात्र आर्मेनिया की तरफ बढ़ रहे हैं। भारत ने हमेशा अलग-अलग देशों में युद्ध के दौरान भारतीय नागरिकों के साथ ही साथ पड़ोसी देशों के नागरिकों को भी बाहर निकाल कर संवेदनशीलता का परिचय दिया है और इसी का कर्ज उतारते हुए ईरान के पड़ोसी देश आर्मेनिया इस मुश्किल की घड़ी में इंसानियत के नाते भारतीय छात्रों को मदद को आगे आ रहा है। गाजा संघर्ष , यूक्रेन-रूस युद्ध और बहुत सारे देशों के संघर्ष में नागरिकों की दुर्दशा हम देखते आए हैं। अपने कुटिल स्वार्थ की पूर्ति के लिए राजनेता देश को युद्ध की भेंट चढ़ा देते हैं। ऐसे में आम नागरिक अभिशप्त जीवन जीते हैं।

इजराइल के समर्थक ट्रंप का रुख कभी भी स्पष्ट नहीं रहा है। पहलगाम हमले के बाद जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव गहरा गया था तब भी ट्रंप ने यही नीति अपनाई, जिसे कोई नहीं समझ पाया। वहीं पाकिस्तान के सेवा प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने भारत पाकिस्तान के बीच संभावित परमाणु युद्ध रोकने के लिए ट्रंप को शांति का नोबेल दिए जाने की मांग की और बीते कुछ दिनों पहले ट्रंप द्वारा उन्हें व्हाइट हाउस में आमंत्रित भी किया गया था। भारत संघर्ष विराम में अमेरिका या किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता या भूमिका से लगातार इनकार करता रहा। ये सच है कि अखंडित एकता को अगर अपनी शक्ति बना लें तो हम एक मजबूत लोकतंत्र हैं, हमें अमेरिका की जी हुजूरी करने की कोई जरूरत नहीं है। हालांकि इस संदर्भ में भारतीय प्रधानमंत्री ने जी 7 शिखर सम्मेलन में अमेरिका और पश्चिमी देशों का नाम लिए बिना निशाना साधते ते हुए कहा कि अपने हितों की बात जहां पर हो, वहां पर देश पर तुरंत प्रतिबंध लगा दिया जाता है और आतंकवाद का समर्थन करने वाले देश को पुरस्कृत किया जाता है। बाद में टेलीफोन वार्ता के दौरान ट्रंप ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई को सीधा समर्थन देने की घोषणा की है।

इस संदर्भ में बहुत पहले पढ़ी गई भूतपूर्व अमेरिकी राजनीतिज्ञ हेनरी किसिंजर की यह पंक्तियां आज के संदर्भ में सटीक बैठती हैं, "यूनाइटेड स्टेट्स हेज़ नो परमानेंट फ्रेंड्स और एनिमीज़. ओन्ली इंटरेस्ट्स." उन्होंने यह भी कहा था कि अमेरिका का दुश्मन होना खतरनाक है लेकिन दोस्त होना घातक है। याद रहे कि किसिंजर को 1973 में शांति का नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ था। ट्रंप को भी मिल जाए तो कोई आश्चर्य की बात नहीं। फिलहाल वर्तमान हालात के संदर्भ में भी चीन और रूस के नजरिए को भी भांपने की जरूरत है। जहां तक पाकिस्तान की बात है वह निश्चित ही चीन के इशारों पर नाचेगा। हैरानी की बात यह है कि संयुक्त राष्ट्र एक मोहरा बनकर रह गया है जिस उद्देश्य से इसकी स्थापना हुई थी उसे पूरा करने में यह हमेशा से नाकाम रहा है। न जाने कब तक युद्ध की आग में धधकती रहेगी धरती। पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन और संवर्धन के मुद्दों का क्या होगा? निर्दोष आम नागरिकों की जिंदगी का क्या होगा? यह सब सवाल भविष्य के पर्दे के पीछे हैं जिनसे शक्तिशाली राष्ट्रों का कुछ लेना-देना नहीं क्योंकि वे सिर्फ धमकी देना और विस्तार वाद की नीति जानते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह***
0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

एक नजर

## अर्बन हेल्थ सेंटर पर अब मुफ्त अल्ट्रासाउंड की सुविधा, मिलेगी राहत

**शुक्लागंज (उन्नाव) :** नगर की गर्भवती महिलाओं को अब अल्ट्रासाउंड के लिए जिला अस्पताल के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और न ही निजी जांच केंद्रों पर खर्च करना होगा। सरकार की योजना के अंतर्गत शुक्लागंज के दो अर्बन हेल्थ सेंटर ब्रह्म नगर और चम्पापुरवा पर गर्भवती महिलाओं को निशुल्क अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा माह में चार दिन 2, 9, 16 और 24 तारीख को दी जाएगी। सीएमओ डॉ. हरिनंदन ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को पहले नजदीकी अर्बन हेल्थ सेंटर में पंजीकरण कराना होगा। इसके बाद उनके मोबाइल नंबर पर एक टेक्स्ट मैसेज प्राप्त होगा, जिसमें एक बारकोड दिया जाएगा। यह बारकोड चिन्हित अल्ट्रासाउंड केंद्र पर दिखाने पर मुफ्त जांच की सुविधा मिलेगी। बताया गया कि शुक्लागंज क्षेत्र की महिलाओं को पहले जिला अस्पताल जाकर जांच करानी होती थी, जो दूरी और गर्भावस्था की स्थिति के कारण परेशानी का कारण बनती थी। कई महिलाएं मजबूरी में निजी जांच केंद्रों पर जाकर पैसे खर्च कर जांच कराती थीं। समस्या को स्थानीय स्वास्थ्य कर्मियों के उठाने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने आकाश गंगा और सुषमा हॉस्पिटल को अल्ट्रासाउंड के लिए चिह्नित किया है। दोनों केंद्रों पर निशुल्क अल्ट्रासाउंड सेवा दी जाएगी।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**बांगरमऊ :** एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत बेहटा मुजावर पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उस पर कार्यवाही कर कोर्ट भेज दिया। पुलिस ने बताया कि बीती 6 जून को एक व्यक्ति ने तहरीरी दी थी कि उसकी 22 वर्षीय बहन को 5 जून को करीब 11 बजे शिवा पांडे निवासी बिल्हौर कानपुर नगर उसके घर से बहला फुसलाकर भगा ले गया है। भाई ने रिस्ते-नातेदारियों में अपनी बहन की काफी खोज की। किंतु उसका कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर दरोगा जितेंद्र सिंह ने जांच शुरू की और तभी अपहृत युवती को बरामद कर लिया। गुरुवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शिवा पांडेय को आगरा- लखनऊ एक्सप्रेस-वे के संडीला अंडरपास से दबोच लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट भेज दिया।

# श्मशान घाट के लिए आगे आए विधायक-प्रशासन

### सदर विधायक पंकज गुप्ता ने मौका मुआयना कर 10 लाख से काम शुरू कराने का दिया आश्वासन

संवाददाता, परियर उन्नाव

**अमृत विचारः** सदर तहसील क्षेत्र के परियर श्मशान घाट में व्याप्त दुश्वारियों के चलते व्याप्त नर्क को स्वर्ग का रूप देने को सदर विधायक अब आगे आए हैं। उन्होंने गुरुवार को मौके का मुआयना किया और विकासखंड के फंड से 10 लाख खर्च कर वहां पेयजल, शौचालय, छाया, साफ-सफाई व रास्ता बनवाने को कहा है। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा भी इस घाट का कायाकल्प कराने का आश्वासन दिया गया है।

बता दें कि अमृत विचार बीते कई दिनों परियर श्मशान घाट में व्याप्त असुविधाओं को लेकर खबर प्रमुखता से प्रकाशित कर रहा था। इन खबरों को बड़ी संख्या में लोग सोशल मीडिया पर वायरल कर कमेंट कर इस विकराल समस्या से निजात दिलाने की मांग कर रहे थे। साथ ही सभी अमृत विचार द्वारा उठाए गए इस मुद्दे की प्रशंसा कर रहे थे। इस खबर का संज्ञान लेकर सदर विधायक पंकज गुप्ता गुरुवार को परियर श्मशान घाट पहुंचे और वहां की स्थितियां देखीं। इसके बाद वहां मौजूद एडीओ पंचायत विनोद वर्मा से विकासखंड के फंड से 10 लाख रुपये से वहां पेयजल, शौचालय, छाया, साफ-सफाई व रास्ता आदि की व्यवस्था कराने को कहा।

विधायक ने विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी के अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि मैं एक सप्ताह बाद कार्य की प्रगति देखने आऊंगा। यह पौराणिक घाट है। यहां जिले के अलावा बाहर से भी लोग आते हैं। इसलिए कार्य में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसे लेकर बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति के अध्यक्ष रविशंकर मिश्रा, ग्राम प्रधान रामशंकर यादव, रजनीश विमल, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेश वर्मा, कप्तान यादव, पूर्व प्रधान देवीप्रसाद, रामचंद्र, तीर्थ पुरोहित लवकुश द्विवेदी, रोहित तिवारी, पूती गुरु, बलखंडेश्वर मंदिर के हरिनारायण पाण्डेय, शुभम, राधेश्याम, जय कश्यप आदि ने सदर विधायक को धन्यवाद देने के साथ उनके इस प्रयास की प्रशंसा भी की।

**अमृत विचार प्रभाव**

▶▶ जिलाधिकारी ने भी बैकुंठ धाम बनाए जाने को लेकर हर संभव प्रयास की कही बात


'स्वर्ग धाम' को 'नर्क' बनाने में जन प्रतिनिधि जिम्मेदार

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।



लोगों से बात कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते सदर विधायक। अमृत विचार

**विधायक बोले-बैकुंठ धाम के नाम से जिले में बनेगा सबसे अच्छा घाट**

विधायक ने बताया उनकी जिलाधिकारी गौरांग राठी से भी बात हुई है। डीएम ने कहा है कि घाट निर्माण में जितना भी रुपया लगेगा वह खनन से मिलने वाले राजस्व से दिलाया जाएगा। विधायक ने कहा कि यदि इसके बाद भी धन कम पड़ेगा तो वह विधायक निधि का उपयोग करेंगे। कहा कि परियर श्मशान घाट बैकुंठ धाम के नाम से जिले में सबसे अच्छा घाट बनेगा। इसके लिए धन की कोई कमी नहीं होगी।

# योग दिवस को सफल बनाने का आह्वान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को होने वाले कार्यक्रम को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए कलक्ट्रेट से जागरूकता रैली निकाली गई। डीएम ने रैली को झंडी दिखाकर कर रवाना किया। जो शहर के विभिन्न मार्गों से होकर वापस कलेक्ट्रेट में समाप्त हुई।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार को लगने वाले शिविरों में आम आदमी शामिल होकर निरोगी काया के लिए अधिक-अधिक से आसनों का प्रशिक्षण प्राप्त करें। इसके लिए जागरूकता सप्ताह चल रहा है। इसी क्रम में गुरुवार एक जागरूकता रैली निकाली गई। जिसे डीएम गौरांग राठी ने झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों सहित एनसीसी कैडेट्स, स्काउट गाइड के अलावा स्वयंसेवी संस्थाओं के लोग शामिल हुए। कलक्ट्रेट से रवाना हुई रैली शहर के विभिन्न स्थानों से होकर समाप्त हुई। इसमें लोगों को योग की महत्वता के संबंध में जानकारी दी गई। डीएम ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अनमोल देन है जो केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं बल्कि मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में योग को वैश्विक स्तर पर पहचान मिली है और अब यह एक जन आंदोलन बन चुका है। इस दौरान सीडीओ कृत्रिराज, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, एसडीएम आदि अफसर व सरकारी कर्मी मौजूद रहे।




हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना करते जिलाधिकारी व अन्य। अमृत विचार

**किया गया जागरूक**

# दिनदहाड़े लूट में 24 घंटे बाद भी पुलिस खाली हाथ, जांच जारी

संवाददाता, शुक्लागंज उन्नाव

फॉलोअप

**अमृत विचारः** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पॉश इलाके गोपीनाथपुरम में बुधवार को दिनदहाड़े हुई लूट की सनसनीखेज वारदात के 24 घंटे बाद भी पुलिस लुटेरों तक नहीं पहुंच सकी है। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि बदमाशों की लोकेशन ट्रेस की जा सके।

बता दें कि बीते बुधवार तीन नकाबपोश बदमाश तमंचा लेकर गोपीनाथ पुरम निवासी कुसुम श्रीवास्तव के घर में घुस आए थे। उस समय घर में कुसुम, उनकी मां मुन्नी देवी व मेट विमला थी। बदमाशों ने कुसुम व विमला की कनपटी पर तमंचा लगाकर धमकाया और विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। बदमाशों ने कुसुम व विमला से जेवरात, कुसुम के हाथ की पुखराज की अंगूठी, पुराने चांदी के सिक्के, एक कीपैड मोबाइल व करीब 45 हजार नकद समेत अन्य कीमती सामान लूटकर फरार हो गए। इसकी सूचना पर एसपी दीपक भूकर, एएसपी अखिलेश सिंह व सीओ सिटी सोनम सिंह फोर्स के साथ पहुंचे और जांच शुरू कराई। एसपी के निर्देश पर पांच टीमें गठित की गई हैं जो बदमाशों की तलाश में जुटी हैं। हालांकि, घटना के 24 घंटे बाद भी पुलिस किसी भी संदिग्ध को पूछताछ के लिए कोतवाली नहीं बुला सकी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पी के मिश्रा ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से लुटेरों की पहचान की कोशिश की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

सार-संक्षेप

## धूमधाम से मनाया गया राहुल गांधी का जन्मदिन

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में राहुल गांधी का जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि आज के समय में राहुल गांधी इसलिए प्रासंगिक हैं कि जब इस देश में नफरती वातावरण सृजित कर भाई-भाई को अलग किया जा रहा है तब राहुल गांधी 4 हजार किलोमीटर पैदल यात्रा कर लोगों को जोड़ने का काम कर रहे हैं। शहर अध्यक्ष फैज फारूकी ने कहा कि यह देश अनेकता में एकता का देश है। इस दौरान हनुमत सिंह, कमल तिवारी, जावेद कमाल, शिवम अवस्थी, सुभाष सिंह, अजय गौतम, विनयदीप श्रीवास्तव, युसुफ फारूकी, नसीम खान, पुत्तीलाल वर्मा, रश्मि मोहन अग्निहोत्री, तन्मय श्रीवास्तव, रावेंद्र बहादुर सिंह, मनिकांत रावत, प्रदीप शर्मा, शिव प्रसाद आदि रहे।

## शिक्षकों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण करने की मांग

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधि मंडल शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल के नेतृत्व में नवागत डीआईओएस सुनील दत्त से मिला। शिष्टाचार भेंट में जिले के व्यवसायिक शिक्षकों के लंबी अवधि से पड़े विस्तारीकरण के मामले सहित पदोन्नति व चयन वेतनमान के मामले त्वरित निस्तारण करने की मांग रखी। इस दौरान आयकर कटौती संबंधी मामले व सेवानिवृत्ति शिक्षकों के नोशनल इंक्रीमेंट के मामले भी निस्तारण करने की बात कही। इसमें नवागत डीआईओएस सुनील दत्त ने पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि उनकी प्राथमिकता जिले के शिक्षकों की समस्याओं का यथाशीघ्र निस्तारण कराना होगा। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेशीय मंत्री रमाशंकर मिश्रा (मुन्ना), मंडलीय संयोजक वीरेंद्र विक्रम सिंह, जिलाध्यक्ष हरिहरप्रसाद दीक्षित, जिलामंत्री रामशंकर, कोषाध्यक्ष सत्य नारायण सिंह, आय-व्यय निरीक्षक सूर्यकांत तिवारी, मीडिया प्रभारी रमेश चन्द्र गुप्ता, राकेश गौतम, ज्ञानेंद्र सिंह, निखिल त्रिवेदी, अजय सिंह, रंजीत सिंह, देवस्वरूप त्रिवेदी सहित तीन दर्जन शिक्षक नेता मौजूद थे।

## ट्रांसफार्मर और केबल कार्य से सैकड़ों घरों की बिजली गुल

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गुरुवार को नगर के विभिन्न हिस्सों में विद्युत विभाग द्वारा कराए गए एबीसी केबल डालने और ट्रांसफार्मर स्थापना के कार्यों के चलते सैकड़ों घरों की बिजली आपूर्ति दिनभर बाधित रही। तेज गर्मी में बिजली न होने से हजारों उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। विष्णुपुरी मोहल्ले में आए दिन जलती एबीसी केबल की समस्या को देखते हुए विद्युत विभाग ने नई केबल डालने का कार्य दो दिन पूर्व शुरू किया था। गुरुवार को दोपहर 12 बजे 250 केवीए ट्रांसफार्मर की आपूर्ति बंद कर दी गई और केबल डालने का कार्य शुरू किया गया। इस कारण विष्णुपुरी और शारदानगर के करीब 200 घरों में शाम 6 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। इसी तरह ब्रह्मनगर में ओवरलोडिंग की समस्या को देखते हुए गुरुवार को 100 केवीए क्षमता का एक नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। इस दौरान दोपहर 12 बजे से शाम 7 बजे तक क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप रही, जिससे सैकड़ों परिवार प्रभावित हुए। वहीं पोनी रोड झंडा चौराहा पर बुधवार शाम ट्रांसफार्मर खराब हो गया, इससे लगभग 300 घरों की सप्लाई बंद रही।

## शीतलाष्टमी पर मंदिरों में उमड़ी महिलाओं की भीड़

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गुरुवार को शीतलाष्टमी पर्व के अवसर पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों में महिलाओं ने श्रद्धा और आस्था के साथ मां शीतला की पूजा-अर्चना की। प्राचीन परंपरा के अनुसार महिलाओं ने व्रत रखकर मंदिरों में बासी भोजन का भोग लगाया और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। सुबह से ही राजधानी मार्ग स्थित श्री दुर्गा मंदिर, पोनी रोड का शीतला माता मंदिर और अन्य देवी मंदिरों में महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी। समूहों में पहुंचीं महिलाओं ने पकवानों के साथ मां शीतला को भोग अर्पित किया। दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित विनोद पांडे ने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार आषाढ़ माह की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को शीतला अष्टमी का व्रत रखा जाता है। इस दिन शीतला माता की पूजा करने उत्तम सेहत का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

## घर लौट रही महिला से मारपीट, अस्पताल में भर्ती

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के संभर खेड़ा गांव की एक महिला के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। बुधवार शाम को कुछ लोगों ने महिला को रास्ते में रोककर हमला कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संभर खेड़ा निवासी रमेश की पत्नी लक्ष्मी ने बताया कि वह बुधवार शाम करीब साढ़े सात बजे शुक्लागंज से काम निपटाकर घर लौट रही थी। तभी सहजनी अंडरपास मार्ग के पास महिला समेत पांच लोगों ने उसे घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। हमले में लक्ष्मी गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने लक्ष्मी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

# अब पुलिस कर्मियों को भी मिलेगा अत्याधुनिक सुविधाओं का लाभ

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** पुलिस लाइन परिसर में पुलिस कर्मियों को तनाव मुक्त रखने और उनके मनोरंजन के लिए जिम, कैफे सहित इनडोर बैडमिंटन कोर्ट बनाया गया है। जिसका लखनऊ रेंज के आईजी ने उद्घाटन किया। आईजी ने ट्रेनिंग के लिए आए नवनियुक्त रिक्रूटों से वार्ता उनके रहने के स्थान व सुविधाओं का जायजा लिया। इसके साथ आईजी ने दोस्ती नगर फायर ट्रेनिंग सेंटर का भी निरीक्षण किया।

लखनऊ रेंज के आईजी तरुण गाबा गुरुवार को पुलिस लाइन पहुंचे। यहां उन्होंने एसपी दीपक भूकर के साथ पुलिस लाइन परिसर में नवनिर्मित दो हॉल, जिम, इंडोर बैडमिंटन कोर्ट व नवीनीकृत कैन्टीन (पुलिस कैफे) का फीता काटकर उद्घाटन किया। आईजी ने आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती-2023 में चयनित अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण हेतु पुलिस लाइन में रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर का जायजा लिया। उन्होंने नवचयनित रिक्रूटों से वार्ता कर उन्हें प्रशिक्षण के संबन्ध में ब्रीफ किया एवं प्रशिक्षण को लगन के साथ पूर्ण करने को कहा। आईजी ने प्रशिक्षुओं के लिए उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं का मूल्यांकन किया, ताकि उन्हें बेहतर प्रशिक्षण वातावरण मिल सके और उनकी शारीरिक एवं मानसिक तैयारियों को उत्तम तरीके से आकार दिया जा सके।

आईजी नेव बैरक की साफ-सफाई, स्नानागार की सुविधाएं, भोजनालय (मैस), भोजन की गुणवत्ता और ग्राउंड पर आयोजित शारीरिक प्रशिक्षण की सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित करने के संबंध में निर्देश दिये। बाद में उन्होंने डीएम गौरांग राठी एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह व दक्षिणी, प्रेमचंद सहित सभी सर्किल के सीओ के क्षेसाथ मीटिंग कर कानून व्यवस्था सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की। इस दौरान एलएमएस सर्टिफिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के पदाधिकारी द्वारा आईजी की मौजूदगी में लखनऊ की उपस्थिति में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, सेंट्रल पुलिस कैन्टीन, परिवहन शाखा, आर्मरी, ट्रेनिंग, वर्दी स्टोर, बैरेक्स व वेलफेयर स्कीम आदि के क्वालिटी मैनेजमेन्ट सिस्टम स्टैन्डर्ड के अनुरूप पाये जाने पर एसपी को आईएसओ का प्रमाणपत्र भी दिया।



फीता काटकर जिम का उद्घाटन करते आईजी, एसपी व अन्य। अमृत विचार

▶▶ आईजी ने किया जिम, कैफे व बैडमिंटन कोर्ट का उद्घाटन

## लोको पायलट की सूझबूझ से बची रेलगाड़ी में बैठी सवारियों की जान

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव :** कानपुर से चलकर बालामऊ जाने वाली कानपुर-बालामऊ पैसेंजर ट्रेन गुरुवार को देरी होने के कारण ऊगू हाल्ट पर करीब पांच बजकर 10 मिनट पर पहुंची। जैसे ही ट्रेन ऊगू हाल्ट से आगे बढ़कर जसरा गांव के समीप पहुंची तभी वर्षा के कारण रेलवे लाइन की पटरी धंस गई। ट्रेन के चालक ने रेलवे लाइन धंसी देखकर ट्रेन को रोक दिया। जिससे बाद रेलवे विभाग के कर्मचारियों को सूचना दी।सूचना पर पहुंचे रेलवे विभाग के कर्मचारियों और यात्रियों ने धंसी हुई पटरी की मरम्मत का कार्य किया गया। इसके बाद ट्रेन पांच बजकर 52 मिनट पर बालामऊ के लिए पटरी से गुजरी। इस बीच ट्रेन करीब 42 मिनट तक जसरा गांव के पास खड़ी रहीं। साथ ही ट्रेन चालक की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा होने से टल गया। वहीं कुछ यात्री ट्रेन से उतरकर दूसरे वाहन से गंतव्य के लिए रवाना हुए। अचानक ट्रेन के रुकने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई।

लापरवाही | मिश्रा कॉलोनी के नलों में टोटियों के अभाव से हो रही पानी की बर्बादी

# अमृत योजना की टेस्टिंग में बह रहा पानी

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचारः** नगर में अमृत योजना के तहत डाली गई भूमिगत जल पाइप लाइनों की टेस्टिंग के दौरान पानी की भारी बर्बादी हो रही है। मिश्रा कॉलोनी समेत पश्चिमी क्षेत्रों में हो रही इस टेस्टिंग में घर-घर दिये गए जल कनेक्शन की टोटियों के नदारद रहने से खुले पाइपों से पानी बहता रहा।

बुधवार को जल निगम की ओर से मिश्रा कॉलोनी क्षेत्र में दोपहर के समय पाइप लाइन की टेस्टिंग की। टेस्टिंग के लिए हर गली-मोहल्ले में बनाए गए चैंबरों से जल सप्लाई चालू की गई। लेकिन कई घरों में कनेक्शन पाइप की टोटियां न लगे होने के कारण पानी तेजी से बहकर सड़कों पर फैल गया। करीब एक घंटे तक पानी इसी तरह बहता रहा, जिससे सैकड़ों लीटर पानी व्यर्थ बर्बाद हो गया। विभाग की ओर से टेस्टिंग का कार्य इस उद्देश्य से किया जा रहा है कि किसी भी स्थान पर पाइप में लीकेज, क्रैक या अन्य तकनीकी खराबी हो तो उसे समय रहते ठीक किया जा सके। इसके लिए जहां कहीं गड़बड़ी मिल रही है, वहां खोदाई कर मरम्मत कराई जा रही है। स्थानीय लोगों ने इस पानी की बर्बादी पर नाराजगी जताई और कहा कि पहले से ही जल संकट की स्थिति बनी रहती है, ऐसे में इस तरह पानी का बहना चिंता का विषय है।



टोटी न होने से बहता पानी।

**लीकेज पाइप लाइन की मरम्मत, राहगीरों को हुई परेशानी**

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** नगर के अंबिकापुरम मोहल्ले में अमृत योजना के तहत डाली गई भूमिगत पाइप लाइन में लीकेज की शिकायत पर गुरुवार को जल निगम ने मरम्मत कार्य कराया। पाइप फटने से लगातार पानी बह रहा था, जिससे मोहल्लेवासियों को असुविधा हो रही थी। जल निगम की ओर से चल रही टेस्टिंग के दौरान लीकेज की जानकारी मिली, जिसके बाद कर्मचारी मौके पर पहुंचे और बीच चौराहे पर खोदाई कर मरम्मत शुरू की। इस दौरान आवागमन प्रभावित रहा और स्थानीय लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। करीब कुछ घंटों की मेहनत के बाद पाइप लाइन की मरम्मत पूरी की गई और पानी का बहाव रोका गया। जल निगम कर्मियों ने बताया कि अन्य क्षेत्रों में भी टेस्टिंग के दौरान अगर कोई खामी मिलती है तो तत्काल मरम्मत कार्य किया जाएगा।



# चालक ने टोलकर्मियों पर चढ़ाया ट्रक, एक की मौत और दो घायल

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल प्लाजा पर हुई घटना, एक घायल की हालत नाजुक

संवाददाता, मऊ चित्रकूट

**अमृत विचार।** बुधवार देर रात झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जोरवारा टोल प्लाजा पर टोलकर्मियों पर एक चालक ने ट्रक चढ़ा दिया। इससे एक युवक की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। इनमें एक की हालत गंभीर है।


शिवम।

घटना बुधवार रात करीब 11 बजे की है। जानकारी के अनुसार प्रयागराज की ओर से आ रहा सीमेंट से भरा एक ट्रक तेज रफ्तार में वहां पहुंचा और पहले टोल बॉक्स में टक्कर मारी, इसके बाद चालक ने वहीं पर खड़े टोलकर्मियों पर वाहन चढ़ा दिया। इससे बरगढ़ थाना के मनका गांव निवासी 22 वर्षीय शिवम शुक्ला पुत्र रामानुग्रह और नेवरा निवासी पंकज पांडेय (35) पुत्र रामसागर वाहन के नीचे आ गए।

शिवम के सिर पर पहिया चढ़ने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई वहीं पंकज गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके अलावा मऊ निवासी प्रभात शुक्ला (35) छिटककर दूर जा गिरा, जिससे उसे भी चोटें आई। बताया जाता है कि ऐसा लगता था कि चालक ने जानबूझकर टोल कर्मचारियों को निशाना बनाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने शिवम को मृत घोषित कर दिया। प्रभात और पंकज को जिला अस्पताल रिफर किया गया। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। पुलिस ने ट्रक के खलासी को गिरफ्तार कर ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है।


पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के पिता को ढांढस बंधाते परिजन। अमृत विचार

### इकलौता बेटा था शिवम

मनका निवासी शिवम अपने घर का इकलौता लड़का था। हादसे की खबर जिस किसी ने भी सुनीं, सन्न रह गया। बताते हैं कि युवक टोल प्लाज़ा पर नौकरी करके परिवार का खर्च चलाता था। शिवम की मां गुड्डन देवी, बहनों ॠतु और प्रीतू का रो रोकर बुरा हाल हो गया वहीं पिता रामानुग्रह शुक्ला बुढ़ापे का सहारा छिनने से बेहाल हो गए।

### सीओ बोले, करेंगे कड़ी कार्रवाई

मऊ क्षेत्राधिकारी यामीन अहमद ने बताया कि बीती रात हुई घटना से वह भी दुखी हैं। उन्होंने मौके पर जाकर जानकारी ली है। पुलिस कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगी। हर बिंदु पर जांच की जा रही है। ट्रक के नंबर के आधार पर मालिक और चालक का पता किया जा रहा है। ट्रक का नंबर प्रयागराज का है। वहीं एसओ ने बताया कि ट्रक मुरका थाना बरगढ़ निवासी किसी व्यक्ति का है। मृतक के बाबा रामविलास ने तहरीर दी है।


पेड़ से टकराकर पलटी कार।

### हाईवे पर साइकिल सवार को बचाने में पलटी कार

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** साइकिल सवार को बचाने की कोशिश में चालक ने कार से नियंत्रण खो दिया और कार पलट गई। जानकारी के मुताबिक, ट्रांसपोर्टनगर निवासी अंशु मिश्रा पुत्र कृष्ण कुमार कार से चित्रकूट से प्रयागराज की ओर जा रहे थे। मुरका गांव के पास अचानक साइकिल सवार के बीच रोड पर आने पर उसे बचाने के चक्कर में अंशु ने कार को तेजी से मोड़ा जिससे यह पेड़ से टकराकर पलट गई। अंशु को हल्की फुल्की चोटें आई हैं।

# बदमाशों ने युवक पर हमला कर नकदी व चेन लूटी

संवाददाता बिधूना, औरैया

- सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर रही पुलिस

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र रुरुखुर्द गांव के पास नकाबपोश 8 बदमाशों ने दूध लेकर वापस लौट रहे युवक को घेर लिया। बदमाशों ने युवक से मारपीट करने के बाद 30 हजार रुपये और सोने की चेन लूट ली और फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पुलिस ने जल्द ही घटना का खुलासा किए जाने की बात कही है।

रुरुगंज निवासी शिवम सिंह नगला पतू सुबह 6:30 बजे गांव से दूध और 30 हजार रुपये लेकर लौट रहे थे। जैसे ही वह रुरुखुर्द के श्यामलाल विद्या मंदिर इंटर कालेज के सामने पहुंचे। तभी विद्यालय के पीछे पहले से घात लगाए तीन बाइक पर सवार 8 नकाबपोश बदमाशों ने शिवम को घेर लिया और डंडों और बेल्ट से मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। आरोप है कि इस दौरान बदमाशों ने शिवम की जेब से 30 हजार रुपये और गले से सोने की चेन छीन ली। जबकि वह मोबाइल फोन वहीं फेंककर फरार हो गए। हेलमेट पहने होने के कारण शिवम के सिर में चोट नहीं लगी जबकि शरीर पर कई जगह चोटों के निशान हैं। सूचना मिलते ही चौकी पुलिस ने शिवम से घटना की जानकारी की और उसे उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधूना में भर्ती कराया। चौकी पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना का अनावरण करने का प्रयास कर रही है। सीसीटीवी फुटेज में काली व एक सफेद बाइक पर नकाबपोश बदमाश भागते हुए दिखाई दे रहे हैं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुकेश बाबू चौहान ने कहा कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर अतिशीघ्र घटना का अनावरण कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

### अधेड़ ने नशे की हालत में फांसी लगा दी जान

महोबा। शहर के मोहल्ला फतेहपुर बजरिया में एक सूने घर में अधेड़ ने नशे की हालत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घर पहुंचे परिजनों ने उसे फांसी पर लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। घर में चीख पुकार मच गई। शोर सुनकर आस पास के लोग दौड़ पड़े और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मुहल्ला फतेहपुर बजरिया इंदल अहिरवार (50) पुत्र पिरवा अहिरवार शराब का लती था। मृतक के बड़े भाई बृजलाल ने बताया कि वह अक्सर शराब पीता था। बुधवार रात को वह नशे की हालत में शराब पीकर आया, उस समय परिवार के लोग अपने अपने कमरों में थे तभी इंदल अहिरवार भी अपने कमरे में चला गया। जब परिवार के लोग उसे भोजन के लिए बुलाने पहुंचे तो वह फांसी के फंदे पर लटका था। यह देख कर घर में चीख पुकार मच गई। मुहल्लेवासी भी शोर गुल सुनकर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी।

## सार-संक्षेप

### भूमि अपने नाम कराने के बाद पिता को घर से निकाला

**महोबा।** बच्चों को लाड़ प्यार और खुद को तखलीफ में रहकर बच्चों को पालने और पढ़ा लिखाकर बड़ा करने वाले मां बाप को जब बुढ़ापे में बच्चों की मदद की सख्त जरूरत होती है, तब वही बच्चे अपने मां बाप को घर से बाहर निकाल देते है या वृद्धा आश्रम भेज कर उन्हें जीते जी मौत के मुंह में डाल देते हैं। ऐसा ही एक वाक्या जिले के पनवाड़ी थाना क्षेत्र के लिधौरा खुर्द गांव में देखने को मिला, जहां पर बेटे ने पिता की जमीन हड़पने के लिए पहले पिता को खुश किया और उसके साथ वक्त गुजारकर उसका हालचाल लेता रहा, पिता भी बेटे की सेवा देख खुश हो गया। बाद में उसने अपनी सारी जमीन बेटे चंद्रशेखर के नाम कर दी। पिता की जमीन अपने नाम होते ही बेटे का स्वभाव भी बदल गया। पिता की किसी लालच के सेवा करने वाले बेटे ने जमीन पर कब्जा जमाते ही पिता को घर से बाहर निकाल दिया। इतना ही नहीं शौचालय में ताला डाल दिया। बुजुर्ग पिता हरनारायाण अब भूखा प्यासा घर के बाहर दर दर की ठोकरें खाता घूम रहा है। गुरुवार को पीड़ित ने एसपी से न्याय की गुहार लगाते हुए बेटे के खिलाफ कार्रवाई किए जाने के लिए तहरीर दी।

### मथुरा में राजस्थानी शैली के बनेंगे सात भव्य प्रवेश द्वार

**लखनऊ।** मथुरा-वृंदावन में सात स्थानों पर भव्य प्रवेश द्वारों का निर्माण होगा। ये प्रवेश द्वार रेपुरा जट, यमुना एक्सप्रेस-वे, पागल बाबा मंदिर (वृंदावन रोड),लक्ष्मी नगर चौराहा, कोटवन बॉर्डर, मथुरा-गोकुल मार्ग, सोनई बॉर्डर, और सासनी बॉर्डर पर बनाए जाएंगे। 21.50 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इन प्रवेश द्वारों पर राजस्थानी शैली में स्टोन कार्विंग और 10 फीट ऊंची भगवान श्रीकृष्ण की 12 मूर्तियां स्थापित की जाएंगी। ये प्रवेश द्वार मथुरा की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को और मजबूत करेंगे। मथुरा आने वाले श्रद्धालुओं के लिए न केवल आकर्षण का केंद्र होंगे साथ ही मथुरा नगरी के प्राचीन वैभव को एक बार फिर स्थापित करेगा।

### भाजपा विद्वेष की राजनीति करती है: अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा विद्वेष की राजनीति करती है। विपक्षी दलों और नेताओं की छवि खराब करने के लिए सत्ता का दुरुपयोग करती है। भाजपा का व्यवहार अलोकतांत्रिक और तानाशाही का है। लोकतांत्रिक और संवैधानिक संस्थाओं को वह अपने नियंत्रण में करना चाहती है। सपा प्रमुख गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये नेताओं और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की कानून व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था और बिजली व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। इस सरकार में कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार चरम पर हैं जिसका नतीजा है कि हर विभाग में भ्रष्टाचार है। हर कार्य में लूट मची है। आम जनता की कोई सुनवाई नहीं है। जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की आर्थिक नीतियां देश के उद्योग और व्यापार का नुकसान कर रही है। भाजपा-आरएसएस विपक्ष में रहने के दौरान स्वदेशी का नारा देते थे। बड़े-बड़े दावा करते थे। आरएसएस के लोग स्वदेशी अपनाने को लेकर लम्बे-लम्बे भाषण करते थे। इन लोगों ने सत्ता में आने पर ऐसी नीतियां बना दी है कि पूरा देश विदेशी सामानों से भरा पड़ा है। देश के बाजार चीनी सामानों से पटे है। अब ये स्वदेशी की बात नहीं करते है। इस सरकार की गलत नीतियों से देश के कुटीर और छोटे उद्योग बर्बाद हो गए।

### पूर्व मंत्री जंग बहादुर के केस में गवाही दर्ज

**सुलतानपुर।** पूर्व मंत्री जंग बहादुर सिंह व अन्य के खिलाफ चल रहे 24 वर्ष पहले हत्या के केस में गुरुवार को अभियोजन गवाह मृतक की पुत्री गायत्री देवी ने कोर्ट में हाजिर होकर अपनी गवाही दर्ज कराई। विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय ने बताया कोर्ट ने शेष अभियोजन साक्ष्य के लिए 25 जून की तारीख तय की है। जामो थाना क्षेत्र के गौरा पूरे मतऊ निवासी शिव कुमार ने मुकदमा दर्ज कराया था कि 17 अप्रैल 2001 को आरोपी अशोक कुमार और विजय बहादुर पाल उसके घर पहुंचे और भाई राजकुमार को साथ ले गए। रात में दिछौली के पास राजकुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस की विवेचना में पूर्व मंत्री जंग बहादुर सिंह और रामविलास की भूमिका हत्या की साजिश रचने में पाई गई।

### जीएनएम दाखिले के लिए देनी होंगी कॉलेज की प्राथमिकताएं

**लखनऊ।** नर्सिंग कॉलेजों में जीएनएम पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए काउंसिलिंग 20 जून शुक्रवार से शुरू हो जाएगी, अभ्यर्थियों को मनपसंद कॉलेजों की प्राथमिकता दोनी होंगी जिसके बाद सीट आवंटित होंगी। काउंसिलिंग से नजरअंदाज कर कॉलेज प्रशासन द्वारा सीधे लिए जाने वाले दाखिले मान्य नहीं होंगे। यह जानकारी उप्र.स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.अनुराग श्रीवास्तव ने सभी निजी क्षेत्र के नर्सिंग कॉलेज प्रबन्धकों को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि काउसिलिंग के लिए अभ्यर्थियों द्वारा पंजीकरण किया जा चुका है, अब अभ्यर्थियों को कॉलेज की प्राथमिकताएं देनी होंगी। सचिव ने बताया कि काउंसिलिंग माध्यम से होने वाले दाखिले ही मान्य होंगे, कॉलेज प्रशासन स्तर पर लिए गए दाखिले मान्य नही होंगे। उन्होंने बताया कि नर्सिंग कॉलेज में जीएनएम में दाखिले पहली बार केन्द्रीयत प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षा के माध्यम से लिए जाएंगे। इसके लिए अटल बिहारी बाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित केन्द्रीय प्रवेश परीक्षा से प्राप्त मेरिट के आधार पर अभ्यर्थी काउंसिलिंग में प्रतिभाग करेंगे।

## ट्रैक्टर की चपेट में आकर एक की मौत, दो घायल

**कायमगंज (फर्रुखाबाद)।** कंपिल रुदायन मार्ग पर बाइक सवार युवकों को ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे एक युवक की मौत हो गई। दो गंभीर रूप से घायल हो गए।

ढड़ियापुर निवासी विकास अपने साथी ओमवीर व अपने बड़े भाई जितेंद्र के साले रजनेश के साथ बाइक से रुदायन जा रहा था। जिजौटा खुर्द के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे तीनों युवक उछलकर सड़क पर जा गिरे। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया। डॉक्टर ने विकास को मृत घोषित कर दिया।

# पत्नी ने पति को ससुराल बुला कर लाठी से पीटा

संवाददाता हमीरपुर

**अमृत विचार।** दस माह से मायके में रह रही पत्नी ने पति को बहाने से बुलाकर परिजनों के साथ पति की लाठी डंडों से जमकर पिटाई कर लहूलुहान कर दिया। पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने पर पीड़ित ने एसपी को शिकायती की।

सदर कोतवाली क्षेत्र के अंबेडकर नगर नौबस्ता निवासी अभिषेक पुत्र राजेंद्र अंबेडकर ने बताया कि तीन वर्ष पहले इंगोहटा गांव के छोटेलाल की पुत्री रोशनी से विवाह हुआ था। दस माह पहले रोशनी अपनी दो वर्ष की पुत्री को लेकर मायके चली गई। अभिषेक भी दिल्ली में एक कंपनी में काम कर रहा था। अभिषेक अपने घर आया था। उसने पत्नी रोशनी से ससुराल आने को फोन से बात की। जिस पर रोशनी ने अभिषेक को साथ में दिल्ली चलने का बहाना बना कर मायके बुला लिया। मंगलवार को जैसे ही अभिषेक रोशनी को लेने इंगोहटा ससुराल पहुंचा। तभी दरवाजे पर खड़ी रोशनी ने दहेज में दी बाइक छीन ली और पिता छोटेलाल, मां और भाई को बुलाकर अभिषेक की लाठी डंडों से पीटाई करा दी। अभिषेक किसी तरह जान बचाकर वहां से भाग निकला। उसने इंगोहटा चौकी, सुमेरपुर थाना पहुंच कर न्याय की गुहार लगाई। किन्तु स्थानीय पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने से आहत होकर गुरुवार को एसपी को शिकायती पत्र सौंपा।

# मासूम बेटे को कमर में बांध यमुना में कूदी महिला, दोनों की गई जान

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** घरेलू हिंसा और प्रताड़ना से ऊबकर एक महिला ने अपने डेढ़ साल के मासूम बच्चे को कमर में बांधकर यमुना नदी में छलांग लगा दी। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने गोताखोरों की मदद से मां-बेटे के शवों को बाहर निकाल लिया।

यमुना नदी के पक्के पुल के पास मौजूद लोगों ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे यमुना नदी में एक महिला पुल से कूद गई। उसने अपनी कमर में एक बच्चे को भी बांध रखा था। मौके पर दौड़कर पहुंचे प्रत्यक्षदर्शियों ने थाने में इसकी सूचना दी तो थानाध्यक्ष प्रवीण सिंह, उपनिरीक्षक सिद्धनाथ राय घटनास्थल पहुंचे। पुलिस ने तत्काल गोताखोरों की व्यवस्था की और करीब आधा घंटे बाद मां व बेटे के शवों को बाहर निकाला। पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजापुर भेजा, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

थानाध्यक्ष ने शिनाख्त के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारण कराया। इस पर ग्राम कनकोटा निवासी राजकुमारी निषाद और अन्य लोग वहां पहुंचे और शवों की शिनाख्त अपनी बेटी मृतका गौरा व उसके डेढ़ साल के पुत्र राज के रूप में की। राजकुमारी ने बताया कि गौरा (25) उसकी बेटी थी। उसने लगभग चार साल पहले कौशांबी जिले के ग्राम गढ़वा ईशामबाद थाना सरांय अकिल निवासी संतोष पुत्र बब्बू निषाद से प्रेम विवाह किया था। गौरा शादी के बाद से काफी परेशान रहती थी और घरेलू हिंसा, प्रताड़ना की जानकारी देती रहती थी। बताती थी कि ससुराली दहेज के लिए उसे मारते पीटते थे।

इसके बाद उन लोगों ने दहेज भी दिया था लेकिन इसके बाद भी प्रताड़ना बंद नहीं की गई। बताया कि वह गुरुवार को कनकोटा आ रही थी तभी पुल से कूदकर उसने जान दे दी। थाना प्रभारी ने बताया कि यमुना से मां-बेटे के शव बरामद किए गए हैं। इनको पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## दि किसान सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड, कायमगंज, फर्रुखाबाद

### निविदा सूचना

सत्र 2025-26 हेतु चीनी मिल में ई-निविदा के माध्यम से चीनी मिल विभिन्न प्रकार की सामाग्री की आपूर्ति जैसे-सी.आई. जी.एम., कास्टिंग, क्लीनिंग इक्युपमेंट्स, रबर गुड्स, पैकिंग मैटेरियल, एस०एस० लाईनर, सर्पोटिंग लाईनर तथा ब्रास लाईनर, केन अनलोडर हेतु हाईड्रोलिकग्रेब, कापर इनेमिल वायर, केन कटर हब को बदलने, निकिल स्क्रीन, सबमर्सिबल पम्प क्रय किए जाने का कार्य। जॉब वर्क जैसे-मिल टरबाईन नं0-1 के एम०एफ०जी० गियर बॉक्स की रिकण्डिनिंशिग, ब्यायलर के टयूबों की आंतरिक एवं बाहरी सफाई, ब्यायलरों पर मसेनरी कार्य, इंस्ट्रूमेटेशन, अल्ट्रासोनिक थिकनेस टेस्टिंग, ए०सी०बी० रिपेयरिंग विद् ए०एम०सी, डी०जी० सेट, वी०एफ०डी. वैक्युम फिल्टर रिपेयरिंग, सी०सी०टी०वी० कैमरों की ए०एम०सी० एवं स्पेयर, मिल हाईड्रोलिक एक्युमुलेटर से सम्बन्धित कार्य, आर.बी.सी. के पास एकत्रित बैगास को एकत्रित करना, मिल में स्थापित वेट स्क्रेबर के ऐँश पॉण्ड में एकत्र होने वाली फलाई एश (राख) को अपने संशाधनों से हटाना तथा निर्देशित स्थान पर डालना, सल्फेट रिमूवल, ई०टी०पी० संचालन का कार्य, स्टोर में आए हुए विभिन्न सामानों जैसे-चूना, सल्फर, एच.डी.पी.ई. बैग्स, केमिकल्स एवं अंयत्र भेजे जाने वाले सामानों को अपने संशाधनों से लोडिंग एवं अनलोडिंग का कार्य,, ब्यायलरों से निकलने वाली राख/क्लिंकर बिकी, पॉण्ड, ई०टी०पी० के नॉली, लैगूनों की सफाई पुताई एवं चीनी बाउण्ड्री से रेलवे लाईन से होते हुए नाली की सफाई का कार्य, क्वॉड बॉडी, जूस हीटर, पैन, वेपर सेल, चीनी गोदामों से सम्बन्धित कार्य, ड्रायर हाऊस में चीनी के बोरों की भराई, तौलाई एवं सिलाई का कार्य तथा पेराई सत्र 2025-26 के दौरान चीनी मिल के वैक्युम फिल्टर से निकलने वाली प्रेसमड/मैली की विक्रय तथा सामान्य निविदा के माध्यम से मिल परिसर के अन्दर एल्युमिनियम, गनमेंटल तथा सी.आई./सी.एस. मैटेरियल की ढलाई का कार्य एवं किराए पर फोर व्हीलर लगाए जाने हेतु दिनांक 18.06.2025 से दिनांक 15.07.2025 तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी मिल कार्यालय एवं बेव-साईट **www.etender.up.nic.in** से प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

प्रधान प्रबन्धक

# फंदे पर लटका पिता तो बच गया लेकिन बेटे की करंट लगने से मौत

संवाददाता कोंच जालौन

**अमृत विचार।** छानी गांव में बुधवार की देर रात पिता को अस्पताल ले जाने के लिए बक्से से पैसा निकालने के दौरान स्टेबलाइजर के करंट से बेटे की मौत हो गई। काफी देर तक परिजन समझते रहे कि बेटे को पैसे निकलने में देरी लग रही है। काफी देर बाद परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो बेटा जमीन पर अचेत पड़ा था। परिजनों ने तत्काल बाप-बेटे को कोंच के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने बेटे को मृत घोषित कर दिया और पिता को सरकारी अस्पताल भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छानी निवासी करन बरार (42) ने परेशानी के चलते बुधवार की रात खेत पर पेड़ से फांसी पर लटक गया लेकिन आसपास के लोगों ने देखकर उसे फंदे से उतार कर अस्पताल ले जाने लगे। उसका बेटा पिंटू (15) घर से पैसा उठाने चला गया और बक्से में रखे पैसे उठाने के लिए बक्से के ऊपर रखा स्टेबलाइजर उठाकर रखने लगा तभी वह करंट की चपेट में आ गया और वह अचेत होकर जमीन पर गिर गया। परिजन समझते रहे कि बेटे को पैसा निकालने में देर लग रही है इसी के चलते तो काफी देर कर कोई उसे देखने तक नहीं गया।

जब काफी देर हो गई तो परिजनों ने कमरे में जाकर देखा जहां पिंटू अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था। परिजनों ने तत्काल बाप बेटे को कस्बे के नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने बेटे को मृत घोषित कर दिया और पिता को सरकारी अस्पताल भेज दिया।

## किसान की आकाशीय बिजली गिरने से मौत

**बिधूना, औरैया।** भटौली में खेत पर काम करते वक्त तेज बारिश के बीच अचानक आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई।

गुरुवार को अचानक हुई बारिश के चलते क्षेत्र के ग्राम भटौली में उसे वक्त आकाशी बिजली गिरी जब ग्राम निवासी रामबाबू उर्फ रामू तिवारी पुत्र राधेश्याम तिवारी उम्र करीब 45 वर्ष अपने खेत पर काम कर रहे थे। उसी दौरान आकाशी बिजली खेत पर जा गरी जिसकी चपेट में वह आ गए और मौके पर ही किसान की दर्दनाक मौत हो गई।

# आकाशीय बिजली गिरने से दो की मौत, तीन झुलसे

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** गुरुवार शाम तेज बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। वहीं तीन मजदूर झुलस गए। सभी को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

कुरारा प्रतिनिधि के अनुसार ब्लाक के हरेहटा गांव में शाम मवेशी चरा रही मीरा प्रजापति (45) पत्नी मदन लाल आकाशीय बिजली की चपेट में आकर झुलस गई। उसे सदर अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

उधर सरीला के बंगरा गांव में शाम आकाशीय बिजली गिरने से सत्तीदीन (55) की मौत हो गई जबकि गोविंदा (19), रामपाल (50) व रमेश (45) गंभीर रूप से झुलस गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी मजदूर बारिश से बचने के लिए ट्रैक्टर-ट्राली के नीचे बैठे थे तभी आकाशीय बिजली तेज आवाज के साथ गिरी। दो लोगों की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

**बैठक** योगी ने हर विधानसभा में सड़क-पुल बनाने के लिए 30 जून तक मांगी कार्ययोजना

# 'हर विधानसभा में समावेशी विकास की हो ठोस पहल'

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लोक निर्माण विभाग की प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन और रणनीति को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में हर विधानसभा में सड़क व पुल बनाने के लिए 30 जून तक कार्ययोजना तलब की।


योगी आदित्यनाथ।

कहा कि सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों को कम से कम 2-3 योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ अवश्य मिलना चाहिए। हिदायत दी कि विकास कार्यों का भूमि पूजन अथवा शिलान्यास स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कराया जाए, ताकि विकास में जनभागीदारी की भावना सशक्त हो। बैठक में शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सभी जिलाधिकारी, विधानसभा के जनप्रतिनिधि और संबंधित विभागीय अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े। मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए कि लोक निर्माण विभाग की प्रमुख 18 योजनाओं के अंतर्गत 75 जिलों से 30 जून तक प्रस्ताव अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाने चाहिए। कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों से जिलाधिकारी समन्वय स्थापित करते हुए, प्रस्ताव तैयार कर तय समयसीमा के भीतर भेजें। विकास का लाभ राजनीतिक क्षेत्रफल नहीं, बल्कि स्थानीय आवश्यकता के आधार पर सुनिश्चित करें। निर्देश दिए कि सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों को कम से कम 2-3 योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ अवश्य मिलना चाहिए।

बाढ़ और अतिवृष्टि से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों के लिए विशेष रणनीति पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लघु सेतु और सड़कें जलभराव के कारण क्षतिग्रस्त होती हैं। ऐसे में पूर्वानुमान के आधार पर प्रस्ताव तैयार कर भेजे जाएं, ताकि जैसे ही बरसात कम हो, कार्य शुरू हो सके। सड़कों की गुणवत्ता, पर विशेष बल देते हुए निर्देश दिया कि प्रदेश के किसी भी मार्ग पर गड्ढे नजर नहीं आने चाहिए।

### हर वर्ष प्रदेश के टॉप-50 धार्मिक स्थलों का हो चयन

मुख्यमंत्री ने धार्मिक पर्यटन को आर्थिक सशक्तिकरण से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए कहा कि हर वर्ष प्रदेश के टॉप-50 धार्मिक स्थलों का चयन उसकी ऐतिहासिकता, महत्व एवं श्रद्धालुओं की संख्या के आधार पर किया जाए। इन स्थलों को जोड़ने वाले मार्गों के निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण को प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि संदिग्ध या दागी ठेकेदारों को चिन्हित किया जाए मुख्यमंत्री ने डीएम को निर्देश दिए कि प्रत्येक जिले में एक नोडल अधिकारी नामित करें।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बिल्हौर, कानपुर नगर

पत्रांक: 171 / न0पा0प0बि0 / 2025-26 दिनांक: 19-06-2025

### अति अल्पकालिक कोटेशन सूचना

नगर पालिका परिषद बिल्हौर, कानपुर नगर में पालिका निधि के अन्तर्गत अर्जित धनराशि से सफाईकर्मियों हेतु पी0पी0ई0 किट, नगर पालिका चौराहे पर अधिष्ठापित राष्ट्रीय ध्वज के पोल व आस-पास के 04 पोलों हेतु तिरंगा (ट्राई कलर) एल0ई0डी0 लाइट आपूर्ति एवं पालिका स्टॉक में रखी खराब 02 अद्द समरसेबिल मोटर पम्पों (20 एच0पी0 एवं 25 एच0पी0) की मरम्मत हेतु पृथक-पृथक कोटेशन दिनांक 23.06.2025 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। प्राप्त कोटेशन उक्त तिथि/दिनांक 23.06.2025 को अपरान्ह 03:00 बजे अधिशाषी अधिकारी / अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बिल्हौर के समक्ष खोले जायेगे। किसी भी कोटेशन को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी नगर पालिका परिषद बिल्हौर को होगा। अन्य नियम व शर्ते कार्यालय कार्यदिवस में ज्ञात की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | आपूर्ति सामग्री / कार्य का विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | पी0पी0ई0 किट (रेडियम जैकेट, ग्लब्स, मास्क, सेफ्टी हेलमेट) | 30 अद्द |
| 2 | लांग बूट | 10 अद्द |
| 3 | तिरंगा (ट्राई कलर) एल0 ई0 डी0 लाइट। | 222 मीटर |
| 4 | 20 एच0 पी0 समरसेबिल मोटर पम्प (के0एस0बी0 कम्पनी) की मरम्मत। | 01 अद्द |
| 5 | 25 एच0 पी0 समरसेबिल मोटर पम्प (के0एस0बी0 कम्पनी) की मरम्मत। | 01 अद्द |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बिल्हौर
कानपुर नगर।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद बिल्हौर
कानपुर नगर।

# स्विस बैंकों में भारतीयों का धन हुआ तीन गुना

## ग्राहक खातों में जमा धन में 11 प्रतिशत की वृद्धि, अब 34.6 करोड़ स्विस फ्रैंक हुआ

**नई दिल्ली/ज्यूरिख, एजेंसी**

स्विट्जरलैंड के बैंकों में जमा भारतीयों का धन 2024 में तीन गुना से अधिक होकर 3.5 अरब स्विस फ्रैंक (37,600 करोड़ रुपये) हो गया। स्थानीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों में रखे कोष में उछाल के साथ जमा राशि में वृद्धि हुई है। स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक के सालाना आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

भारतीयों के ग्राहक खातों में जमा धन केवल 11 प्रतिशत बढ़ा और यह 34.6 करोड़ स्विस फ्रैंक (3,675 करोड़ रुपये) रहा। यह कुल धन का लगभग दसवां हिस्सा है। इससे पहले, 2023 में भारतीयों और फर्मों द्वारा स्विस बैंकों में जमा धन में 70% की गिरावट की आई थी और यह चार साल के निचले स्तर 1.04 अरब स्विस फ्रैंक पर आ गया था। इसमें स्थानीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों के माध्यम से रखी जमा राशि शामिल है। बीते वर्ष की जमा राशि 2021 के बाद से सबसे अधिक है। उस समय स्विस बैंकों में भारतीयों की जमा राशि 14 साल के उच्चतम स्तर 3.83 अरब स्विस फ्रैंक पहुंच गई थी। ये स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) को बैंकों से मिले आधिकारिक आंकड़े हैं और स्विट्जरलैंड में भारतीयों द्वारा रखे गए बहुचर्चित कथित काले धन की मात्रा का संकेत नहीं देते हैं। इन आंकड़ों में वह राशि भी शामिल नहीं है जो भारतीयों, एनआरआई या अन्य लोगों ने तीसरे देश की संस्थाओं के नाम पर स्विस बैंकों में रखी हो सकती है।

एसएनबी ने 2023 के अंत में स्विस बैंकों की 'कुल देनदारियों' या उनके भारतीय ग्राहकों के 'बकाया राशि' के रूप में कुल राशि 354.55 करोड़ स्विस फ्रैंक आंकी है। इसमें ग्राहक जमा में 34.6 करोड़ स्विस फ्रैंक (2023 के अंत में 31 करोड़ स्विस फ्रैंक से अधिक), अन्य बैंकों के माध्यम से रखे गए 3.02 अरब फ्रैंक (42.7 करोड़ फ्रैंक से अधिक), न्यासों के माध्यम से 4.1 करोड़ स्विस फ्रैंक (एक करोड़ स्विस फ्रैंक से अधिक) तथा बॉन्ड, प्रतिभूतियों और अन्य वित्तीय उत्पादों के रूप में 13.5 करोड स्विस फ्रैंक की राशि शामिल हैं।

एसएनबी के आंकड़ों के अनुसार, 2006 में कुल राशि लगभग 6.5 अरब स्विस फ्रैंक के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर थी। वर्ष 2011, 2013, 2017, 2020, 2021, 2022 और 2023 समेत कुछ वर्षों को छोड़कर इसमें कमी आई है। एसएनबी के अनुसार, भारतीय ग्राहकों के प्रति स्विस बैंकों की 'कुल देनदारियों' के लिए इसके आंकड़ों में स्विस बैंकों में भारतीय ग्राहकों के सभी प्रकार के कोष को शामिल किया गया है। इसमें व्यक्तियों, बैंकों और उद्यमों की जमा राशि भी शामिल है। इसमें भारत में स्विस बैंकों की शाखाओं के साथ-साथ गैर-जमा देनदारियों के आंकड़े भी शामिल है।



• स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक के सालाना आंकड़ों से मिली जानकारी

### सफाई : स्विस बैंक में रखी भारतीयों की संपत्ति काला धन नहीं

स्विस अधिकारियों ने हमेशा यह कहा है कि स्विट्जरलैंड में भारतीयों की रखी संपत्ति को 'काला धन' नहीं माना जा सकता है और वे कर धोखाधड़ी और चोरी के खिलाफ अपनी लड़ाई में भारत समर्थन करते हैं। स्विट्जरलैंड और भारत के बीच कर मामलों में सूचनाओं का स्वचालित आदान-प्रदान 2018 से लागू है। इस ढांचे के तहत, 2018 से स्विस वित्तीय संस्थानों में खाते रखने वाले सभी भारतीय निवासियों की विस्तृत वित्तीय जानकारी पहली बार सितंबर, 2019 में भारतीय कर अधिकारियों को दी गई थी और इसका अनुपालन हर साल किया जा रहा है। इसके अलावा, स्विट्जरलैंड प्रथम दृष्टया सबूत दिये जाने के बाद वित्तीय गलत कामों में लिप्त होने के संदेह वाले भारतीयों के खातों के बारे में सक्रिय रूप से विवरण साझा कर रहा है। अबतक सैकड़ों मामलों में इस प्रकार सूचनाओं का आदान-प्रदान हुआ है। संस्थानों सहित विदेशी ग्राहकों का कुल कोष 2024 में 977 अरब स्विस फ्रैंक रहा जो 2023 में 983 अरब स्विस फ्रैंक था।

# लिक्विड म्यूचुअल फंड: अल्पकालिक निवेश

लिक्विड म्यूचुअल फंड एक प्रकार का डेट फंड है, जो मु बहुत अल्पकालिक (0 से 91 दिन) सरकारी प्रतिभूतियों, बिल्स और कम जोखिम वाले वाणिज्यिक पत्रों में निवेश है। यह उनके लिए उपयुक्त है जो अपने अतिरिक्त पैसे समय के लिए सुरक्षित और तरल माध्यम में लगाना चाह साथ ही बचत खाते से बेहतर रिटर्न की अपेक्षा रखते हैं। फंड की खासियत ये है कि इसमें पूंजी की सुरक्षा अपेक्ष अधिक होती है और निवेश से तुरंत निकासी की सुविधा है। हालांकि, इसमें गारंटीशुदा रिटर्न नहीं होता और बा में बदलाव के अनुसार रिटर्न में उतार-चढ़ाव हो सकता



### जोखिम पर दें ध्यान

- **ब्याज दर जोखिम:** अगर बाजार में ब्याज दरें तेजी से बदलती हैं, तो एनएवी (नेट एसेट वैल्यू) में मामूली घट-बढ़ हो सकती है।
- **क्रेडिट रिस्क:** यदि फंड कम गुणवत्ता वाले कर्ज उपकरणों में निवेश करता है और उधारकर्ता डिफॉल्ट कर जाए, तो नुकसान हो सकता है।
- **गैर-गारंटीशुदा रिटर्न:** बैंक एफडी की तरह यहां कोई निश्चित रिटर्न नहीं होता।

### निवेश से लाभ

- **उच्च तरलता:** लिक्विड फंड्स में पैसा एक दिन में वापस मिल जाता है। कुछ फंड तो इंस्टेंट विड्रॉल की सुविधा भी देते हैं। बैंक सेविंग अकाउंट की तुलना में लिक्विड फंड अक्सर बेहतर रिटर्न देते हैं (औसतन 4%–6% वार्षिक)।
- **कम जोखिम:** यह अल्पकालिक निवेश साधनों में पैसा लगाते हैं, जिससे इनका जोखिम तुलनात्मक रूप से कम होता है। अधिकतर लिक्विड फंड्स में न तो एंट्री चार्ज होता है और न ही जल्दी निकासी पर पेनल्टी।

### किनके लिए उपयुक्त

जो लोग कुछ दिनों या हफ्तों के लिए पैसा पार्क करना चाहते हैं। जो आकस्मिक खर्चों के लिए तरल और सुरक्षित विकल्प खोज रहे हैं। कंपनियां और संस्थान जो अपने वर्किंग कैपिटल का प्रबंधन करना चाहती हैं।

### सशक्त और संतुलित

लिक्विड फंड्स अल्पकालिक निवेश के लिए सशक्त और संतुलित विकल्प हैं। यदि निवेशक जोखिम को समझकर, गुणवत्ता जांचकर निवेश करें, तो यह साधन लाभकारी साबित हो सकता है।

# स्वच्छ प्रौद्योगिकी इस्पात उद्योग की जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि हरित इस्पात के उत्पादन के लिए कम कार्बन उत्सर्जन वाली प्रौद्योगिकियों को अपनाना अब एक विकल्प नहीं, बल्कि जरूरत है। उन्होंने साथ ही कार्बन उत्सर्जन कम करने की दिशा में कदम उठाने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। इस्पात मंत्री ने यह टिप्पणी इस्पात क्षेत्र में नवाचार एवं उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करने को आयोजित बिगमिंट फ्यूचर स्टील कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए की।

मंत्री ने कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि हरित इस्पात और स्वच्छ प्रौद्योगिकी अब एक विकल्प नहीं बल्कि एक जरूरत है। कुमारस्वामी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमारा इस्पात उद्योग 2030 तक 30 करोड़ टन क्षमता तक पहुंचने के साहसिक लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हम न केवल विस्तार करने बल्कि 2070 तक शुद्ध शून्य लक्ष्य के अनुरूप स्थिरता लाने को भी प्रतिबद्ध हैं। सरकार ने दिसंबर 2024 में हरित इस्पात की परिभाषा पेश की थी और उद्योग से आग्रह किया था कि वे तैयार उत्पादों पर प्रति टन कार्बन उत्सर्जन को 2.2 टन के स्तर से नीचे लाने के लिए कदम उठाएं। वैश्विक स्तर पर कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन में इस्पात उद्योग की हिस्सेदारी करीब सात प्रतिशत है। इस्पात के दूसरे सबसे बड़े उत्पादक भारत के पास, वृद्धि को बनाए रखते हुए उत्सर्जन को कम करने में अग्रणी भूमिका निभाने की जिम्मेदारी एवं अवसर दोनों हैं।



• केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कार्बन उत्सर्जन कम करने पर दिया जोर

# कुछ कोलाइडल बहुमूल्य धातुओं के आयात पर अंकुश

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश में सोने के अवैध प्रवाह को रोकने के लिए कोलाइडल बहुमूल्य धातुओं के आयात अंकुश लगाया है। कोलाइडल बहुमूल्य धातुएं तरल रूप में फैले सोने या चांदी के नैनो कणों के विलयन होते हैं।


उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि कुछ आयातक थाइलैंड जैसे देशों से आयात के लिए तरल रूप में स्वर्ण कणों का सहारा ले रहे थे। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने अधिसूचना में कहा, सीटीएच 2843 श्रेणी में आने वाली वस्तुओं की आयात नीति को 'मुक्त' से संशोधित कर 'अंकुश' किया जाता है। इस श्रेणी में आने वाले उत्पादों में कोलाइडल कीमती धातुएं, कीमती धातुओं के अकार्बनिक या कार्बनिक यौगिक शामिल हैं। वजन के हिसाब से 1% से अधिक सोना-युक्त पैलेडियम, रोडियम और इरीडियम मिश्र धातु के आयात पर पाबंदी लगा दी गई है।

# सकल मुद्रास्फीति में गिरावट अच्छा संकेत : क्रिसिल

**कोलकाता, एजेंसी**

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल लि. ने कहा है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित सकल मुद्रास्फीति इस साल मई में घटकर 2.8% पर आ गई। यह अर्थव्यवस्था के लिए एक अच्छा संकेत है। क्रिसिल ने कहा कि खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट सकल खुदरा मुद्रास्फीति को नीचे ला रही है, लेकिन मुख्य (कोर) मुद्रास्फीति यानी विनिर्माण क्षेत्र की मुद्रास्फीति बढ़ रही है। हालांकि, यह दशकीय रुख से नीचे है और अब लगातार चार महीनों से चार प्रतिशत से ऊपर है।

कोर यानी मुख्य मुद्रास्फीति में खाद्य और ऊर्जा से संबंधित अधिक अस्थिर मूल्य वाली वस्तुओं को शामिल नहीं किया जाता। क्रिसिल ने कहा कि मुख्य मुद्रास्फीति में लगातार वृद्धि सकल मुद्रास्फीति पर दबाव डाल सकती है। बढ़ती मुख्य मुद्रास्फीति अर्थव्यवस्था में घरेलू मांग को मजबूत होने का संकेत है। लेकिन मुख्य मुद्रास्फीति का गहराई से आकलन करने से पता चलता है कि इसकी हाल में वृद्धि घरेलू कारकों के बजाय वैश्विक आर्थिक अस्थिरता से जुड़ी है। क्रिसिल ने कहा कि सोने की कीमतें घरेलू के बजाय वैश्विक संकेतों पर प्रतिक्रिया करती हैं। हालांकि, सोने की सकल सीपीआई में हिस्सेदारी छोटी (कुल सूचकांक का 1.1%) है, लेकिन इसे मुख्य सीपीआई मुद्रास्फीति में शामिल करने से घरेलू मूल्य संकेत बिगड़ते हैं। भारत के मुख्य मुद्रास्फीति सूचकांक में सोने का भारांश अन्य देशों की तुलना में अधिक है। अन्य प्रमुख केंद्रीय बैंक भी मुख्य मुद्रास्फीति सूचकांक में सोने को शामिल करते हैं, लेकिन इसका भारांश भारत की तुलना में कम है। उनके मुख्य मुद्रास्फीति माप पर इसका प्रभाव सीमित होता है। भारत में सोने का भारांश संभवतः इसलिए अधिक है क्योंकि अन्य देशों की तुलना में खपत में इसकी हिस्सेदारी अधिक है।



• रेटिंग एजेंसी के अनुसार विनिर्माण क्षेत्र की बढ़ रही मुद्रास्फीति

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### कर्नाटक में अल्पसंख्यकों के लिए आवासीय आरक्षण बढ़ा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक मंत्रिमंडल ने गुरुवार को विभिन्न आवास योजनाओं के तहत अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण 10 से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का निर्णय लिया। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद राज्य के कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एचके पाटिल ने कहा, राज्य भर में शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों में आवास विभाग द्वारा लागू की जा रही विभिन्न आवास योजनाओं के तहत अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया है।

#### झारखंड: बारिश के बाद मलबे से निकले दो छात्रों के शव

**रांची/जमशेदपुर।** झारखंड के खूंटी जिले में भारी बारिश से कुआं ढहने से मिट्टी के नीचे दबे दो छात्रों के शव गुरुवार को बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि रांची जिले में मिट्टी का मकान ढहने से 10 वर्षीय लड़की की भी मौत हो गई। राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश का कहर जारी है। अलग-अलग जिलों में पुल और खाली आवासीय इमारत भी ढह गयी जबकि कई नदियां उफान पर हैं। इन घटनाओं में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

#### कुमारस्वामी के खिलाफ एसआईटी जांच पर रोक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने गुरुवार को केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी को अंतरिम राहत देते हुए रामनगर जिले के केथागनहल्ली गांव में कथित भूमि अतिक्रमण की विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच पर अस्थायी रोक लगा दी। राज्य ने कुमारस्वामी पर भूमि कब्जे में संलिप्तता के आरोपों की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया था। जांच की वैधता को चुनौती देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने उच्च न्यायालय का रुख किया था।

# सामाजिक न्याय राष्ट्रीय प्रगति में अहम

## सीजेआई गवई बोले- असमानताओं पर ध्यान दिए बिना लोकतांत्रिक राष्ट्र होने का दावा बेमानी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा है कि समाज के बड़े हिस्से को हाशिए पर रखने वाली संरचनात्मक असमानताओं पर ध्यान दिए बिना कोई भी राष्ट्र वास्तव में प्रगतिशील या लोकतांत्रिक होने का दावा नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि दीर्घकालिक स्थिरता, सामाजिक सामंजस्य और सतत विकास प्राप्त करने को सामाजिक-आर्थिक न्याय एक व्यावहारिक आवश्यकता है।

देश में सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करने में संविधान की भूमिकाः भारतीय संविधान के 75 वर्षों के प्रतिबिंब विषय पर समारोह में सीजेआई ने कहा कि न्याय एक अमूर्त आदर्श नहीं है और इसे सामाजिक संरचनाओं, अवसरों के वितरण और लोगों के रहने की स्थितियों में जड़ें जमानी चाहिए। उन्होंने कहा, समाज के बड़े हिस्से को हाशिए पर रखने वाली संरचनात्मक असमानताओं पर ध्यान दिए बिना कोई भी राष्ट्र वास्तव में प्रगतिशील या लोकतांत्रिक होने का दावा नहीं कर सकता। दूसरे शब्दों में, दीर्घकालिक स्थिरता, सामाजिक सामंजस्य और सतत विकास प्राप्त करने के लिए सामाजिक-आर्थिक न्याय एक व्यावहारिक आवश्यकता है। सीजेआई ने कहा कि यह केवल पुनर्वितरण या कल्याण का मामला नहीं है, बल्कि यह हर व्यक्ति को सम्मान के साथ जीने, उसकी पूरी मानवीय क्षमता का एहसास कराने और देश के सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक जीवन में समान रूप से भाग लेने में सक्षम बनाने के बारे में भी है।



• सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करने में संविधान की भूमिका पर आयोजित समारोह को किया संबोधित

### संविधान की यात्रा महत्वपूर्ण सफलताओं की कहानी

प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा, इस प्रकार, किसी भी देश के लिए, सामाजिक-आर्थिक न्याय राष्ट्रीय प्रगति का एक महत्वपूर्ण पहलू है। यह सुनिश्चित करता है कि विकास समावेशी हो, अवसरों का समान वितरण हो और सभी व्यक्ति, चाहे उनकी सामाजिक या आर्थिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो, सम्मान और स्वतंत्रता के साथ रह सकें। इस विषय पर भाषण देने के लिए आमंत्रित करने पर चैंबर ऑफ इंटरनेशनल लॉयर्स को धन्यवाद देते हुए, न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करने में 75 वर्षों में संविधान की यात्रा महान महत्वाकांक्षा और महत्वपूर्ण सफलताओं की कहानी है। उन्होंने कहा, भारत के प्रधान न्यायाधीश के रूप में, मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि भारतीय संविधान के निर्माता इसके प्रावधानों का मसौदा तैयार करते समय सामाजिक-आर्थिक न्याय की अनिवार्यता के प्रति गहनता से सचेत थे।

# अमरनाथ तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए केंद्र और राज्य सरकार प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गुरुवार को अमरनाथ की यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों को उच्च स्तर की सुरक्षा दिए जाने का आश्वासन दिया। दक्षिण कश्मीर में अनंतनाग जिले के मट्टन में मार्तण्ड सूर्य मंदिर के दर्शन के बाद शेखावत ने तीर्थयात्रियों से घाटी के पर्यावरण और प्राकृतिक सौंदर्य को संरक्षित करने की भी अपील की।

शेखावत ने कहा, लोगों को अमरनाथ यात्रा के लिए आना चाहिए। अमरनाथ यात्रा सुरक्षित है, केंद्र और राज्य सरकार प्रतिबद्ध है और आपको एक खरोंच तक नहीं आएगी। अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से शुरू होगी और नौ अगस्त को समाप्त होगी। शेखावत ने नजदीकी पर्यटन स्थल पहलगाम का भी दौरा किया, जहां 22 अप्रैल को आतंकियों ने 25 पर्यटकों और एक स्थानीय खच्चर सेवा प्रदाता की हत्या कर दी थी। उन्होंने कहा कि कश्मीर सुरक्षित है और पर्यटकों को न केवल घाटी की प्राकृतिक सुंदरता बल्कि उसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत देखने के लिए भी कश्मीर आना चाहिए। घाटी में प्रसिद्ध स्मारकों के संरक्षण पर शेखावत ने कहा कि कुछ जीर्णोद्धार कार्य किए गए हैं, लेकिन और अधिक कार्य किए जाने की आवश्यकता है। केंद्रीय मंत्री ने 'एक्स' पर भी पोस्ट किया। शेखावत ने कहा कि उन्होंने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ वहां पर्यटक सुविधाओं और रखरखाव के प्रयासों की समीक्षा की।



• केंद्रीय पर्यटन मंत्री शेखावत ने पहलगाम का किया दौरा
• एएसआई के साथ सुविधाओं व रखरखाव की समीक्षा की

# एअर इंडिया ने मंगलुरु और दुबई के बीच एक दैनिक उड़ान की निलंबित

**मंगलुरु, एजेंसी**

एअर इंडिया एक्सप्रेस ने परिचालन कारणों का हवाला देते हुए 17 से 30 जून तक मंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से दुबई के लिए अपनी दो दैनिक उड़ानों में से एक को अस्थायी रूप से रद्द कर दिया है। एअर इंडिया एक्सप्रेस के इस निर्णय के कारण मंगलुरु-दुबई सेक्टर पर साप्ताहिक उड़ानों की संख्या 18 से घटकर 11 रह गई है। हालांकि इंडिगो ने दुबई के लिए अपनी चार साप्ताहिक उड़ानों में बदलाव नहीं किया है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, उड़ानों में यह कटौती पश्चिम एशिया संकट के कारण इज़राइल, ईरान, इराक और जॉर्डन के ऊपर अनेक इलाकों में हवाई क्षेत्र बंद होने से हुई है। इससे यूरोप, एशिया और पश्चिम एशिया के बीच विमान संचालन पर काफी असर पड़ा है।

### लेह जाने वाला इंडिगो का विमान तकनीकी समस्या से दिल्ली लौटा

**नई दिल्ली।** लेह जाने वाला इंडिगो का विमान गुरुवार सुबह तकनीकी समस्या से दिल्ली लौट आया। उड़ान पर नजर रखने वाली वेबसाइट फ्लाइटराडार24. कॉम के अनुसार, दिल्ली से लेह जाने वाली उड़ान का परिचालन करने वाला विमान दो घंटे से अधिक समय तक आसमान में रहने के बाद लौट आया।

# कांग्रेस के कुछ नेताओं से मेरी राय अलग है : शशि थरूर

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य शशि थरूर ने गुरुवार को कहा कि पार्टी नेतृत्व में कुछ नेताओं से उनके मतभेद हैं, लेकिन नीलांबुर निर्वाचन क्षेत्र में उपचुनाव के मद्देनजर वह इस बारे में बात नहीं करेंगे। थरूर ने कहा कि कांग्रेस, उसके मूल्य और उसके कार्यकर्ता उन्हें बहुत प्रिय हैं। उन्होंने 16 वर्ष तक कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम किया है और वह उन्हें अपना मित्र एवं भाई मानते हैं। थरूर ने कहा, कांग्रेस नेतृत्व में कुछ लोगों से मेरी राय अलग है। आप जानते हैं कि मैं किस बारे में बात कर रहा हूं, क्योंकि उनमें से कुछ मुद्दे सार्वजनिक हैं और आपने (मीडिया ने) इस बारे में खबरें दी हैं। थरूर ने संकेत दिया कि वह उपचुनाव के नतीजों के बाद उन मतभेदों के बारे में बात कर सकते हैं।



### आफत की बारिश



महाराष्ट्र में हो रहे भारी बारिश ने जनजीवन प्रभावित कर दिया है। सड़कों पर जलभराव होने से यातायात प्रभावित है। वहीं, भारी बारिश के कारण गोदावरी नदी का तट बाढ़ की चपेट में आ गया है। एजेंसी

# ठग लाइफ फिल्म का विरोध करने वालों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक सरकार को अभिनेता से नेता बने कमल हासन की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'ठग लाइफ' के प्रदर्शन को लेकर धमकी देने अथवा हिंसा का रास्ता चुनने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। अभिनेता की कन्नड़ भाषा पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद एक समूह की ओर से धमकियां दी गई थीं कि फिल्म का प्रदर्शन नहीं होने दिया जाएगा।

न्यायमूर्ति उज्जल भुयान और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने बेंगलुरु निवासी एम महेश रेड्डी और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद गुरुवार को यह निर्देश दिया। पीठ ने कर्नाटक सरकार को निर्देश देते हुए कहा कि 'ठग लाइफ' के राज्य में प्रदर्शन पर अगर कोई व्यक्ति अथवा संगठन हिंसा का रास्ता अपनाता है अथवा किसी प्रकार की धमकी देता है तो उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए।

पीठ ने राज्य सरकार के वकील डी एल चिदानंद का यह बयान दर्ज किया कि वह सभी हितधारकों को सुरक्षा प्रदान करेगी, जिससे कर्नाटक में फिल्म की रिलीज का रास्ता साफ होगा। पीठ ने कर्नाटक सरकार के हलफनामे पर गौर करने के बाद कहा, राज्य ने स्पष्ट रूप से कहा है कि उसने फिल्म पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है और अगर फिल्म प्रदर्शित होती है तो राज्य सरकार पूरी सुरक्षा प्रदान करेगी। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता चिदानंद ने कहा कि फिल्म के प्रदर्शन को लेकर विवाद कन्नड़ फिल्म उद्योग की शीर्ष संस्था कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स (केएफसीसी) और फिल्म निर्माताओं के बीच है।



• हसन की कन्नड़ भाषा पर की टिप्पणी के बाद मिली थीं धमकियां

### एडीजीपी के खिलाफ जांच ट्रांसफर करने के बारे में बताए तमिलनाडु सरकार

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तमिलनाडु सरकार से इस बारे में उसे अवगत कराने को कहा कि अपहरण के मामले में एडीजीपी एचएम जयराम के खिलाफ जांच विशेष शाखा या सीआईडी को स्थानांतरित की जा सकती है या नहीं। इससे पहले तमिलनाडु सरकार ने कहा था कि वह चाहती है कि मामले में जांच पूरी होने तक एडीजीपी का निलंबन जारी रहे। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और मनमोहन की पीठ को तमिलनाडु सरकार के वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने बताया कि अवर पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) जयराम का निलंबन अपहरण मामले में हाईकोर्ट के 16 जून के आदेश के अनुरूप नहीं है और उनके खिलाफ अन्य आरोप भी हैं। दवे ने कहा कि नियमों के तहत ही जयराम को उनके खिलाफ आपराधिक मामले में जांच लंबित रहने तक निलंबित रखा जा सकता है। दवे से पीठ ने कहा कि वह हाईकोर्ट के जज के समक्ष लंबित मामले को अन्य जज को स्थानांतरित करने पर विचार कर रही है।

# मुंबई हवाई अड्डे से 25 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त, तीन गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से 24.66 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त किया गया है और दो यात्रियों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि यह मादक पदार्थ थाईलैंड से तस्करी कर भारत लाया गया था। गिरफ्तार लोगों में वह व्यक्ति भी है, जो मादक पदार्थ की इस खेप को लेने आया था और हवाई अड्डे के बाहर इंतजार कर रहा था। अधिकारियों ने बैंकाक से आए दो यात्रियों को रोका और तलाशी में मादक पदार्थ बरामद किया है।

# सोनम व उसके प्रेमी के परिचितों और टैक्सी चालक से पूछताछ

**इंदौर (मप्र), एजेंसी**

### राजा रघुवंशी हत्याकांड

राजा हत्याकांड की कड़ियां जोड़ने के लिए इंदौर आई मेघालय पुलिस ने गुरुवार को दो मुख्य आरोपियों- सोनम और उसके प्रेमी राज कुशवाह के परिचितों के साथ ही एक टैक्सी चालक से पूछताछ की। चश्मदीदों ने बताया कि सोनम के भाई गोविंद गुरुवार को स्थानीय पुलिस की अपराध निरोधक शाखा के उस दफ्तर के बाहर नजर आए जहां लोगों से पूछताछ की गई।

इससे पहले बुधवार को मेघालय पुलिस की जांच के दौरान गोविंद कई स्थानों पर दिखाई दिए थे। गोविंद ने कहा कि उन्हें दफ्तर में बुलाया गया था, लेकिन उनसे कोई पूछताछ नहीं हुई। उन्होंने बताया कि इस दफ्तर में उनके पारिवारिक कारोबार के कुछ कर्मचारियों और कुशवाह से जुड़े लोगों से पूछताछ की गई। सोनम का परिवार सनमाइका शीट का कारोबार करता है। वह अपने पति राजा रघुवंशी के हत्याकांड में गिरफ्तारी से पहले तक मायके के कारोबारी प्रतिष्ठान का काम-काज संभाल रही थी।

# भारतीय टीम के नये दौर की शुरुआत

## शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय युवा टीम इंग्लैंड के सामने पेश करेगी कड़ी चुनौती



शुभमन गिल।

**लीड्स, एजेंसी**

नया कप्तान, दृढ़ निश्चयी कोच, कुछ पुराने और कुछ नये चेहरे। अगले 45 दिनों में ये सब एक दिलचस्प कहानी गढ़ने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। बहुप्रतीक्षित इंतजार का रोमांच शुक्रवार से शुरू हो जाएगा, जब भारत एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड से भिड़ेगा।

भारत अभी तक इंग्लैंड में केवल तीन बार टेस्ट श्रृंखला जीत पाया है। उसने 1971 में अजीत वाडेकर, 1986 में कपिल देव और 2007 में राहुल द्रविड़ की अगुवाई में यह उपलब्धि हासिल की थी। अब शुभमन गिल इस सूची में अपना नाम लिखवाने के लिए बेताब होंगे। लेकिन यह इतना आसान नहीं होगा क्योंकि विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के कारण भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। इससे वह अनुभव के मामले में थोड़ा कमजोर नजर आती है। पच्चीस वर्षीय गिल के लिए यह श्रृंखला अग्निपरीक्षा से कम नहीं होगी, क्योंकि इंग्लैंड की टीम ने ब्रेंडन मैकुलम की कोचिंग और बेन स्टोक्स की कप्तानी में टेस्ट मैच की बल्लेबाजी की परंपराओं को बदल दिया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय टीम उनके आक्रामक रवैये का किस तरह से जवाब देती है। भारत के 37वें टेस्ट कप्तान के रूप में गिल का चयन इस बात पर अधिक आधारित था कि उनसे क्या अपेक्षा की जा सकती है। उनको यहां काफी कुछ साबित करना है। असामान्य रूप से गर्म लीड्स (शुक्रवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस हो सकता है) और हेडिंग्ले की आठ मिमी घास से भरी 22 गज की पिच इंग्लैंड के लिए बहुत भाग्यशाली नहीं रही है। ऐसे में जो भी टीम अच्छी बल्लेबाजी करेगी उसकी जीत की संभावना बढ़ जाएगी। टेस्ट क्रिकेट में 36 शतकों सहित 13,000 से अधिक रन बनाने वाले जो रूट की मौजूदगी में इंग्लैंड की बल्लेबाजी कागजों पर भारत की तुलना में बेहतर नजर आती है।

भारतीय टीम में सबसे अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल (58 टेस्ट, 3257 रन) हैं। लेकिन जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाला भारतीय गेंदबाजी आक्रमण इंग्लैंड की तुलना में मजबूत नजर आता है जिससे दोनों टीमों की स्थिति बराबर लगती है। ऐसा तब है जबकि तेज गेंदबाज बुमराह केवल तीन टेस्ट मैचों के लिए उपलब्ध है। कोहली और रोहित की अनुपस्थिति के बावजूद भारत इंग्लैंड के गेंदबाजों को दबाव में ला सकता है। जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के संन्यास लेने तथा कुछ अन्य गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण इंग्लैंड का आक्रमण कमजोर नजर आता है। क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर तथा कप्तान स्टोक्स का गेंदबाजी आक्रमण विपक्षी टीम में कोई खौफ पैदा नहीं करता। कोहली और रोहित के जाने के बाद भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम में सबसे प्रभावशाली व्यक्ति मुख्य कोच गौतम गंभीर का अभी तक कोच के रूप में रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है और वह इसे और खराब नहीं करना चाहेंगे। इस सीरीज में गंभीर के रणनीतिक कौशल की असली परीक्षा भी होगी। अभ्यास के दौरान स्लिप कॉर्डन की संरचना को देखते हुए करुण नायर की वापसी तय लगती है, जहां उन्हें पहली स्लिप में तैनात किया गया था, लेकिन एक और बल्लेबाजी स्थान है जिसको लेकर टीम प्रबंधन को काफी विचार विमर्श करना होगा। क्या गंभीर एक अतिरिक्त बल्लेबाज़ को खिलाएंगे और प्रतिभाशाली बी साई सुदर्शन को अपना पहला टेस्ट खेलने का मौका देंगे या फिर वह एक अतिरिक्त विशेषज्ञ बल्लेबाज़ की कमी की भरपाई के लिए नीतीश रेड्डी और शार्दुल ठाकुर जैसे ऑलराउंडर को खिलाएंगे। स्पिन विभाग में कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा में से किसी एक को खिलाने को लेकर टीम प्रबंधन का फैसला काफी दिलचस्प होगा। कुलदीप यहां की परिस्थितियों में सफल हो सकते हैं।

### टीम

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा।

**इंग्लैंड (अंतिम एकादश) :** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

**45** दिन तक चलेगी पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला

**03** बार इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीत चुका भारत

**29** डिग्री सेल्सियस तापमान में होगा मुकाबला



बेन स्टोक्स

## एक नजर

### विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने कहा, सितंबर में संन्यास लूंगी

**लंदन :** दो बार की विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि उनकी योजना कुछ महीनों के अंदर संन्यास लेने की है। चेक गणराज्य की इस खिलाड़ी को 30 जून से शुरू होने वाले विम्बलडन के लिए बुधवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया था। क्वितोवा ने कहा मैं एक बार फिर विम्बलडन चैंपियनशिप खेलने के लिए रोमांचित हूं जहां मेरे करियर की खुशगवार यादें हैं। मैं अपना करियर न्यूयॉर्क में अमेरिकी ओपन में खेलकर खत्म करने की इच्छा रखती हूं।

### दिव्या ने ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में होउ को हराया



**लंदन :** भारतीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख ने फिडे विश्व रैपिड और ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप 2025 के सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर वन होउ यिफान को हरा कर शतरंज जगत में सबकों चौंका दिया है। नागपुर निवासी 19 वर्षीय प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिव्या ने दृढ़ इच्छाशक्ति और अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए अंतिम गेम में 74 चालों में जीत दर्ज की। डब्ल्यूआर शतरंज टीम का प्रतिनिधित्व करने वाली यिफान ने राउंड-रॉबिन सेमीफाइनल मुकाबले के पहले चरण में दिव्या को हराया था, लेकिन दिव्या ने दूसरे चरण में जोरदार वापसी की। सफेद मोहरों से खेलते हुए उन्होंने शुरुआती लाभ का फायदा उठाया। दिव्या ने अपनी इस उपलब्धि पर जमकर तरीफ बटोरी हैं।

### ऑल इंडिया लॉन टेनिस चैंपियनशिप में तपस्वी ने जीता स्वर्ण पदक

**सोनीपत :** हरियाणा के सोनीपत के कुंडली में आयोजित ऑल इंडिया लॉन टेनिस चैंपियनशिप सीरीज अंडर-14 में लिटल एंजल्स लॉन टेनिस एकेडमी के खिलाड़ी तपस्वी ने प्रतियोगिता के फाइनल मैच में दिल्ली के खिलाड़ी वेदांत को 6-4, 7-5 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। तपस्वी ने इस जीत के साथ ना केवल अपनी एकेडमी बल्कि राज्य का नाम भी रौशन किया। प्रतियोगिता में लगभग 85 खिलाड़ियों ने भाग लिया। तपस्वी जूनियर स्तर पर अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन करते हुए अब पुणे में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेगा।

### सेंथिलकुमार सेमीफाइनल में पदक पक्का

**कुचिंग (मलेशिया) :** भारतीय खिलाड़ी वेलावन सेंथिलकुमार ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई स्क्वाश चैंपियनशिप 2025 में सीधे गेम में जीत के साथ पुरुष एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पुरुष एकल में 45वें स्थान पर काबिज सेंथिलकुमार ने क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के जोआचिम चुआ को 3-0 (11-7 11-6 11-6) से हराया। सेंथिलकुमार अब सेमीफाइनल में हांगकांग के दूसरे वरीय लाउ त्स क्वान से खेलेंगे। भारतीय खिलाड़ी ने 2023 में महाद्वीपीय प्रतियोगिता के पिछले चरण में मलेशिया के एनजी ईन यो से हारने के बाद रजत पदक जीता था।

# श्रृंखला से पहले एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का अनावरण

**लीड्स, एजेंसी**

- ये पटौदी ट्रॉफी और एंथोनी डि मेलो ट्रॉफी की जगह लेगी
- ट्रॉफी पहले 14 जून को लांच होनी थी पर विमान हादसे को बाद टल गई

महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन ने बृहस्पतिवार को भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच से पहले एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का औपचारिक रूप से अनावरण किया। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मिलकर दोनों देशों के बीच होने वाली श्रृंखला का नाम बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी रखा है।

इससे अब यह भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट मैच के लिए पटौदी ट्रॉफी (इंग्लैंड में श्रृंखला के लिए) और एंथोनी डि मेलो ट्रॉफी (भारत में श्रृंखला के लिए) की जगह लेगी। यह ट्रॉफी पहले 14 जून को लांच होनी थी लेकिन अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना के कारण इसकी तारीख आगे खिसका दी गई। पटौदी परिवार के प्रति सम्मान को बरकरार रखते हुए भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला के विजेता कप्तान को नए पटौदी पदक से सम्मानित किया जाएगा। ट्रॉफी में एंडरसन और तेंदुलकर की 'एक्शन' की छवि है और साथ ही उनके उभरे हुए हस्ताक्षर भी हैं। महान बल्लेबाज तेंदुलकर ने एक दशक से भी अधिक समय पहले अपने 200वें टेस्ट के बाद क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, वहीं एंडरसन ने अपना 188वां और आखिरी टेस्ट 2024 में खेला था।



इंग्लैंड के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के साथ तस्वीरें खिंचवाते सचिन तेंदुलकर और इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन। • एजेंसी

### अपने फैसलों पर फोकस रखें शुभमन : तेंदुलकर

**नई दिल्ली :** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का मानना है कि भारतीय क्रिकेट में बदलाव के कठिन दौर में टीम की कमान संभालने जा रहे शुभमन गिल को उचित समय और सहयोग दिया जाना चाहिए। उन्होंने नये कप्तान को सलाह दी कि ड्रेसिंग रूम से बाहर की टिप्पणियों पर सोचे बिना वह अपनी रणनीति पर फोकस रखें। हेडिंग्ले में पहले टेस्ट से पूर्व पीटीआई को दिये इंटरव्यू में तेंदुलकर ने कहा मुझे लगता है कि उसे (गिल को) समय देना होगा।

# टेस्ट सीरीज जीतना बड़ी उपलब्धि होगी : गिल

**लीड्स, एजेंसी :** भारत के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला जीतना आईपीएल खिताब जीतने से बड़ी उपलब्धि है।

विराट कोहली, रोहित शर्मा और आर अश्विन जैसे धुरंधरों के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद 25 बरस के गिल इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में भारत की कप्तानी करेंगे। यह पूछे जाने पर कि इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला जीतने और आईपीएल खिताब में से वह किसे ऊपर रखेंगे, उन्होंने कहा निश्चित तौर पर टेस्ट श्रृंखला में जीत को। उन्होंने कहा आपको बतौर कप्तान इंग्लैंड दौरे के ज्यादा मौके नहीं मिलते।

### भारतीय क्रिकेट के पास प्रतिभा का भंडार : स्टोक्स

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि विराट कोहली, रोहित शर्मा और आर अश्विन की गैरमौजूदगी से भारतीय टीम कमजोर हुई है। क्योंकि उसके पास इस कमी को पूरा करने के लिए प्रतिभा का भंडार है। उन्होंने कहा काफी कुछ कहा जा रहा है कि विराट नहीं है, रोहित नहीं है और अश्विन नहीं है लेकिन इसके यह मायने नहीं है कि भारत के खिलाफ आसान मुकाबला होगा। भारतीय क्रिकेट के पास प्रतिभा का भंडार है। विराट, रोहित और अश्विन के न होने मतलब यह नहीं है कि उनकी जगह लेने वाले खिलाड़ियों के सामने बल्लेबाजी या गेंदबाजी करना आसान होगा।

# नायर की वापसी से राहुल उत्साहित

**लीड्स, एजेंसी**

- उम्मीद जताई कि लंबे समय तक देश की तरफ से खेलेंगे
- नायर और राहुल, दोनों 33 साल के हैं और करीबी दोस्त हैं

सीनियर बल्लेबाज केएल राहुल शुक्रवार से यहां इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में करुण नायर की भारतीय टेस्ट टीम में वापसी से काफी उत्साहित हैं।

उनको उम्मीद है कि वह अपने इस करीबी दोस्त के साथ लंबे समय तक देश की तरफ से खेलेंगे। नायर और राहुल, दोनों 33 साल के हैं और बचपन से ही एक साथ आयु वर्ग की क्रिकेट खेलते आए हैं और दोनों करीबी दोस्त हैं। राहुल जहां भारतीय टीम का अभिन्न अंग रहे हैं वही नायर को टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने के बावजूद आठ साल तक टीम से बाहर रखा गया।

राहुल ने आईपीएल की अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स की मीडिया टीम से कहा हमने 11 साल की उम्र में एक साथ क्रिकेट खेलना शुरू किया था और तब से हम इस सफर पर हैं। हम दोनों के जीवन में उतार-चढ़ाव आए। उसे मौका मिला, उसने तिहरा शतक बनाया और इसके बाद कई कारणों से उसे मुश्किल समय का सामना करना पड़ा। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में नायर के शानदार प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा लेकिन उसने पिछले दो-तीन वर्षों में जिस तरह का प्रदर्शन किया है, वह उल्लेखनीय है। उसने काफी मुश्किलों का सामना किया और भारतीय टीम में वापसी करने में सफल रहा। मुझे उम्मीद है कि हम दोनों लंबे समय तक भारतीय टीम की तरफ से खेलेंगे। राहुल ने फिर से कहा कि सीरीज में विराट कोहली और रोहित शर्मा की कमी बहुत खलेगी।

# धूम मचाने के लिए तैयार हैं शुभमन : गैरी कर्स्टन

**नई दिल्ली :** भारत के पूर्व मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने भारतीय टीम के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल का समर्थन करते हुए कहा है कि वह शुक्रवार से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की श्रृंखला से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में धूम मचाने के लिए तैयार हैं।

गिल की कप्तानी वाली आईपीएल टीम गुजरात टाइटन्स के मेंटोर रहे कर्स्टन का मानना है कि 25 वर्षीय गिल में अच्छे नेतृत्वकर्ता बनने के सभी गुण मौजूद हैं। कर्स्टन ने जियो हॉटस्टार से कहा मुझे लगता है कि शुभमन एक बेहतरीन कप्तान साबित होंगे। वह एक स्मार्ट क्रिकेटर हैं। उनके पास खेल के लिए अच्छा दिमाग है और वह अपने खेल को समझते हैं। वह बहुत प्रतिभाशाली हैं और एक अच्छे इंसान हैं, जो मुझे लगता है कि बहुत महत्वपूर्ण है। दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा शुभमन के बारे में मुझे जो एक बात सबसे ज्यादा पसंद है, वह यह है कि वह जो कहते हैं, वही करते हैं।

### जीत की जंग



इंग्लैंड में नॉटिंघम ओपन टेनिस चैंपियनशिप के दौरान पोलैंड की मैग्डा लिनेट के खिलाफ शॉट लगाती हुई ब्रिटेन की मिंगगे जू। • एजेंसी

# बीमार होने के कारण नहीं खेल पाए एमबाप्पे, ड्रा रहा मुकाबला

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका), एजेंसी**

स्टार फारवर्ड किलियन एमबाप्पे बीमार होने के कारण नहीं खेल पाए। जिससे रियाल मैड्रिड क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपेक्षित शुरुआत नहीं कर पाया और उसे सऊदी अरब के क्लब अल हिलाल के खिलाफ अपना पहला मैच 1–1 से ड्रॉ खेलना पड़ा।



रियाल मैड्रिड के कोच ज़ाबी अलोंसो ने हार्ड रॉक स्टेडियम में अल हिलाल के खिलाफ़ मैच से पहले कहा एमबाप्पे को बुखार है। वह अच्छा महसूस नहीं कर रहा है। उम्मीद है कि वह अगले मैच में वापसी करेगा। रियाल मैड्रिड के पास मैच के आखिरी समय में जीत हासिल करने का सुनहरा मौका था जब उसे वीडियो समीक्षा प्रणाली के जरिए इंजरी टाइम में पेनल्टी किक मिली थी लेकिन फेडरिको वाल्वरडे उसे गोल में नहीं बदल पाए। इस तरह से 15 बार के यूरोपीय चैंपियन के कोच के रूप में अपने पहले मैच में अलोंसो जीत से शुरुआत नहीं कर पाए। इससे पहले गोंजालो गार्सिया ने 34वें मिनट में रियाल मैड्रिड के लिए गोल किया। इसके सात मिनट बाद रूबेन नेवेस ने पेनल्टी किक पर अल हिलाल के लिए बराबरी का गोल किया। प्रतियोगिता के वाशिंगटन में खेले गए एक अन्य मैच में रैंडल कोलो मुआनी और फ्रांसिस्को कोन्सीसाओ के दो-दो गोल की मदद से युवेंटस ने अल ऐन को 5-0 से हराया। इटली के क्लब युवेंटस के लिए कोलो मुआनी ने 11वें मिनट में पहला गोल किया। इसके 10 मिनट बाद कोन्सीसाओ ने पेनल्टी बॉक्स के अंदर गेंद को ड्रिबल किया।

# जूनियर तीरंदाजों का अच्छा प्रदर्शन जारी

**सिंगापुर, एजेंसी**

भारतीय जूनियर तीरंदाजों ने अपना दबदबा कायम रखते हुए गुरुवार को यहां एशिया कप के दूसरे चरण में तीन स्पर्धाओं के फाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने एकतरफा सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त बांग्लादेश को 5-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त जापान से होगा। विष्णु चौधरी, पारस हुड्डा और जुयेल सरकार की तिकड़ी ने शुरू से ही दबदबा बनाते हुए पहला सेट 55-48 से जीता। दूसरा सेट 55-55 से बराबर रहा, लेकिन भारतीय टीम ने अच्छी वापसी की और तीसरे सेट में सिर्फ एक अंक गंवाकर 59-56 से सेट और मैच अपने नाम कर दिया।



भारतीय जूनियर महिला तीरंदाज टीम। • एजेंसी

वैष्णवी पवार, कीर्ति और तमन्ना की भारतीय महिला रिकर्व टीम को हालांकि निराशा हाथ लगी। भारत की पांचवीं वरीयता प्राप्त टीम पांच सेट तक चले क्वार्टर फाइनल के इस मुकाबले में शूट-ऑफ में चौथी वरीयता प्राप्त जापान से 4-5 (26-28) से हार गईं। भारतीय टीम ने पहला सेट 47-49 से गंवा दिया और दूसरे सेट में जापान के 55 अंकों के मुकाबले केवल 34 अंक ही हासिल कर सकी। भारतीय खिलाड़ियों ने हालांकि शानदार वापसी की तथा तीसरा सेट 55-53 से और चौथा सेट 54-52 से जीतकर स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया। शूट-ऑफ में जापान सिर्फ दो अंकों से आगे रहा।

भारत ने कम्पाउंड पुरुष टीम स्पर्धा

### एशिया कप

के फाइनल में पहुंचने से एक और पदक पक्का किया। कुशल दलाल, गणेश थिरुमुरु और मिहिर अपार की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलिया को हराया। इसका फैसला शूट-ऑफ (30-29) से हुआ। दोनों टीमें चार सेटों के बाद 232 अंकों पर बराबर थीं। फाइनल में भारत का मुकाबला कजाकिस्तान से होगा। शानमुखी बुड्डे, तेजल साल्वे और तनिष्का थोकल की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने भी सेमीफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त कजाकिस्तान को 230-229 से हराकर पदक पक्का किया। फाइनल में उसका मुकाबला मलेशिया से होगा।

## बांध का दीदार



पुणे के खड़कवासला बांध में जलग्रहण क्षेत्र में बारिश के बाद बढ़े हुए जलस्तर का नजारा लेते पर्यटक। बांध में मुथा नदी बेसिन में लगभग 2000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। एजेंसी

# ब्लैक बॉक्स कहां होगा डिकोड, एएआईबी लेगा निर्णय

## मंत्रालय ने कहा- साइट दस्तावेजीकरण और साक्ष्य संग्रह इकट्ठा करने का प्रमुख कार्य पूरा हो चुका

**मुंबई, एजेंसी**

विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो एयर इंडिया के दुर्घटनाग्रस्त विमान के ब्लैक बॉक्स को डिकोड करने के स्थान पर निर्णय लेगा। सरकार ने गुरुवार को यह जानकारी दी। विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) की एक टीम ने 12 जून को हुई दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। इस दुर्घटना में लगभग 280 लोग मारे गए थे।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा, डिजिटल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (डीएफडीआर) और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) की एक संयुक्त इकाई 13 जून, 2025 को दुर्घटना स्थल से बरामद की गई है और दूसरा सेट 16 जून को मिला। विमान के इस मॉडल में दो ब्लैक बॉक्स सेट थे। मंत्रालय ने कहा कि स्थानीय प्राधिकारियों और एजेंसियों से सभी



आवश्यक सहयोग के साथ एएआईबी जांच लगातार आगे बढ़ रही है। साथ ही कहा कि साइट दस्तावेजीकरण और साक्ष्य संग्रह इकट्ठा करने का प्रमुख कार्य पूरा हो चुका है और अब आगे का विश्लेषण चल रहा है।

बयान में कहा गया है, कुछ मीडिया संस्थानों में यह खबर आई है कि एआई171 उड़ान से सीवीआर/डीएफडीआर (ब्लैक बॉक्स) को पुनः प्राप्ति और विश्लेषण के लिए विदेश भेजा जा रहा है... विमान के रिकॉर्डर को डिकोड करने के स्थान के बारे में निर्णय एएआईबी द्वारा सभी तकनीकी और सुरक्षा संबंधी पहलुओं के उचित मूल्यांकन के बाद लिया जाएगा।

### डीएनए जांच से 215 मृतकों की पहचान हुई, 198 शव सौंपे गए

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान हादसे में 270 लोगों की मौत होने के एक सप्ताह बाद 215 मृतकों की, डीएनए मिलान के जरिए अब तक पहचान कर ली गई है और 198 शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कुल 242 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को लेकर 12 जून को लंदन जा रहा एअर इंडिया का विमान एआई-171 अहमदाबाद के एक मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

### दुर्घटनाग्रस्त विमान का अच्छी तरह से किया था रखरखावः एअर इंडिया

**मुंबई।** एअर इंडिया के सीईओ और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने बृहस्पतिवार को कहा कि दुर्घटनाग्रस्त हुए बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर का अच्छी तरह से रखरखाव किया गया था तथा इस विमान की आखिरी बार गहन जांच जून 2023 में की गई थी और अगली जांच दिसंबर 2025 में होनी थी। यात्रियों को दिये एक संदेश में, एअर इंडिया प्रमुख ने यह भी कहा कि अगले कुछ सप्ताह के लिए कंपनी के बड़े विमानों के बेड़े के परिचालन में 15 प्रतिशत की कटौती एक अस्थायी कदम है। विमान का रखरखाव अच्छी तरह से किया गया था।

## एक नजर

### स्पेन ने नाटो के रक्षा खर्च में अनुमानित वृद्धि को अनुचित बता किया खारिज

**मैड्रिड।** स्पेन ने रक्षा जरूरतों पर सकल घरेलू उत्पाद का पांच प्रतिशत खर्च करने के नाटो के प्रस्ताव को अनुचित बताते हुए इसे खारिज कर दिया है। इस प्रस्ताव की घोषणा अगले सप्ताह होने की उम्मीद है। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव मार्क रुटे को गुरुवार को भेजे गए एक पत्र में स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने कहा कि स्पेन अगले सप्ताह हेग में होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन में जीडीपी के संदर्भ में किसी विशिष्ट व्यय लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध नहीं हो सकता।

### अमेरिका में धोखाधड़ी करने वाले दो भारतीय छात्रों को सजा

**ह्यूस्टन।** अमेरिका में पढ़ाई करने वाले दो भारतीय छात्रों को बुजुर्गों से लाखों डॉलर की धोखाधड़ी करने के अलग-अलग मामलों में सजा सुनाई गई है। छात्र वीजा पर अमेरिका में रह रहे किशन राजेशकुमार पटेल (20) द्वारा धनशोधन की साजिश रचने का अपराध कबूल किए जाने के बाद इस सप्ताह उसे 63 माह (पांच साल से अधिक) जेल की सजा सुनाई गई। अमेरिका के न्याय विभाग (डीओजे) के अनुसार पटेल ने खुद को सरकारी अधिकारी बताकर बुजुर्गों को निशाना बनाया और डर दिखाकर उनसे रुपये और सोने के आभूषण ठग लिये। एक जांच में पाया गया कि उसने कम से 25 बुजुर्गों से 2,694,156 डॉलर ठगे पटेल को 24 अगस्त 2024 को टेक्सास के ग्रेनाइट शोल्स से गिरफ्तार किया गया था और 29 अगस्त से वह संघीय हिरासत में है।

### गोयल ने विमान हादसे में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

**लंदन।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने लंदन की अपनी दो दिवसीय यात्रा की शुरुआत अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देकर की। लंदन के लिए रवाना हुआ एअर इंडिया का विमान 12 जून को अहमदाबाद में एक मेडिकल कॉलेज परिसर में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में 280 लोगों की मौत हो गई थी। दुर्घटना के लगभग एक सप्ताह बाद एअर इंडिया की उड़ान से लंदन पहुंचे गोयल ने बुधवार को 'इंडिया ग्लोबल फोरम' (आईजीएफ) के वार्षिक सम्मेलन 'यूके-इंडिया वीक स्टेज' में एक मिनट का मौन रखा।

# खामेनेई को जीने का हक नहीं : इजराइल

## ईरान ने अस्पताल पर दागीं मिसाइलें, 40 घायल, इजराइल का ईरान के भारी जल रिएक्टर पर हमला

**बीरशेबा (इजराइल), एजेंसी**

ईरान की एक मिसाइल गुरुवार तड़के दक्षिणी इजराइल के मुख्य अस्पताल पर गिरी जिससे व्यापक पैमाने पर क्षति हुई लेकिन कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। अन्य मिसाइलें तेल अवीव के निकट एक ऊंची इमारत तथा कई अन्य आवासीय भवनों पर गिरीं। ईरानी मिसाइल हमलों के बाद इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि ईरान के सर्वोच्च नेता का अस्तित्व नहीं बचेगा।

इजराइल की मैगन डेविड एडोम बचाव सेवा के अनुसार, इन हमलों में कम से कम 40 लोग घायल हुए हैं। दक्षिणी शहर बीरशेबा में स्थित सोरोका मेडिकल सेंटर से काला धुआं उठता देखा गया और आपातकालीन दलों ने मरीजों को बाहर निकाला। इजराइली मीडिया ने मिसाइल हमले के कारण क्षतिग्रस्त हुईं खिड़कियों और इलाके से उठते घने काले धुएं के फुटेज प्रसारित किए। इस बीच इजराइल ने ईरान के अराक भारी जल रिएक्टर पर हमला किया। ईरान के विशाल परमाणु कार्यक्रम पर यह हमला संघर्ष के सातवें दिन किया गया। इजराइल ने सात दिन पहले ईरान के सैन्य स्थलों, वरिष्ठ अधिकारियों और परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाकर अचानक हमले किए जिससे यह संघर्ष शुरू हो गया। वाशिंगटन स्थित एक ईरानी मानवाधिकार समूह ने बताया कि ईरान में 263 आम नागरिकों सहित कम से कम 639 लोग मारे गए हैं और 1,300 से अधिक लोग घायल हुए हैं। जवाबी कार्रवाई में ईरान ने करीब 400 मिसाइल और सैकड़ों ड्रोन दागे हैं, जिससे इजराइल में कम से कम 24 लोग मारे गए हैं और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि वह अपने यूरोपीय समकक्षों के साथ बैठक के लिए शुक्रवार को जिनेवा जाएंगे, जिससे संकेत मिलता है कि कोई नयी कूटनीतिक पहल आकार ले सकती है। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए ने बताया कि बैठक में ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के विदेश मंत्री और यूरोपीय संघ के शीर्ष राजनयिक शामिल होंगे।





इजराइल में विस्फोट के बाद अस्पताल से महिला को बाहर निकालते पुलिसकर्मी। दाएं : अस्पताल से हमले से उठता धुआं।

### ईरान और इजराइल के बीच समझौता कराने में मदद कर सकता है रूस : पुतिन

**सेंट पीटर्सबर्ग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष को समाप्त कराने के लिए बुधवार को मध्यस्थता की पेशकश की और कहा कि मॉस्को एक ऐसा समझौता कराने में मदद कर सकता है, जिसके तहत ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर शांतिपूर्वक आगे बढ़ सकता है और इजराइल की सुरक्षा चिंताएं भी कम हो सकती हैं। अंतर्राष्ट्रीय समाचार एजेंसियों के पत्रकारों से बात करते हुए पुतिन ने कहा कि यह एक संवेदनशील मुद्दा है। मेरे विचार से, एक समाधान निकल सकता है। यह पूछे जाने पर कि इजराइल, ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या कर देता है तो रूस की क्या प्रतिक्रिया होगी, इस पर पुतिन ने जवाब देने से इनकार कर दिया और कहा कि "मैं ऐसी किसी आशंका पर चर्चा नहीं करना चाहता।

### इजराइली दूतावास से अमेरिका ने राजनयिकों को निकालना शुरू किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश विभाग ने इजराइल में अमेरिकी दूतावास से गैर-जरूरी राजनयिकों और उनके परिवारों को निकालना शुरू कर दिया है, क्योंकि इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष बढ़ता जा रहा है और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संघर्ष में सीधे शामिल होने की संभावना को लेकर चेतावनी दी है। एक सरकारी विमान ने कई राजनयिकों और उनके परिवार के सदस्यों को निकाला, जिन्होंने बुधवार को देश छोड़ने के लिए कहा था।

### आयुध वाली ईरानी मिसाइल इजराइल के लिए बनी चुनौती

**सेना बीरशेबा।** इजराइली सेना ने बृहस्पतिवार को कहा कि ईरान ने अपने हमले में कई आयुधों वाली मिसाइल का इस्तेमाल किया, जिससे इजराइल की सुरक्षा के लिए नयी चुनौती पैदा हो गई है। कई आयुधों वाली मिसाइल इजराइल की आयरन डोम जैसी हवाई रक्षा प्रणालियों के लिए अधिक कठिन चुनौती पेश कर सकती हैं। इसका तत्काल कोई स्वतंत्र विश्लेषण नहीं किया जा सका।

# ईरान में फंसे 110 भारतीय छात्रों को लेकर दिल्ली पहुंचा विमान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

युद्धग्रस्त ईरान से निकाले गए भारतीय छात्रों ने वहां के हालात को याद किया और घर वापसी के खातिर त्वरित कदम उठाने के लिए भारत सरकार को धन्यवाद दिया। ईरान से निकाले गए 110 भारतीय छात्रों को लेकर पहला विमान गुरुवार तड़के दिल्ली पहुंचा। इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष के बीच, ऑपरेशन सिंधु के तहत तेहरान से भारतीय छात्रों को निकाला गया और भारतीय दूतावास ने मंगलवार को 110 छात्रों को सुरक्षित रूप से आर्मेनिया में प्रवेश कराने में सहायता की। इसके बाद उन्हें दिल्ली लाया गया।

विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि और लोगों को निकाला जा रहा है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री का प्रभार भी संभाल रहे सिंह ने संवाददाताओं से कहा, हमारे पास विमान तैयार हैं। हम आज एक और विमान भेजेंगे। हम तुर्कमेनिस्तान से कुछ और लोगों को निकाल रहे हैं। निकासी अनुरोध के लिए हमारे दूतावासों से 24 घंटे संपर्क किया जा सकता है। जैसे-जैसे स्थिति बदलेगी, हम भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए और विमान भेजेंगे।



दिल्ली पहुंची छात्रा परिजन से मिलती हुई।

### छात्रों ने बताया- पड़ोस में ही मिसाइल, बम गिर रहे थे

**नई दिल्ली।** हमारे पड़ोस में ही आसमान से मिसाइलें गिर रही थीं, बमबारी हो रही थी। यह कहना था युद्धग्रस्त ईरान से निकाले जाने के बाद गुरुवार को वतन लौटे एमबीबीएस छात्र मीर खलीफ का जिनकी लड़खड़ाती आवाज में वहां (ईरान) के भयावह हालात का डर साफ महसूस हो रहा था। खलीफ ने ईरान की भयावह यादों को एक बुरा सपना बताया और उन्हें पहले आर्मेनिया पहुंचाने, फिर वतन वापसी के लिए धन्यवाद दिया।

## केरल उच्च न्यायालय ने जहाज को सशर्त जब्त करने का दिया आदेश

**कोच्चि (केरल), एजेंसी**

केरल उच्च न्यायालय ने आदेश दिया कि लाइबेरियाई ध्वज वाले जहाज एमएससी पोलो द्वितीय को तब तक जब्त रखा जाए, जब तक कि उसकी मूल कंपनी केरल तट पर एमएससी एल्सा 3 के डूबने से माल की हानि के लिए समुद्री दावे के तहत 73.49 लाख रुपये जमा नहीं कर देती है।

न्यायमूर्ति एम ए अब्दुल हकीम ने केरल की एक काजू कंपनी 'सैंस कैश्यू इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' द्वारा दायर याचिका पर यह फैसला दिया, जिसमें आरोप लगाया गया है कि 24-25 मई के बीच एमएससी एल्सा 3 के डूबने के बाद उसके माल से भरे कंटेनर समुद्र में खो गए थे। काजू कंपनी ने अपने मुकदमे में दावा किया है कि जहाज यांत्रिक, तकनीकी दोषों या उचित देखभाल के अभाव में और जहाज की अयोग्यता तथा चालक दल की




अक्षमता की वजह से जहाज में कंटेनरों के अनुचित भंडारण के कारण'' डूब गया। कंपनी ने दावा किया कि एमएससी एल्सा 3 और एमएससी पोलो द्वितीय सहयोगी जहाज हैं और इनका मालिकाना हक एमएससी मेडिटेरेनियन शिपिंग कॉ एसए के पास है।

उसने अपना सामान खोने के बदले में 73,49,596 रुपये का हर्जाना मांगा है। उसने एक अंतरिम याचिका दायर कर हर्जाना मिलने तक एमएससी पोलो द्वितीय को कब्जे में लेने का अनुरोध किया है। शिपिंग कंपनी ने अनुरोध किया कि अदालत सशर्त जब्ती का आदेश जारी न करे क्योंकि वह जुर्माना राशि जमा कर देगी।

## टेक्सास में परीक्षण के दौरान स्पेसएक्स के रॉकेट में विस्फोट

**आस्टिन (अमेरिका)।** स्पेसएक्स के एक रॉकेट में बुधवार रात को टेक्सास में परीक्षण के दौरान विस्फोट हो गया, जिससे आसमान में आग का गोला उठता दिखाई दिया। हालांकि, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। कंपनी ने कहा कि टेक्सास के दक्षिणी सिरे पर स्थित स्पेसएक्स के प्रक्षेपण स्थल स्टारबेस में दसवें उड़ान परीक्षण की तैयारी के दौरान रात करीब 11 बजे रॉकेट स्टारशिप में एक बड़ी खराबी का पता चला।

स्पेसएक्स ने एक्स पर एक बयान में कहा, पूरे अभियान के दौरान प्रक्षेपण स्थल के चारों ओर सुरक्षित क्षेत्र बनाकर रखा गया था और सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं और उनकी देखभाल की जा रही है।'' एलन मस्क के स्वामित्व वाली स्पेसएक्स ने कहा कि आस-पास के समुदायों को इस घटना से कोई खतरा नहीं पहुंचा।

## ब्रिटेन में भारतीय डॉ. को लेखन का शीर्ष सम्मान इंडिया ग्लोबल फोरम में किया गया सम्मानित

- ब्रिटेन की संस्कृति मंत्री लिसा नंदी ने दिया सम्मान

**लंदन, एजेंसी**

ब्रिटेन की संस्कृति मंत्री लिसा नंदी ने चिकित्सक और लेखिका शालिनी मलिक को उनके उपन्यास 'द वे होम' के लिए बेस्टसेलर लेखकों लॉर्ड जेफरी आर्चर और अमीश त्रिपाठी के नाम पर शुरू किया गया 25,000 अमेरिकी डॉलर का पहला आईजीएफ आर्चर-अमीश अवार्ड फॉर स्टोरीटेलर्स प्रदान किया।

मलिक के उपन्यास में तीन युवाओं की कहानी है जो गोवा में शरण लेते हैं और अपने निजी दुखों से जूझ रहे हैं। इस उपन्यास को दुख, पहचान और उपचार की मार्मिक और प्रासंगिक खोज के लिए उत्कृष्ट कृति चुना गया। बुधवार को लंदन में इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) यूके-इंडिया वीक में सम्मान प्रदान करते हुए नंदी ने पुरस्कार के व्यापक सांस्कृतिक महत्व तथा भारत एवं ब्रिटेन के साझा संबंधों पर जोर दिया। संस्कृति, मीडिया और खेल मामलों की भारतीय मूल की ब्रिटिश मंत्री नंदी ने कहा, "लोगों के बीच संपर्क हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा, वैश्विक स्तर पर हम खुद को विभाजित करने के कई तरीके खोज रहे हैं।

दुनिया खंडित हो रही है और ध्रुवीकृत हो रही है और ऐसी सरकारों की सख्त जरूरत है जो इन बाधाओं को पार करने में अग्रणी भूमिका निभाएं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने यही करने का संकल्प लिया है।



लंदन में ब्रिटेन की संस्कृति सचिव लिसा नंदी इंडिया ग्लोबल फोरम में शालिनी मलिक को कहानीकारों के लिए आर्चर-अमीश पुरस्कार प्रदान करती हुईं।

## द. अफ्रीका रंगभेद युग में हुई हत्याओं की नए सिरे से कराएगा जांच

**जोहानिसबर्ग।** नोम्बुइसेलो म्हलाउली को जब उनके पति का शव दफनाने के लिए सौंपा गया, तो उनके सीने में 25 से अधिक और पीठ में सात घाव थे तथा गले पर भी गहरा जख्म था। उनका दाहिना हाथ भी नहीं था।

सिसेलो म्हलाउली उन चार अश्वेत लोगों में से एक थे, जिन्हें 40 साल पहले इसी महीने दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद दौर के सुरक्षा बलों ने अगवा कर लिया था, प्रताड़ित किया और मार डाला था। उनकी मौत के लिए किसी को भी जवाबदेह नहीं ठहराया गया। हालांकि, रंगभेद विरोधी कार्यकर्ताओं की हत्याओं की एक न्यायाधीश के नेतृत्व में नये सिरे से जांच इस महीने शुरू हुई है। ये कार्यकर्ता 'क्रैडॉक फोर' के नाम से जाने गए और वे न्याय से वंचित लोगों के लिए एकजुटता का नारा बन गए।

## पांचवीं पीढ़ी का स्टेल्थ लड़ाकू विमान बनाने की प्रक्रिया शुरू

- भारत अपनी हवाई शक्ति को बढ़ाने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत ने अपनी हवाई शक्ति को बढ़ाने के लिए पांचवीं पीढ़ी का 'स्टेल्थ' लड़ाकू विमान विकसित करने की महत्वाकांक्षी परियोजना को क्रियान्वित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। रक्षा मंत्रालय के अधीन कार्यरत इकाई एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) ने विमान के प्रोटोटाइप विकसित करने के लिए रुचि पत्र (ईओ) आमंत्रित किए हैं।

इस परियोजना के अंतर्गत सरकार उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) के पांच प्रोटोटाइप बनाने की योजना बना रही है। हल्के लड़ाकू विमान तेजस के साथ एएमसीए को भारतीय वायुसेना का मुख्य आधार बनाने की योजना है। एडीए ने कहा कि ईओआई का उद्देश्य तकनीकी रूप से एएमसीए प्रोटोटाइप बनाने में सक्षम भारतीय कंपनियों को सूचीबद्ध करना है। आवेदक एकल कंपनी, संयुक्त उद्यम या कंपनियों का संघ हो सकता है। रक्षा क्षेत्र में अनुभव रखने वाली तथा एएमसीए के डिजाइन की क्षमता रखने वाली प्रतिष्ठित भारतीय कंपनियों को इस परियोजना के लिए चुना जाएगा। इसमें कहा गया कि चयनित इकाई के पास विमान के श्रृंखलाबद्ध उत्पादन के लिए विनिर्माण सुविधा स्थापित करने की क्षमता होनी चाहिए।



## यूक्रेन पर रूसी हमलों के बाद और शव मिले मृतकों की संख्या 28 हुई

**कीव।** रूस के मिसाइल हमले में तहस-नहस हुई कीव की नौ मंजिला इमारत के मलबे से बुधवार को आपात कर्मियों ने और शव निकाले, जिसके बाद यूक्रेन की राजधानी में हालिया हमलों में मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 28 हो गई। कीव के सोलोमिंस्की जिले में स्थित यह इमारत हाल में हुए हमले में ध्वस्त हो गई थी।

अधिकारियों ने बताया कि 23 शव इमारत के अंदर से निकाले गए हैं जबकि बाकी पांच लोगों की मौत शहर में दूसरे स्थान पर हुए हमलों में हुई। ये हमले सोमवार से मंगलवार के बीच हुए थे। रूस ने 440 से अधिक ड्रोन और 32 मिसाइलें दागीं थीं। इस बीच, अमेरिका के नेतृत्व में शांति प्रयासों में कोई प्रगति नहीं हुई है।

**दौरा** — प्रधानमंत्री मोदी और क्रोएशियाई प्रधानमंत्री प्लेंकोविक ने सहयोग बढ़ाने का लिया संकल्प

# भारत और क्रोएशिया रक्षा सहयोग के लिए हुए राजी

**जगरेब, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविक के साथ वार्ता की जिसके बाद दोनों देशों ने रक्षा सहयोग योजना तैयार करने पर सहमति जतायी और व्यापार, नवीकरणीय ऊर्जा तथा सेमीकंडक्टर समेत कई अहम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया।

मोदी ने मीडिया में दिए अपने बयान में कहा कि उन्होंने और प्लेंकोविक ने इस पर सहमति जतायी कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है और यह लोकतंत्र में विश्वास रखने वाली ताकतों के लिए दुश्मन के समान है। मोदी अपनी तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में कनाडा से बुधवार सुबह जगरेब पहुंचे। वार्ता में दोनों प्रधानमंत्रियों ने भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) समेत क्षेत्रीय संपर्क मजबूत करने की महत्ता पर भी सहमति जतायी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि क्रोएशिया मध्य और दक्षिण-पूर्वी यूरोप में भारत के प्रवेश द्वार के रूप में काम कर सकता है। दोनों पक्षों ने लोगों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए शीघ्र ही गतिशीलता समझौते को अंतिम रूप देने का भी निर्णय लिया।

मोदी ने कहा, हम 22 अप्रैल को भारत में आतंकवादी हमले पर संवेदनाएं व्यक्त करने के लिए क्रोएशिया के प्रधानमंत्री तथा सरकार के आभारी हैं। ऐसे कठिन समय में, हमारे मित्र देशों का समर्थन बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, हम दोनों ने सहमति जतायी कि आज के वैश्विक परिदृश्य में भारत और यूरोप के बीच साझेदारी का बहुत महत्व है। यूरोपीय संघ के साथ हमारी रणनीतिक साझेदारी मजबूत बनाने में क्रोएशिया का समर्थन एवं सहयोग बहुत महत्वपूर्ण है।



प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करते क्रोएशिया के समकक्ष।

### युद्ध के मैदानों से नहीं पाया जा सकता समाधान

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह और प्लेंकोविक दोनों इस बात का समर्थन करते हैं कि चाहे यूरोप हो या एशिया, समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदानों से नहीं पाया जा सकता है। उन्होंने विस्तारपूर्वक जानकारी दिए बगैर कहा, बातचीत और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है। किसी भी देश के लिए क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान आवश्यक है। उनकी यह टिप्पणी पश्चिम एशिया में इजराइल और ईरान के बीच सैन्य टकराव बढ़ने के कारण पैदा हुयी स्थिति के बीच आई है। मोदी ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में सहयोग के लिए एक रक्षा सहयोग योजना तैयार की जाएगी, जिस पर रक्षा उद्योग के साथ ही प्रशिक्षण और सैन्य आदान-प्रदान किया जाएगा।